राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 249
लखनऊ, मंगलवार 12 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





चाचूपुर जटपुरा हिंसा : ठेका प्रबंधक व उपनिरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा 10

विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में दिखती राजनीति : पंकज 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,280/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,250/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### मनाली घूमने गए गुजरात के लोगों की कार खाई में गिरी, छह की मौत, चार घायल

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर से हिमाचल प्रदेश घूमने गए सिंधी समाज के एक परिवार की कार मनाली के पास खाई में गिर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गए। हादसे की खबर मिलने के बाद यहां परिवार के बाकी सदस्यों और समाज में शोक की लहर फैल गई। रिश्तेदारों ने बताया कि ललितभाई फतनानी अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश घूमने गए थे। सोमवार तड़के करीब 3 :30 से 4 बजे के बीच परिवार कार से मनाली से बेला जा रहा था। रास्ते में कांगड़ा जिले के छाबा क्षेत्र में नेशनल हाइवे-28 पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन में बच्चों और ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे। राहत और बचाव टीम ने 4 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों में ललितभाई फतनानी, सोनियाबेन फतनानी, प्रियंकभाई भोपाणी, काजलबेन भोपाणी, दिव्यांशु भोपाणी ड्राइवर यशवंत कुमार हैं। घायलों में मयंकभाई फतनानी, फोरमबेन फतनानी, जियांश फतनानी और प्रियांशी भोपाणी शामिल हैं।

### पांच लाख की इनामी नक्सली लक्ष्मी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में पांच लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोडियम लक्ष्मी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। लक्ष्मी ने औपचारिक रूप से अपने हथियार डाल दिए और मुख्यधारा में पुनर्वास का विकल्प चुना। यह आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में हुआ, जहां लक्ष्मी लंबे समय से माओवादी आंदोलन की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की सदस्य के रूप में सक्रिय थी। पोडियम लक्ष्मी, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र की निवासी है। वह छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर सक्रिय प्रमुख नक्सली कैडरों में से एक थी। पुलिस के अनुसार, वह इस त्रि-जंक्शन क्षेत्र में माओवादी समूह के लिए गुरिल्ला गतिविधियों और रसद सहायता में गहराई से शामिल थी। इस क्षेत्र को संवेदनशील वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। लक्ष्मी ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले में पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया, जहां उसने औपचारिक प्रक्रिया के तहत अपने हथियार और गोला-बारूद सौंप दिए। इस कदम को नक्सली नेटवर्क के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उनके सक्रिय मध्यम स्तर के कैडरों में से एक ने स्वेच्छा से सशस्त्र संघर्ष छोड़ दिया है।

### चारधाम यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील

**देहरादून।** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 12 और 13 मई को उत्तराखंड के कई पर्वतीय जिलों में तेज बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली और 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने की चेतावनी जारी की है। इसके बाद प्रशासन ने चारधाम यात्रियों और पर्यटकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। 4500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। अन्य पर्वतीय जिलों में भी कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गर्जन की संभावना बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने चेतावनी दी है कि 12 मई और 13 मई को मौसम में बदलाव होने से भूस्खलन, चट्टान गिरने, सड़क अवरोध और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति की आशंका है। इसलिए चारधाम यात्रा मार्गों पर भी विशेष सतर्कता बरती जाए। तीर्थयात्री और स्थानीय लोग इस दौरान सुरक्षित स्थान पर रहें। पेड़ों के नीचे शरण न लें। संवेदनशील ढलानों और नदी-नालों के आसपास सावधानी बरतें।

# सोमनाथ मंदिर भारत की अटूट आस्था का प्रतीक : मोदी

▶ पीएम ने किया विभाजनकारी सोच के प्रति सतर्क रहने का आह्वान

**एजेंसी, सोमनाथ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव के मौके पर कहा कि यह अटूट आस्था, दिव्यता और भारत की सनातन आत्मा का पवित्र प्रतीक है जो आने वाले एक हजार वर्षों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

श्री मोदी ने कहा कि 75 वर्ष पहले इसी दिन सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना कोई साधारण अवसर नहीं था बल्कि इसने सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना की उद्घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय इतिहास की एक और महत्वपूर्ण घटना 11 मई 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारतीय वैज्ञानिकों की क्षमता का प्रदर्शन और अटूट राजनीतिक संकल्प का प्रमाण था। उन्होंने विकास तथा विरासत दोनों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता पर बल दिया और विभाजनकारी सोच के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। श्री मोदी ने इस आयोजन को केवल एक औपचारिक समारोह नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना और सभ्यतागत धैर्य की घोषणा बताया। वर्ष 1951 में सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कोई सामान्य अवसर नहीं था। यदि 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ, तो 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना की घोषणा की। स्वतंत्रता के केवल चार वर्ष बाद मंदिर के पुनर्निर्माण के महत्व पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जब राष्ट्र विदेशी बंधनों से मुक्त हुआ, उसी समय सोमनाथ के पुनर्निर्माण ने दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र नहीं हुआ है, बल्कि वह अपने प्राचीन वैभव को पुनः प्राप्त कर रहा है। इस अवसर के बहुआयामी महत्व को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह केवल 75 वर्षों का इतिहास नहीं देख रहे हैं। मैं यहां विनाश में सृजन के उस संकल्प को देख रहा हूं, जिसे सोमनाथ ने पूर्ण किया है। उन्होंने इस पवित्र भूमि में असत्य पर सत्य की सनातन विजय का अनुभव होने की बात कही।



### विदेशी वस्तुओं का उपयोग कम करें, ईंधन बचाएं, पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री की फिर अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संकट और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचाने और आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर बोझ घटाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। वडोदरा में सरदार धाम से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, हमें हर छोटे-बड़े प्रयास से ऐसे उत्पादों का उपयोग कम करना है, जो विदेश से आते हैं और ऐसे व्यक्तिगत कामों से भी बचना है, जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती हो।

### वैज्ञानिकों की मेहनत से बना भारत का स्वाभिमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दिन हम अपने वैज्ञानिकों की मेहनत और समर्पण को याद करते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनाएँ। हम गर्व के साथ अपने वैज्ञानिकों की कठोर मेहनत और समर्पण को स्मरण करते हैं, जिनके कारण वर्ष 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण संभव हो सके। वह ऐतिहासिक क्षण भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

# शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक की हत्या मामले में यूपी से तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में पुलिस ने बिहार और उत्तर प्रदेश से तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपितों को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला स्थित बारासात एसीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने इन्हें 13 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीआईडी आरोपितों से पूछताछ कर हत्या की साजिश, फंडिंग, हथियार सप्लाई और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में जानकारी जुटाएगी।आरोपितों में एक को बिहार के बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि दो को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पश्चिम बंगाल पुलिस, बिहार पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी हुई हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने टोल प्लाजा पर



▶ आरोपितों को 13 दिनों की सीआईडी हिरासत

ऑनलाइन पेमेंट किया था। इसी डिजिटल लेनदेन के आधार पर पुलिस को आरोपितों तक पहुंचने में सफलता मिली। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित पेशेवर शार्प शूटर हैं, जिन्हें हथियार चलाने का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है। पुलिस का मानना है कि हत्या को अंजाम देने से पहले बाकायदा रेकी की गई थी और पूरी वारदात बेहद योजनाबद्ध तरीके से की गई। आरोपितों से बरामद कुछ सामान और दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर हाई प्रोफाइल किलिंग में किया जाता रहा है।

# सनातन संस्कृति को पराजित नहीं किया जा सकता : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म के इतिहास व वर्तमान को गौरवशाली बताते हुए कहा कि मोहम्मद गोरी समेत कई विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान नष्ट करने का प्रयास किया।

औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा भी खड़ा किया, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाए। वे नहीं समझ पाए कि सनातन केवल मंदिर की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में भी बसता है। भारत की अजरता-अमरता का शाश्वत शंखनाद आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत में झलकता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। आज उन आक्रांताओं का कोई नाम तक लेने वाला नहीं है। सनातन संस्कृति को पराजित नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। यहां अतिथियों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण देखा। सीएम ने कहा कि आक्रांताओं को भ्रम था कि मूर्ति खंडित कर, इसके वैभव को लूटकर भारत की आत्मा को मिटा सकते हैं, लेकिन वे खुद मिट्टी में मिल गए। काशी विश्वनाथ धाम व सोमनाथ महादेव मंदिर गौरव का प्रतीक बनकर भारत के स्वाभिमान की गाथा सुना रहे हैं।



▶ सनातन को मिटाने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिल चुके

### काशी-सोमनाथ सभ्यागत चेतना के अमर ज्योति स्तंभ

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम सभी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना साकार होते देख रहे हैं। इसका साकार रूप सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सौंदर्यीकरण व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से दिख रहा है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण समेत सनातन परंपरा से जुड़े अनेक पवित्र तीर्थस्थल अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा तय कर रहे हैं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी प्रेरक शक्ति बताते हुए यूपीवासियों की तरफ से उनका आभार प्रकट किया। आज का कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा, राष्ट्रीय आत्मगौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की जड़ों से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर ज्योति स्तंभ हैं। उत्तर में मां गंगा के पवित्र तट पर बाबा विश्वनाथ धाम व पश्चिम में सागर तट पर प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव हैं। गंगा तट पर काशी ने जहां सनातन की आध्यात्मिक धारा को अक्षुण्ण रखा है तो सोमनाथ ने हमारे स्वाभिमान व पुनर्जागरण की लौ को प्रज्ज्वलित रखा है। सोमनाथ व काशी, दोनों ही इतिहास से हमें संदेश देते हैं कि सनातन संस्कृति पर आक्रमण हो सकते हैं, पर उसे पराजित नहीं किया जा सकता है।

# असम में सीएम डॉ. हिमंत बिस्व सरमा का शपथ ग्रहण समारोह आज

**एजेंसी, गुवाहाटी।**

असम के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। यह भव्य आयोजन 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, 22 राज्यों के मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता तथा बड़े उद्योगपति शामिल होने की संभावना है।

इस अवसर पर असम में भाजपा और राजग के बूथ अध्यक्षों के साथ-साथ पंचायत स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिससे कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप मिला है। आमंत्रित प्रमुख अतिथियों में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा एवं उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन टाइनसोंग, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो एवं उपमुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आगमन को देखते हुए खानापाड़ा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है तथा कई मार्गों में यातायात परिवर्तन लागू किया गया है। वीआईपी आगमन के मद्देनजर कामाख्या से खानापाड़ा और बोरझाड़ हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक सड़कों की सफाई, मरम्मत और रंगाई-पुताई का कार्य पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि असम के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद डॉ. हिमंत बिस्व सरमा को विधायक दल का नेता घोषित किया था। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश किया।



▶ प्रधानमंत्री सहित कई दिग्गज होंगे शामिल

# एक जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम

▶ मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले लोगों को अब साल में 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। इस बीच के समय में मनरेगा के सारे प्रावधान लागू रहेंगे और अधूरे काम एक जुलाई के पहले तक मनरेगा के अंतर्गत ही पूरे किए जाएंगे।



### दिल्ली में नितिन गडकरी ने शुरू की बैरियर-लेस टोलिंग प्रणाली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को दिल्ली के यूईआर-II पर स्थित मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) बैरियर-लेस टोलिंग प्रणाली का उद्घाटन किया। यह देश में इस प्रकार की दूसरी प्रणाली है। इससे पहले 2 मई को गुजरात के एनएच-48 के सूरत-भरूच खंड पर स्थित चोरायासी टोल प्लाजा पर इसे लागू किया गया था। गडकरी ने कहा कि पहले टोल प्लाजा पर लंबी कतारें लगती थीं, जिससे यात्रियों को एक-एक घंटे तक रुकना पड़ता था। इससे न केवल समय की बर्बादी होती थी बल्कि वाहनों को बार-बार गियर बदलने और इंजन चालू रखने से ईंधन की खपत भी बढ़ती थी। नई प्रणाली से इन समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और जनता को राहत मिलेगी।

# बंगलादेश सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन हस्तांतरित करेगी पश्चिम बंगाल सरकार

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की नवगठित सरकार ने सोमवार को प्रशासनिक, सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े कई बड़े फैसलों की घोषणा करते हुए भारत-बंगलादेश सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया।

राज्य सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना सहित केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने को भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय नवन्ना में मंत्रिमंडल बैठक के बाद कहा कि आज हमारी पहली कैबिनेट बैठक में हमने सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। अगले 45 दिनों के भीतर यह भूमि गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गयी है कि पूरी प्रक्रिया समय पर पूरी हो। इसके बाद बीएसएफ सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य पूरा करेगी और अवैध घुसपैठ की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाएगा। राज्य की बंगलादेश के साथ साझा 2216.7 किलोमीटर लंबी सीमा का बड़ा हिस्सा अब भी बाड़रहित है और भारत-बंगलादेश सीमा पर सीमा अवसंरचना निर्माण के लिए बीएसएफ को भूमि उपलब्ध कराना हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख मुद्दों में शामिल था। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि वह जानबूझकर बीएसएफ को भूमि उपलब्ध नहीं करा रही थी।



### पंजाब में भाजपा के कई कार्यालयों में तोड़फोड़ व हमला

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पंजाब की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को पंजाब के कई जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति पैदा होने के बाद सोमवार को सीमावर्ती जिला तरनतारन तथा राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली जिले में भाजपा कार्यालयों में तोड़फ़ोड़ की गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने स्थिति को संभाला। सीमावर्ती जिला तरनतारन में आज भाजपा कायार्लय पर हमला हुआ है। 15 से 20 लोग अचानक ऑफिस में लाठी-डंडे लेकर दाखिल हुए और तोड़फ़ोड़ की। कुर्सियां और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया व नारेबाजी भी की। इस दौरान कुछ पत्थर फेंकते दिखे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# यूपी में गरज चमक के साथ कई जिलों में वज्रपात की संभावना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 11 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। वहीं 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार 13 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में गरज-चमक और बौछारों की संभावना बनी रहेगी, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम सामान्यतः शुष्क रहेगा। 14 और 15 मई को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। विभाग ने 11 मई के लिए सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी और इटावा समेत आसपास के क्षेत्रों में मेघगर्जन और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा 12 मई को श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, झांसी, जालौन और ललितपुर सहित अनेक जिलों में तेज हवाओं और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों के अंदर रहने, पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा बिजली के उपकरणों को अनप्लग रखने की सलाह दी है। विभाग ने किसानों को भी सतर्क रहने को कहा है।



**बयान** — मोदी की अपील के बाद सरकार की सफाई

# देश में सभी तरह के ईंधन और ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गयी है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठायें और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढायें जिससे कि देश पर निरंतर बढ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाये हैं और घरेलु उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया हुआ है। सुश्री शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से एलपीजी और पीएनजी को बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि कंपनी महंगी ऊर्जा खरीद कर देश में सस्ती बेच रही है जिससे उनपर आर्थिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अभी पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं।



### पीएम मोदी की अपील के बाद ज्वेलरी शेयरों में बड़ा क्रेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद सोमवार को ज्वेलरी शेयरों में भारी गिरावट देखी गई और शेयर 12 प्रतिशत तक फिसल गए। दूसरी तरफ़ भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट जारी है। दोपहर एक बजे सेंसेक्स 860 अंक या 1.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,468 और निफ्टी 227 अंक या 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,948 पर था। बाजार में चौतरफ़ा गिरावट है और करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे।

### जनपद के सभी शिव मंदिरों पर भजन कीर्तन व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा

**दु:खहरण नाथ मंदिर में डीएम व सीडीओ ने की पूजा-अर्चना**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



÷सोमनाथ स्वाभिमान पर्व÷ के अंतर्गत जनपद में सोमवार को सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, जलाभिषेक, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव का पूजन कर जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के क्रम में हनुमानगढ़ी मंदिर मालवीय नगर से बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा शिव भजनों एवं जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर, गोण्डा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री दयानन्द प्रसाद ने पहुंचकर कलश यात्रा में सहभागिता की तथा भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। उपस्थित अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को सुना एवं कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों, जिनमें बाबा दुःखहरण नाथ महादेव मंदिर गोण्डा, बाबा पृथ्वी नाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, बाबा बरखण्डी नाथ महादेव मंदिर करनैलगंज, बाबा बालेश्वर नाथ महादेव मंदिर वजीरगंज तथा महादेव शिव मंदिर मनकापुर सहित अन्य शिवालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, महाआरती, जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरे जनपद में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा जितेंद्र गौतम, नायब तहसीलदार सदर चन्दन जायसवाल, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्र, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी वन्दना पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चेकिंग के दौरान मॉडिफाई साइलेंसर से अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहनों का हुआ चालान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



**32 बुलेट मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई, तीन को किया सीज**

जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एआरटीओ (प्रशासन) श्री आर.सी. भारतीय द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

चेकिंग अभियान के अंतर्गत कुल 32 बुलेट वाहनों पर कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त यातायात एवं परिवहन विभाग के नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 3 बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान मॉडिफाई साइलेंसर से अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहनों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया, जिससे आमजन को होने वाली असुविधा एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

एआरटीओ (प्रशासन) श्री आर.सी. भारतीय ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले तथा वाहन मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉडिफाई साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि यह सड़क सुरक्षा मानकों के भी विपरीत हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि सभी लोग अपने वाहनों में मानक अनुरूप उपकरणों का ही प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और नियमों का पालन कर ही सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक की मौत, एक घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के कुड़ासन ग्राम के पास बीती रात्रि करीब दस बजे एक बाइक पर सवार दो युवक बस्ती से धाने पुर जा रहे थे।पीछे से एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिस से दोनो घायल हो गए ।इलाज के लिए मनका पुर सी एस सी पर लेकर गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। धाने पुर थाना क्षेत्र के 30 वर्षीय रमेश सोनकर पुत्र राम भगन सोनकर 25वर्षीय मनोज पुत्र राम करन दोनों लोग एक बाइक पर सवार होकर बस्ती जनपद के एक रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। वहां से दोनो युवक खाना खाने के बाद रविवार की देर रात्रि को बाइक से ही घर आ रहे थे। मनका पुर कोतवाली के कूड़ासन ग्राम के आसपास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिस से दोनो युवक सड़क पर ही गिर गए।कुछ देर तक वही सड़क पर ही बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे। पुलिस ने दोनों युवक को उठा कर मनका पुर सी एस सी पर ले गए। चिकित्सक ने रमेश सोनकर को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मनोज कुमार की इलाज चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनका पुर रेलवे लाइन के बीच स्थित मलियन पुरवा ग्राम के पास एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई ।जिस की पहचान नहीं हो सकी है।शनिवार के दिन एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटने की सूचना स्टेशन मास्टर ने जी आर पी एफ पुलिस को दिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।दो दिनों के बाद भी उस के शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### मंदिर से हजारों की चोरी, पुजारी ने पुलिस को दी तहरीर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत श्रावस्ती चीनी मिल के सामने स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मंदिर के पुजारी राकेश कुमार पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह जब वह मंदिर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर गैस सिलेंडर, साड़ी, चुनरी सहित अन्य सामान गायब मिला। पुजारी ने बताया कि चोर मंदिर से हजारों रुपये का सामान उठा ले गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कालेज विशुनपुर राहू में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के विभिन्न युवा मंडलों के युवक युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री मानस इंटर कॉलेज रमेश चंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र द्वारा उपस्थित युवक–युवतियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवक–युवतियों द्वारा भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन लेखाधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनम वर्मा, आशीष पांडेय, देवकीनंदन मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# तेज हवाओं ने बढ़ाई तबाही, आग लगने से दो फूस के मकान जलकर राख

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा स्थित लौकाही बसथनवा गांव में सोमवार को अचानक लगी आग ने दो परिवारों की पूरी गृहस्थी को राख कर दिया। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मुस्लिम पुत्र सुल्तान तथा हमीद उल्ला पुत्र सुल्तान के फूस के मकानों में सोमवार दोपहर करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय तेज हवा चल रही थी, जिसके चलते आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जा सका। आग इतनी तेजी से फैली कि घरों में रखा सामान निकालने का मौका भी नहीं मिल सका और दोनों परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दोनों मकान पूरी तरह जल चुके थे। आगजनी की घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। इस संबंध में तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। हल्का लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# एसएलबीएस डिग्री कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**21वीं सदी में प्रौद्योगिकी नवाचार ने बदल दी दुनिया की तस्वीर : प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान संकाय में आई क्यू ए सी, उन्नत भारत अभियान व मेरा युवा भारत एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विभागाध्यक्ष,जंतु विज्ञान विभाग प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा ने कहीं उन्होंने यह भी कहा प्रद्योगिकी हर एक क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने में प्रौद्योगिकी मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष / समन्वयक उन्नत भारत अभियान / जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब डॉ. रेखा शर्मा ने जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों की विस्तृत चर्चा करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के नवाचार को मानवता की सेवा के लिए किया गया सबसे बड़ा प्रयास बताया वही मेरा युवा भारत के समन्वयक विनय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मेरा युवा भारत के सहयोगी कुंवर रामायण सिंह ने देश के विकास में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन कृषि संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर स्मिता सिंह ने किया। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं ने जैव प्रौद्योगिकी पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनूपा यादव एवं सौम्या ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय पुरस्कार एहसास पांडे महिमा सिंह ने प्राप्त किया जबकि तृतीय स्थान आंचल तिवारी को प्राप्त हुआ जबकि सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने में आदित्य मिश्रा, निशा जयसवाल एवं मनोज कुमार सफल रहे। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही नगद धनराशि भी प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण अभ्युदय सेवा समिति के सचिव अयोध्या प्रसाद मिश्रा एवं सारिका तिवारी विशिष्ट अतिथि रही जबकि वक्ता डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह, आनंद चतुर्वेदी, विंध्य साहू, मानसी पांडे ने भी उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# आमने-सामने की टक्कर के बाद कार में लगी आग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



**फंसे यात्रियों को स्थानीय लोगों ने बचाया, 6 लोग घायल**

सोमवार दोपहर लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार में अचानक आग लग गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। दुर्घटना फखरपुर थाना क्षेत्र के रुकनापुर स्थित एक मदरसे के सामने हुई। यहां एक अर्टिगा और स्विफ्ट कार के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्विफ्ट कार में आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े।हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों कारों में फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। हाफिज शफीउद्दीन, हाफिज इस्लामुद्दीन और हाफिज शहीदुद्दीन समेत अन्य ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर बचाव कार्य किया। अर्टिगा कार में सवार घायल यात्रियों की पहचान जितेंद्र लाल पुत्र रघुराई प्रसाद, मिथिलेश पुत्र रामदेव, अमोल्या कुशवाहा पुत्री अशोक कुशवाहा, मीणा कुशवाहा पत्नी अशोक कुशवाहा और अगम्य सिंह पुत्री उमेश सिंह निवासी बहराइच के रूप में हुई है। वहीं आग की चपेट में आई स्विफ्ट कार में सवार दो लोगों में एक घायल की पहचान रुद्र प्रताप पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी बाराबंकी के रूप में हुई है। मदरसे के एक शिक्षक ने बताया कि हादसे के समय वह बच्चों को पढ़ा रहे थे। अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो दोनों कारें टकराई हुई थीं और एक वाहन में आग लगी थी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया।

### पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा

सूचना मिलने पर कुंडासर चौकी प्रभारी पी.एन. पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। हादसे में जितेंद्र, मिथिलेश, मीणा और अगम्य समेत कुल छह लोग घायल बताए गए हैं।

### बस स्टैंड पर खड़ी बस में लगी आग



जिले के रामगांव इलाके में एक निजी बस स्टैंड के पास खड़ी बस में अचानक आग लग गई। दोपहर करीब तीन बजे हुई इस घटना से मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यह बस नगर कोतवाली इलाके के रहने वाले लईक की है, जो यात्री बस का संचालन करते हैं। उनके चालक शरिक आज सुबह नवाबगंज से यात्रियों को लेकर नानपारा बस स्टैंड पहुंचे थे। यात्रियों को उतारने के बाद चालक ने बस को स्टैंड के पास खड़ा कर दिया था। दोपहर लगभग तीन बजे खड़ी बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्टैंड पर मौजूद लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# नेकी की दीवार के बैनर तले रक्तदान महादान कार्यक्रम आयोजित

**किसी की जिंदगी बचा सकता है रक्तदान**

**कैसरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नेकी की दीवार के बैनर तले रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवी मन्नान अहमद ने सबसे पहले रक्तदान कर समाज को यह संदेश दिया कि हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक अज़ीमुद्दीन अज्जी हमेशा समाज सेवा के कार्यों में खुद को समर्पित रखते हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हर समय तैयार रहते हैं। इस पुण्य कार्य में सिराज अहमद, सफीक भाई, नूरान चिश्ती और लारेब सलमान ने भी रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। नेकी की दीवार सभी रक्तदाताओं का दिल से शुक्रिया अदा करती है और समाज के लोगों से अपील करती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान जैसे नेक कार्य में भाग लें।

# विधायक ने किया कल्याणपुरवा तहसील मार्ग का भूमिपूजन



**46.12 करोड़ की लागत से सड़क का होगा चौड़ीकरण**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

महसी विधानसभा क्षेत्र में कल्याणपुरवा से ऐरिया-किसानगंज-भगवानपुर महसी तहसील मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। रविवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने पिपरा में 21.400 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इस परियोजना पर कुल 4612.78 लाख रुपये (लगभग 46.12 करोड़ रुपये) की लागत आएगी।

यह मार्ग चैनेज 0.00 से 21.400 किलोमीटर तक के हिस्से का कायाकल्प करेगा।भूमिपूजन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से जनता को खराब सड़क से निजात मिलेगी, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित हो जाएगा।इस मुख्य मार्ग, विशेषकर भगवानपुर से किसानगंज तक तटबंध मार्ग के कायाकल्प से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह है। कल्याणपुरवा, एरिया, किसानगंज, कोढवा, करेहना, पिपरा, कायमपुर, भगवानपुर, हरदी, बैरमपुर, सेगधीर, नौरंगपुरवा, फत्तेपुरवा और त्रिवेदीपुरवा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की लगभग एक लाख से अधिक आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस 21.400 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 4612.78 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र का समग्र विकास होगा। विधायक ने प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर विकास और सुशासन कायम होने की बात भी कही। ग्रामीणों का मानना है कि तटबंध मार्ग के सुदृढ़ होने से बाढ़ के दिनों में भी राहत मिलेगी और महसी तहसील मुख्यालय तक पहुंचना आसान हो जाएगा। सड़क बनने से व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच में तेजी आएगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल, जिला मंत्री शशिकांत त्रिपाठी, दिनेश्वर सिंह धीनू, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष महसी संजय त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, विद्याधर बाजपेई, मुख्तियार चौहान, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतराम पाण्डेय, लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता अनुपम कुमार, अभियंता विशद सिंह, पंकज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अनुराग कुमार सहित सभी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रंजीतपुर पावर हाउस में भीषण आग, कंट्रोल पैनल व केबल जले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर पाया काबू**



रंजीतपुर पावर हाउस उपकेंद्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब फीडर में अचानक भीषण आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा उपकेंद्र धुएं और लपटों से घिर गया। आसमान में उठते काले धुएं के गुबार ने आसपास के क्षेत्र में दहशत फैला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि ट्रांसफार्मर, कंट्रोल पैनल, केबल और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण तेजी से चपेट में आने लगे। इसी दौरान धमाकों जैसी आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। सूचना के बावजूद दमकल की गाड़ियां मौके पर समय से नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खुद ही मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। इस दौरान पंकज कुमार प्रजापति और उनकी टीम ने असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। धुएं, गर्मी और संभावित विस्फोट के खतरे के बीच कर्मचारियों ने बिना पीछे हटे कई घंटों तक मशक्कत की और अंततः आग पर काबू पा लिया। यदि कुछ और देर हो जाती तो पूरा पावर हाउस जलकर राख हो सकता था, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित हो जाती। घटना के बाद हजारों उपभोक्ताओं के सामने बिजली संकट खड़ा हो गया है। भीषण गर्मी में बिजली बाधित होने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द आपूर्ति बहाल करने और उपकेंद्र की सुरक्षा मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। बिजली विभाग के इन कर्मचारियों की बहादुरी की हर ओर सराहना हो रही है, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर एक बड़े हादसे को टाल दिया।

# कैसरगंज तहसील में अधिवक्ताओं का भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन

**न्यायिक अव्यवस्था के विरोध में कोर्ट का बहिष्कार**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को कैसरगंज तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार और न्यायिक अव्यवस्था के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कोर्ट का बहिष्कार भी किया। तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। तहसील परिसर अधिवक्ता संघ जिंदाबाद, अधिकारियों की गुंडागर्दी नहीं चलेगी, भ्रष्टाचार बंद करो और वादकारियों को न्याय दो जैसे नारों से गूंज उठा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में फाइलों की बंदरबांट की जा रही है।

नामांतरण वादों में अनावश्यक देरी, सीमांकन आख्याओं को लंबित रखना और शासनादेशों की अनदेखी आम बात हो गई है। इसके अलावा, असंक्रमणीय भूमिधरों को समय पूरा होने के बाद भी संक्रमणीय भूमिधर घोषित नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों और भूमिधरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक भ्रष्टाचार और अव्यवस्था समाप्त नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने प्रतिदिन विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह विसेन ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले 8 मई को मंडल कमिश्नर और डीएम बहराइच को तहसीलदार, नायब तहसीलदार और एसडीएम की कार्यप्रणाली के खिलाफ एक ज्ञापन रजिस्ट्री किया था।

उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही और समय पर काम न होने के कारण अधिवक्ताओं की हड़ताल और कोर्ट बहिष्कार जारी रहेगा।

# महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव कार्यक्रम का समापन

**जन जन को जोड़कर राष्ट्र को मजबूत एवं अखंड बनाने के लिए लिया संकल्प**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव कार्यक्रम में महाराजा सुहेलदेव स्मारक (चित्तौरा झील) के तट पर स्थित सभागार में उनके विचारों से जन जन को जोड़कर राष्ट्र को मजबूत एवं अखंड बनाने के संकल्प के साथ समाप्त हो गया। महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सुहेलदेव विजय महोत्सव को संबोधित करते हुए संघ विचारक मिहिर ध्वज सिंह (संत मुरारी दास ) ने कहा कि , महाराजा सुहेलदेव देश के यशस्वी एवं पराक्रमी सम्राट थे जिन्होंने मध्यकाल में विदेशी आतताई एवं आक्रांताओं को चित्तौरा की धरती पर लाखों की सेना सहित को मार कर पूरे देश में सनातन समाज की विजई पटाका फैलाई थी उनके विजई यशोगान को जन जन तक पहुंचाने का दायित्व हम सब का है उन्होंने कहा कि सनातन समाज की एकता व अखंडता से ही भारत देश मजबूत एवं अखंड बना रह सकेगा। सदस्य अनुसूचित जाति आयोग (उत्तरप्रदेश) नीरज कुमारी गौतम ने कहा कि समाज को सही दिशा दिखाने का काम महिलाएं सनातन काल से करती चली आ रही हैं अब समय आ गया है कि हम जात-पात, ऊंच-नीच आदि कुरीतियों को दूर करने के लिए जन जागरण अभियान चलाकर बालिका व महिलाओं को शिक्षित व प्रशिक्षित करें ताकि वह समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर सकें।महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष अवध संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन के चलते समाज में तमाम समस्याएं बढ़ती जा रही हैं जिसपर पूर्ण विराम लगाए जाने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी साहित्यकार शैलेन्द्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरौर स्थित हनुमंत धाम आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुदेवाचार्य ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुहेलदेव सेवा समिति सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक हरीशचंद्र गुप्ता, अध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल, संघ चिंतक ओम प्रकाश सक्सेना, महिला नेत्री निशा शर्मा, समाजसेवी साहित्यकार रमेश चंद्र तिवारी, संघ चिंतक कृष्ण कुमार, अजय कुमार, संविधान विशेषज्ञ श्रवण द्विवेदी एडवोकेट, आशीष शर्मा, रामचन्द्र सिंह, संजय सिंह, डॉ पंकज श्रीवास्तव, महंत बेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।समापन अवसर पर महाराजा सुहेलदेव के यशस्वी विजय गाथा को व राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# देश का डीप टेक कैपिटल बनेगा यूपी : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि तकनीक समय की तरह है और जो इसके साथ नहीं चला वह पिछड़ जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रदेशवासियों को एक खुला पत्र साझा करते हुए कहा कि तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, मेरे युवा साथियों, तकनीक समय की तरह है। तकनीक के साथ नहीं चलना, समय से पिछड़ जाना है।

**▸ सीएम योगी ने गिनाई उपलब्धियां, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जनता के लिए लिखा पत्र**

तकनीक के साथ चलने का अर्थ सुदृढ़ वर्तमान एवं स्वर्णिम भविष्य की दिशा में अग्रसर होना है। नवीनतम तकनीक सीखें, नवाचार अपनाएं एवं आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। योगी की पाती शीर्षक से लिखी गई चिट्ठी में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है लेकिन यह तिथि यूं ही नहीं चुनी गई।

आदित्यनाथ ने लिखा, वर्ष 1998 में इसी दिन पोखरण में ऑपरेशन शक्ति के अंतर्गत भारत ने तीन सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, तकनीकी आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सामर्थ्य का बोध कराया। इसी दिन स्वदेशी विमान हंस-3 ने सफल उड़ान भरी, तो स्वदेशी त्रिशूल मिसाइल का परीक्षण भी हुआ। तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है। उत्तर प्रदेश सरकार इसी मंत्र पर आगे बढ़ रही है।

सीएम ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नवीनतम तकनीक सीखें, नवाचार अपनाएं एवं आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और यही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**आज तकनीक प्रयोगशाला से निकलकर खेत-खलिहान तक पहुंची**

सीएम योगी ने पत्र में कहा कि आज तकनीक प्रयोगशाला से निकलकर खेत-खलिहान तक पहुंच गई है और इससे जनजीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा इसी तकनीक का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने पत्र में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का भी जिक्र करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश के सपूत शुभांशु शुक्ला ने गत वर्ष सफल अंतरिक्ष उड़ान से 140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा किया, तो यह तकनीक का ही चमत्कार है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अपनी सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रौद्योगिकी आधारित योजनाओं का भी जिक्र करते हुए पत्र में कहा, इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड के मूलमंत्र के साथ हमारी सरकार ड्रोन, क्वांटम, ग्रीन हाइड्रोजन एवं मेड-टेक के क्षेत्र में प्रगति करते हुए उत्तर प्रदेश को देश का डीप टेक कॅपिटल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। तकनीक आधारित विकास की इस यात्रा में उत्तर प्रदेश आज आईटी पार्क, स्टार्टअप्स और मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल तक बन रही है।

# केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनीं जन-समस्याएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

जनता दर्शन में लोगों का भारी हुजूम उमड़ा, जिसमें विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और किसान बड़ी संख्या में अपनी शिकायतों व सुझावों के साथ पहुंचे थे। सुबह से ही आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। उपमुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी आगंतुकों से मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त किए।

कई गंभीर मामलों में उपमुख्यमंत्री ने तत्काल संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को फोन कर वस्तुस्थिति जानी और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जनता को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार जनता के द्वार पर है और किसी भी गरीब या असहाय व्यक्ति को न्याय के लिए भटकने नहीं दिया जाएगा। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर न हो, बल्कि धरातल पर फरियादी को राहत महसूस होनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान जनता के बीच यह संदेश स्पष्ट रहा कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति सजग है। दूर-दराज से आए ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ आने पर उनकी बात सुनी जाती है और प्रभावी कार्रवाई भी होती है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत पोर्टल पर दर्ज कर उनका फॉलोअप लिया जाएगा, ताकि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे।

## खबरें एक नजर में

### केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दोहरीघाट औंड़िहार रेल सेवा का किया शुभारंभ



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो माध्यम से दोहरीघाट-औंड़िहार रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस नई रेल सेवा के प्रारम्भ होने से मऊ और गाजीपुर जनपदों के यात्रियों को सुगम, सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्राप्त होगी। क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट रेलगाड़ी संख्या 65121/65122 के संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस रेल सेवा के प्रारम्भ होने से विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा दैनिक यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। दोहरीघाट रेलवे स्टेशन पर अपराह्न तीन बजे आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर, वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी मौजूद रहे। नई रेल सेवा से क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई।

### भारतीय किसान यूनियन ने किया धरना प्रदर्शन ऐलान किसानों की समस्याओं पर प्रशासन को दी चेतावनी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत ने मलिहाबाद तहसील परिसर में धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मलिहाबाद तहसील के घोषित फल पट्टी क्षेत्र में भू-माफिया बड़े पैमाने पर अवैध कटान और प्लॉटिंग कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों की जांच कर उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की भी मांग उठाई गई है। भारतीय किसान यूनियन ने जिंदौर ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन कैसरानी देवी मंदिर और उससे जुड़े तालाब पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि इन कब्जों के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। ज्ञापन में गांवों के कब्रिस्तानों, श्मशान घाटों और सरकारी तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए तत्काल कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है। किसानों ने लालता खेड़ा में बने ट्यूबवेल से सिंचाई के लिए किसानों से पैसे लिए जाने का मुद्दा भी उठाया। वहीं, जिंदौर गांव में चरागाह की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की मांग की गई है। गोपालपुर गांव में प्रधान द्वारा सरकारी जमीन पर करीब डेढ़ सौ घर बनाए जाने का आरोप है, जिसमें रंजिश के चलते चार मकानों को गिरा दिया गया था, जबकि शेष मकानों को छोड़ दिया गया। किसान नेता और तहसील अध्यक्ष छेदीलाल गौतम ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो किसान शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति देरी पर जताई चिन्ता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने निगम में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर होने वाली अनावश्यक देर पर चिन्ता जताते हुए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि भूगतान में हो रही अनावश्यक देरी एवं बीमारी की वजह से परेशान कामिकों को यथाशीघ्र भुगतान किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा कि नगर निगम में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों की चिकित्सा उपरान्त खर्च की गई धनराशि का भुगतान (चिकित्सा प्रतिपूर्ति) में हो रहे अनावश्यक विलंब से संबंधित पत्रावली के विषय में संघ को प्राप्त जानकारी के क्रम में नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए समय पर भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया गया है. संघ की जानकारी के अनुसार लगभग 3 माह के इलाज उपरान्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु प्रेषित पत्रावली के विलंब कारण तमाम कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का भुगतान नहीं हो पाया है। जिस कारण उनका इलाज भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है ,यह स्थिति अत्यंत दु:खद एवं कष्ट प्रद है. जबकि चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु नियम एवं प्राविधान होने के साथ आवश्यकता अनुसार बजट का भी प्रावधान किया गया है। वर्तमान में अत्यधिक संख्या में चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियां भुगतान हेतु लंबित हैं। संगठन का अनुरोध है कि ऐसे मामलों में हस्तक्षेप कर पीड़ित कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अति शीघ्र भुगतान किया जाए।

# विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में दिखती राजनीति : पंकज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**▸ समाजवादी पार्टी को आत्ममंथन करने की आवश्यकता**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि जब देश वैश्विक परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता, संसाधनों के संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ रहा है, तब समाजवादी पार्टी जैसे दल जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऊर्जा बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, फिजूल खर्च में संयम बरतने तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की। यह कमजोरी नहीं, बल्कि दूरदर्शी और जिम्मेदार नेतृत्व की पहचान है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को साझी जिम्मेदारी का संदेश दिया है, लेकिन अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखकर भ्रम और नकारात्मकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

कोरोना महामारी जैसी वैश्विक आपदा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद भारत ने विकास यात्रा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है।

आज भारत डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना विकास, स्टार्टअप, नवाचार, रक्षा उत्पादन, रेलवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति, निर्णायक नेतृत्व और स्थिर नीतियों की प्रशंसा कर रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। जनता भूली नहीं है कि समाजवादी पार्टी के शासन में प्रदेश की पहचान दंगा, अपराध से जुड़ चुकी थी। निवेशक प्रदेश में आने से डरते थे, बेटियां असुरक्षित महसूस करती थीं और माफिया सत्ता संरक्षण में फलते-फूलते थे। भाजपा सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं को उज्ज्वला योजना, युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया है। आज दुनिया भारत की बात गंभीरता से सुनती है। भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है।

**जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण**

पंकज चौधरी ने कहा कि विपक्ष द्वारा देश की छवि खराब करने और जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। समाजवादी पार्टी के नेताओं को यह समझना चाहिए कि देश की जनता अब नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठ चुकी है और विकास, सुशासन तथा राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन दे रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान केवल उनकी राजनीतिक निराशा, हताशा और कुंठा का प्रतीक है।

# प्रधामनंत्री की अपील काबिले तारीफ : धर्मपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमेशा निर्णय आमजन के हितों और दूरगामी बेहतर नतीजों खातिर होता है। वे हमेशा भविष्य को लेकर सोचते और कदम उठाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी लोगों से जो अपील की है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने बताया, आज पूरी दुनिया ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण गहरे ऊर्जा संकट से जूझ रही है। इस युद्ध के कारण पूरे विश्व का सप्लाई सिस्टम बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दुनिया के बड़े से बड़े देश इस युद्ध की विभीषिका से गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। दुनिया के लगभग हर देश में हर पेट्रोलियम उत्पाद, गैस, गोल्ड सहित हर चीज के दाम काफी बढ़ गए हैं। इस विषम परिस्थिति में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी नेतृत्व में सप्लाई व्यवस्था को काबू में रखा है। भारत पेट्रोलियम और खाद्य तेल मामले में आयात पर निर्भर है। हमारे यहां इसका उत्पादन काफी कम है। दुनिया के लगभग हर देश का निदेशी मुद्रा भंडार बुरीतरह प्रभानित हुआ है। 99 फीसदी देश इस युद्ध के कारण महंगाई की मार झेल रहे हैं। ऐसे में हमे बहुत सोचसमझ कर काम करना चाहिए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर होना चाहिये। हम सोलर एनर्जी पर काम कर रहे हैं। रसायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करने का एक ही तरीका है कि गोवंश पर फोकस किया जाए।

# पीएम के सोना न खरीदने की अपील पर सर्राफा-बाजार बंद



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री की ओर से देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील के खिलाफसर्राफा कारोबारियों ने नाराजगी व्यक्त की। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन और ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन की प्रदेश इकाई ने संयुक्त रूप से सोमवार को लखनऊ में एक दिन की बंदी का आह्वान किया। कारोबारियों का कहना है कि इस तरह की अपील से सर्राफा व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा, खासकर ऐसे समय में जब बाजार पहले से ही उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा है। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने की मांग की है। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि एक साल तक सोना नहीं खरीदने से हमारा घर परिवार कैसे चलेगा। पीएम मोदी को अपने इस फैसले पर सोचना चाहिए। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि एक साल तक सोना नहीं खरीदने से हमारा घर परिवार कैसे चलेगा। पीएम मोदी को अपने इस फैसले पर सोचना चाहिए। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सर्राफा कारोबार पहले से ही मंदी के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील से व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लाखों परिवारों की आजीविका सीधे तौर पर सर्राफा व्यापार से जुड़ी हुई है। एसोसिएशन ने देशभर की सभी सर्राफा संस्थाओं और व्यापारियों से इस मुहिम में शामिल होकर अपने व्यापार को बचाने की अपील की है। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि वे सर्राफा कारोबारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी अपील पर पुनर्विचार करें। उनका कहना है कि यदि व्यापार प्रभावित होता है, तो इसका असर छोटे दुकानदारों, कारीगरों और लाखों श्रमिकों पर भी पड़ेगा।

# वोट मिलते ही बीजेपी का खोट आया सामने : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनता से कम खर्च करने और खाने के तेल की खपत कम करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर तंज करते हुए सोमवार को कहा कि यह गुजारिश सरकार की अपनी असफलता की स्वीकारोक्ति है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी सारी पाबंदियां लगानी पड़ीं तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी? लगता है भाजपा सरकार के हाथ से लगाम पूरी तरह छूट गयी है। डॉलर आसमान छू रहा है और देश का रुपया पातालोन्मुखी हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, भाजपाइयों को अपने भ्रष्ट लोगों से करनी चाहिए क्योंकि जनता तो वैसे भी 1.5 लाख तोले का सोना नहीं खरीद पा रही है। भाजपाई ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। हमारी बात गलत लग रही हो तो लखनऊ से लेकर गोरखपुर तक पता कर लीजिए या अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक। यादव ने सवाल करते हुए कहा कि वैसे सारी पाबंदियां चुनाव के बाद ही क्यों याद आई है?




**सराहनीय** | **योगी सरकार में उच्च शिक्षा को नई उड़ान**

# यूनिवर्सिटी की तर्ज पर डिग्री कॉलेजों को मिलेगी राष्ट्रीय रैंकिग

**▸ प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने बदली पहचान, अब कॉलेजों को उत्कृष्ट बनाने की तैयारी**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। कभी नैक यानि नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल की रैंकिंग में बी और बी-प्लस ग्रेड तक सीमित रहने वाले प्रदेश के विश्वविद्यालय आज ए, ए और ए ग्रेड हासिल कर देशभर में अपनी नई पहचान बना रहे हैं। अब योगी सरकार का अगला लक्ष्य प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाना है। इसके लिए डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल्स की कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अब सरकार का फोकस केवल विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा। अगले चरण में प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी नैक और अन्य राष्ट्रीय रैंकिंग दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें उन्हें बताया जा रहा है कि संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, रिसर्च कल्चर, डिजिटल एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र सुविधाओं को बेहतर बनाकर किस प्रकार रैंकिंग हासिल की जा सकती है। कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। उत्तर प्रदेश अब केवल सबसे अधिक विश्वविद्यालयों वाला राज्य नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। योगी सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालय नैक रैंकिंग में बी या बी-प्लस ग्रेड तक ही सीमित थे और प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय ए या उससे ऊपर की श्रेणी में नहीं था। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में विश्वविद्यालयों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता सुधार, शोध, डिजिटल संसाधनों, शिक्षण व्यवस्था और अकादमिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। इसका परिणाम यह हुआ कि आज उत्तर प्रदेश के सात विश्वविद्यालय नैक की ए रैंकिंग प्राप्त कर चुके हैं, जबकि चार विश्वविद्यालय ए और दो विश्वविद्यालय ए ग्रेड में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां बी ग्रेड को उपलब्धि माना जाता था, आज प्रदेश के विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की नई श्रेणियों में स्थान बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। पहले प्रदेश में क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग का नाम तक सुनाई नहीं देता था, लेकिन अब प्रदेश के दो विश्वविद्यालय क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में शामिल हो चुके हैं, जबकि छह विश्वविद्यालय क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त तीन विश्वविद्यालय यूजीसी ग्रेड-1 श्रेणी में भी पहुंच चुके हैं।

## खबरें एक नजर में

### सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**शाहजहांपुर।** माह मई की जनपद सिंचाई बन्धु बैठक आज मंगलवार को सुबह 11 बजे निरीक्षण भवन शारदा नहर खण्ड बाईबाग पुवायां रोड में होगी। जिसकी अध्यक्षता अमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु करेगे। उक्त बैठक में नहरों एवं नलकूपों से सिंचाई के सम्बन्ध में एजेण्डानुसार चर्चा व समीक्षा की जायेगी। जानकारी अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड ने दी।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**पुवायां,शाहजहांपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक को 10 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। सोमवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव कंजा निवासी 28 वर्षीय अमित कुमार पुत्र राम प्रकाश को उसी के घर में कच्ची शराब बनाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से 10 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण तथा भारी मात्रा में लहन बरामद की गई। जिसके बाद पुलिस ने अवैध शराब, उपकरण एवं अभियुक्त को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, हेडकांस्टेबल नीरेश कुमार, कांस्टेबल पूरनपाल एवं मीनू शामिल रहे।

### रामकथा के पांचवें दिन अयोध्या कांड का हुआ भावपूर्ण वर्णन



**खुटार, शाहजहांपुर।** ग्राम सिल्हुआ स्थित ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित के आवास पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। कथा के दौरान अयोध्या कांड का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा। कथावाचक ने भगवान श्रीराम के वनगमन, राजा दशरथ के विरह तथा माता कौशल्या के करुण प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. संजय पाठक, रोहित सिंह, प्रशांत पटेल, जिलामंत्री जीवेन्द्र गुप्ता, सुखदेव सिंह, जय शंकर अवस्थी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, मंडल अध्यक्ष देव पटेल, निर्भय मिश्र, गुरुनाम सिंह, प्रदीप सिंह, आश्वेत गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, राजर्षि शुक्ला, रामप्रकाश मिश्र, राजनारायण मिश्रा, मुनीश राठौर, मानू भारती, गोविंद राठौर और सतनाम सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि रामकथा का आयोजन आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### फिरोजाबाद से सप्लाई के लिए ले जा रहे रिफाइण्ड राइस ब्रांड ऑयल पकड़ा



**शाहजहांपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पिकअप गाड़ी से कलान क्षेत्र में रूकनापुर थाना कलान पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान जय शिव शक्ति ट्रेडर्स पर आपूर्तिकर्ता फर्म मैसर्स एमआई ट्रेडर्स अनस अली, रामगढ़ रोड थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद से सप्लाई के लिए ले जा रहे, रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल को पकड़ा गया। टीम ने उपरोक्त पिकअप में 35 ड्रमों में लगभग 1680 लीटर राईस ब्रान ऑयल भण्डारित पाया। मिलावट का संदेह होने पर रिफाइण्ड राइस ब्रान का नमूना लेकर, ड्रमो में शेष बचे 1678 ली राइस ब्रान ऑयल को सीज कर दिया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 2,24,852 रूपये है। आपूर्तिकर्ता मैसर्स एमआई ट्रेडर्स अनस अली, रामगढ़ फिरोजाबाद का रहना वाला है। जो यह फर्म जय शिव शक्ति ट्रेडर्स रूकनापुर था,कलान के यहां सप्लाई के लिए आया था। इसके अतिरिक्त दो कोल्हू से एक-एक नमूने सरसों के तेल के लिये गये। जिसमें जनता रोड पर पप्पू, परौर रोड पर आशीष का नमूना संग्रहित किया गया। तीनो नमूनो को प्रयोगशाला भेजा गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, मानवेन्द्र कुमार, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

- रविवार की रात ससुराल से लौटा था अवनीश, सोमवार सुबह लटकता मिला शव

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव कमरे के अंदर लटकता हुआ मिला। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बड़ागांव के रहने वाले अर्जुन माली का पुत्र अवनीश कुमार माली ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे मे लगे पंखे में दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अवनीश का शव उसके ही कमरे में फंदे पर लटकता हुआ मिला। जैसे ही परिजनों ने अवनीश का शव लटकता हुआ देखा तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा । लेकिन तब तक अवनीश की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि पांच दिसंबर 2025 को अवनीश की शादी मऊ जनपद के जदौली गांव की रहने वाली आंचल के साथ हुई थी। 26 अप्रैल को अवनीश की पत्नी आंचल अपने मायके गई थी। जिसके बाद 27 अप्रैल को अवनीश पत्नी के गांव पहुंच गया। अवनीश रविवार देर रात अपनी ससुराल से लौटा था। लेकिन पत्नी साथ नहीं आई थी। जिसके बाद वह चुपचाप अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने कमरे की वैंडो से देखा तो अवनीश का शव फंदे से लटकता मिला। जिसके बाद ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है। भाई पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्षी जताने में जुट गई। अवनीश के 5 भाई और दो बहने हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अवनीश की मौत के बाद मां सुनीता एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# तालगांव प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ



**निगोही-शाहजहांपुर।** सोमवार को तालगांव प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। जिला पंचायत सदस्य नितिन पाठक ने फीता काटकर मैच शुरू कराया। पहला मैच तालगांव सुपर किंग्स और तालगांव किंग्स के बीच खेला गया। तालगांव सुपर किंग्स ने टास जीत पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। नितिन पाठक ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम बढता है। इस अवसर पर चेयरमैन मुन्ना खां, गुफरान बेग, आदिल बेग, फिरोज खां, आमिर खां, बिलाल खां, अफरोज खां, शाहिद हुसैन आदि मौजूद थे।

### बंदरों के आतंक से परेशान सदर वाले

**शाहजहांपुर।** बंदरों के आतंक से तो हर कोई परेशान है, वो चाहे कस्बा हो या गांव। लेकिन सदर बाजार के एसपी कालेज रोड़ पर नैनीताल बैंक के पास बंदरों ने आतंक मचा रखा हैं। कई लोगों को बंदर काट कर जख्मी कर चुके हैं। लोग काफी परेशान है। बंदरों ने जहां लोगों को छत आदि पर कपड़ा सुखाना बंद करा दिया, तो वहीं बच्चों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। बच्चे छत आदि पर जाने से कतराते हैं। डर की बजह से बच्चे छतों पर नही जा पा रहे है। बच्चे, बूढ़े सभी बंदरों के आतंक से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार महकमा इस ओर ध्यान देने की जरूरत नही समझ रहा है। आए दिन बंदर लोगों को काट रहे हैं। बंदर इतने खूंखार हो चुके है कि वह रास्ते चलते लोगों को काट रहे हैं। खाना खाना लोगों को मुश्किल हैं, कहीं रोटी छीन ले जा रहे, तो कहीं कपड़े उठाकर फाड़ डालते हैं। लोग नए कपड़े नही पहन पा रहे हैं। जैसे ही वह कपड़े धोने के बाद सूखने के लिए डालते हैं बंदर उनके कपड़े उठा ले जाते हैं और उन्हें फाड़ डालते है। इसके अलावा अन्य खाने की चीजें उठा ले जाते है।

# तिलहर क्षेत्र में खाद की उपलब्धता को लेकर विधायक ने डीएम से की मुलाकात

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तिलहर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को खाद उपलब्ध की समस्या को लेकर सोमवार को विधायक सलोना कुशवाहा ने डीएम से मुलाकात कर किसानों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की।

विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि विधानसभा तिलहर के अंतर्गत किसानों को वर्तमान समय में खाद्य उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद्य की कमी के कारण किसानों को खेती, किसानी कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा समय पर बुवाई एवं फसलों की देखभाल प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के कई सहकारी समितियों एंव खाद्य केन्द्रों पर किसानों को प्रायस्त मात्रा में खाद्य नहीं मिल रही है, जिससे किसानों को घंटो लाइन में लगने को मजबूर है। उन्होंने डीएम को अवगत कराया कि यदि जल्द खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई तो किसानों की फसल उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे आर्थिक नुकसान की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विधायक ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में खाद की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित कर किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम धर्मेंद्र प्रताप ने किसानों की समस्याओं के दृष्टिगत तत्काल संबंधित अधिकारियों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, समितियों पर वितरण

**शाहजहांपुर।** जनपद में 129 समितियों संचालित है, जोकि खाद व उर्वरक का व्यवसाय कर रही है। उर्वरकों में यूरिया की उपलब्धता 7025.00 मीट्रिक टन है, जिसमें से 3500 मीट्रिक टन यूरिया वितरण के लिए सभी समितियों को भिजवाया गया है। शेष 3525 मीट्रिक टन यूरिया पीसीएफ बफर में सुरक्षित है। इसी प्रकार 964 मीट्रिक टन डीएपी वितरण के लिए सभी समितियों को वितरण हेतु प्रेषण किया जा चुका है तथा शेष 4118 मीट्रिक टन डीएपी पीसीएफ बफर में सुरक्षित है। साथ डीएम द्वारा 6 मई को 2135.15 मीट्रिक टन उर्वरक यूरिया 66 समितियों व संघों को आवंटित की जा चुकी है। इसके साथ सोमवार को 1073.25 मीट्रिक टन उर्वरक यूरिया डीएम द्वारा समितियों ध संघो को आवंटित की गयी है। जिसकी उपलब्धता सूची के साथ उपलब्ध है। जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी समितियों पर आवश्यकतानुसार एवं प्रथामिकतानुसार उपलब्ध कराकर निरन्तर वितरण कराया जा रहा है।

# वांछित को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रविवार की रात पुलिस ने एक अभियुक्त को नाजायज तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसका नाम पता पूछे जाने पर उसने अपना नाम मोहसिन उर्फ मुशीम पुत्र बशीर खां निवासी पसिया खेरा थाना पुवायां बताया। जिसकी जमा तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक साक्षी त्यागी, हेड कांस्टेबल सोहित मिश्रा, कांस्टेबल जनरैल सिंह शामिल रहे। वही कोतवाल आर के रावत ने बताया कि अभियुक्त पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह कई मुकदमों में वांछित चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# होमगार्ड नगर निरीक्षक पर ड्यूटी हस्ताक्षर के नाम पर रुपये मांगने का आरोप

- एडीएम व एसपी को ज्ञापन देकर जताया आक्रोश, कमांडेंट बोले- होगी जांच

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सदर बाजार में ड्यूटी कर रहे होमगार्डों ने अपने ही विभाग के होमगार्ड नगर निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। एडीएम प्रशासन व एसपी को दिए गए, ज्ञापन में होमगार्ड्स कैलाश किशोर, रविंद्र कुमार, राजकुमार, लक्ष्मी, चांदनी, आशा, सरला, गंगा देवी, रूचि आदि ने बताया कि वह लोग सदर बाजार थाना में मई 2026 से ड्यूटी कर रहे हैं। होमगार्ड नगर निरीक्षक द्वारा थाना आकर ड्यूटी रजिस्टर लेकर हम लोगों की अनुपस्थिति लगा दी है। जबकि हम होमगार्ड थाना में ही मौजूद थे, बारिश के कारण हम लोगों की वर्दी भींग जाने से हम लोगों ने कहा कि हाथ सूख जाए तो हस्ताक्षर कर देंगे। होमगार्ड निरीक्षक ने एक न सुनी और हस्ताक्षर कराने के नाम पर पांच पांच सौ रुपये मांगे। जब मना किया तो हम लोगों की अनुपस्थिति लगा दी गई। जानकारी थाना प्रभारी को दी, तो उन्होंने हम लोगों की ड्यूटी लगवाकर प्वाइंट पर भेजा गया और हम लोगों ने ड्यूटी भी की। पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही की जाएं।

> मेरे ही निर्देश पर होमगार्ड नगर निरीक्षक द्वारा थाना सदर बाजार में होमगार्डों की ड्यूटी चेक की गई थी। जिसमें लगभग 9 बजे के आसपास कुछ होमगार्ड अपनी आमद कराकर ड्यूटी प्वाइंट पर पर अनुपस्थित पाए गए थे। जिस पर उनकी अनुपस्थिति लगा दी गई थी। होमगार्डों द्वारा ज्ञापन दिए जाने की जानकारी मिली है, सभी को आफिस बुलाया गया है। जांच कर तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
>
> **-एलएस यदुवंशी, होमगार्ड कमांडेंट, शाहजहांपुर**

# तीन बंद मकानों के ताले तोड़ने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, जेवर-नकदी और बाइक बरामद

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना निगोही पुलिस ने बंद मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर चोर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, वारदात में प्रयुक्त बाइक और लोहे के औजार बरामद हुए हैं। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 12.33 बजे उपनिरीक्षक दिलशाद खाँ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि 7/8 मई की रात कस्बा निगोही के तीन बंद मकानों में चोरी करने वाला अपराधी फिर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए बाइक से डींग की तरफ से आ रहा है। पुलिस ने पैतापुर तिराहे पर घेराबंदी कर संदिग्ध को रोक लिया। पकड़े गए अभियुक्त नरेश पुत्र परागेलाल निवासी पतराजपुर के पास से पुलिस ने 1 पीली धातु का ओम, 1 जोड़ी चांदी की पाजेब, 1 जंजीर, 1 अंगूठी, 1 जोड़ी बिछिया, 11,500 रुपये नकद, चोरी में प्रयुक्त लोहे का सूजा, आरी और छुरी बरामद की। पूछताछ में नरेश ने क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया। उसके खिलाफ थाना निगोही में पहले से ही चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

# युवा मंडल विकास कार्यक्रम आयोजित, युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत के तत्वावधान में मेरा युवा भारत शाहजहांपुर द्वारा युवा मंडल विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर आज एक प्रेरणादायी गोष्ठी का आयोजन माय भारत कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामाजिक नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण एवं युवा मंडलों की गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में हाल ही में विकसित भारत युवा संसद 2026 में जनपद शाहजहांपुर का प्रतिनिधित्व कर लौटे युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए। युवाओं ने बताया कि ऐसे मंच उनके व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक समझ को मजबूत करते हैं। वहीं अनुभवनात्मक शिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर चुके युवाओं ने भी जमीनी स्तर पर मिले अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं को समाज और प्रशासन को करीब से समझने का अवसर प्रदान कर रहा है।

गोष्ठी में युवा मंडलों की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए उप निदेशक माहे आलम ने कहा कि युवा मंडल गांव और शहरों में युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी युवाओं से माय भारत पोर्टल से जुड़कर सामाजिक कार्यों, जागरूकता अभियानों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं राष्ट्रहित की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सहभागिता एवं सामाजिक योगदान के लिए युवाओं को उप निदेशक माहे आलम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले युवाओं ने इसे अपने लिए प्रेरणा बताते हुए भविष्य में भी समाजहित में कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लेखाकार सोनम सचान, डीपीओ नमामि गंगे विनय सक्सेना, मानवता वेलफेयर सोसायटी के सचिव अमित श्रीवास्तव, समाजसेवी अरविंद मिश्रा, विपिन अग्निहोत्री, ललित हरी, स्वर्णिमा, अंकिता वर्मा, प्रिया, कोमल, आयुषी, जाहिद ,शुभम समेत अनेक युवा एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग, बृज प्रान्त के 4 जनपदों का कार्य विवरण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में जिला स्तरीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 9 एवं 10 मई को बजीरगंज (बदायूँ), बरेली, बीसलपुर, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण से किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक अरविन्द मिश्रा ने विस्तृत रूप से स्वदेशी जागरण मंच की परिकल्पना का विवरण प्रस्तुत करते हुये कहा कि स्व की भावना से ही स्वदेशी का भाव जाग्रत हो जाता है। हम सभी को सर्वप्रथम स्वयं स्व की भावना को जाग्रत करना है। स्वदेशी वस्तुयें प्रयोग करके राष्ट्र को आत्म निर्भर बनाना है। गाँव-गाँव में कुटीर उद्योग स्थापित कर युवाओं को उद्यमी बनाना है। शाहजहांपुर महानगर सह-संयोजक अवधेश दीक्षित ने कहा कि युवाओं को स्वदेशी विचारधारा के प्रति जाग्रत होना पड़ेगा। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों का निर्माण एवं प्रयोग आवश्यक है। देश में बेरोजगारी को दूर करने के लिए युवाओं को छोटे-छोटे उद्यम लगाने के लिए प्रेरित करना होगा। जिससे देश में नौकरी की ओर भटक रहे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता प्राप्त होगी। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान का मुख्य लक्ष्य हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमी बनाने का है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बृज प्रान्त की सह-महिला प्रमुख सावित्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को सर्वप्रथम अपने परिवार में स्वदेशी भावना को जाग्रत करने के लिए संकल्पित होना पड़ेगा सभी परिवार की महिलायें यदि यह संकल्प लें कि हम सभी भारतीय संस्कृति के अनुरूप वस्त्र एवं संस्कारों का प्रयोग करेंगे तो यह कार्य और अधिक सरल हो सकेगा। स्वावलंबी भारत अभियान बृज प्रान्त के सह-समन्वयक अभिनव कश्यप ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से हम स्वदेशी भावना को जाग्रत कर सकते हैं। सहकारी समितियां बनाकर छोटे-छोटे रोजगार और सेवा के कार्य स्थापित कर युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में बजीरगंज बदायूं में क्रय विक्रय समिति के सभापति देवपाल चैधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि स्वदेशी जागरण मंच एक महत्वपूर्ण अभियान का नेतृत्व कर रहा है। स्वदेशी वस्तुयें प्रयोग करने से स्थानीय उत्पादन करने वालों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और उनके अन्दर स्वदेशी वस्तुओं को और अधिक निर्माण करने हेतु बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने भी लोकल फार वोकल का आवाहन किया है। कोराना काल में हम सभी भारतीय अपने स्थानीय उत्पादों के माध्यम से ही स्वयं को सुरक्षित कर सके थे। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी ही एक मात्र विकल्प है। स्वावलंबी भारत अभियान बृज प्रान्त के कार्यकारिणी सदस्य अलंकार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी जागरण मंच वर्तमान युग में एक ऐसी आवश्यकता है जिसके बिना हमारा राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकेगा। यह एक विचारधारा ही नहीं हम सभी की आवश्यकता भी है। स्वदेशी मात्र वस्तु ही नहीं है राष्ट्र का एक संकल्प भी है। देश को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है। युवाओं को अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम जाग्रत करना होगा तभी हम सभी सुरक्षित रह सकेंगे। कार्यक्रम के अन्तिम सत्र में स्वदेशी जागरण मंच बृज प्रान्त के क्षेत्र संयोजक डा. अमितेश अमित ने अपने सम्बोधन में कहा 22 नवम्बर 1991 को राष्ट्र ऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी द्वारा स्थापित स्वदेशी जागरण मंच का मूल उद्देश्य सरकार की गलत आर्थिक नीतियों को राष्ट्रवादी उत्तर देना एवं आर्थिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। स्वदेशी जागरण मंच एक ऐसा मंच है जिसमें राष्ट्रवादी विचारधारा का व्यक्ति अपना मत प्रस्तुत कर सकता है। युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने हेतु स्वावलंबी भारत अभियान में देश के विभिन्न संगठन साथ में कार्य कर रहें हैं। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान ने राष्ट्र को स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। क्षेत्रीय संयोजक ने सामूहिक रूप से सभी को संकल्प कराया कि अपने घर परिवार में स्थानीय एवं स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। चाईनीज, तुर्की, अमेरिका जैसी अन्य स्वदेशी कम्पनियों के उत्पादों का क्रय नहीं करेंगे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल जनगणना अधिकारी से मिला

**कांट,शाहजहांपुर।** दूर क्षेत्र में शिक्षकों की जनगणना कार्य में ड्यूटी से संबंधित समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्ट मंडल जनगणना अधिकारी से मिला। प्रधानाचार्य एवं इंचार्ज प्रधानाचार्य को ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्ट मंडल जिला जनगणना अधिकारी एडीएम वित्त अरविंद कुमार से मुलाकात की। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह यादव ने जिला जनगणना अधिकारी को बताया विभिन्न शिक्षक शिक्षकों की ड्यूटी बहुत-बहुत दूर क्षेत्र में दे दी गई है। उन्हें उन्हीं की क्षेत्र में किया जाए। प्रधानाध्यापक, इंचार्ज अध्यापक को ड्यूटी से विद्यालय व बच्चों के हित के लिए कार्य मुक्त किया जाए तथा जिन शिक्षक शिक्षकों के ड्यूटी लगी है उनको उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जाए। एडीएम से मिलने वालों में जिला उपाध्यक्ष अजीज अहमद, संयुक्त मंत्री मोहम्मद शरीफ, शैलेंद्र राजपूत, दिलीप सिंह, राजपाल सिंह शिक्षक उपस्थित रहे।

# अब शाहजहांपुर से पुवायां जाने के लिए जेब करनी होगी ढ़ीली, बूथ लैस टोल प्लाजा शुरू

**पुवायां मार्ग स्थित महानंदपुर टोल प्लाजा पर बगैर टोल नहीं कर सकेंगे सफर**




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अगर आप शाहजहांपुर-पुवायां मार्ग पर सफर तय करते है, तो आपको अब महानंदपुर स्थित बने टोल प्लाजा पर टोल टैक्स भरना होगा। क्योंकि एएनएचआई द्वारा बनाए गए टोल प्लाजा पर सोमवार से टोल टैक्स की वसूली शुरू कर दी गई है। हालांकि पहले दिन उक्त रुट पर वाहन चालकों को दिक्कतें आई। वहां मौजूद स्टाफ द्वारा जानकारी के बाद लोगों ने फास्टैग या नकद कैश कर वाहनों को निकाला। वही टोल प्लाजा शुरू होने से रोजाना चलने वाले प्राइवेट सवारी गाड़ियां, कामर्शियल वाहनों के फेरे पहले दिन कम रहे, अब इनका किराया भी बढ़ सकता है। एएनएचआई ने टोल प्लाजा पर चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों की टोल दरें अलग अलग घोषित कर दी है। वही टोल प्लाजा के दोनों ओर 20 किमी वालों का पास बनेगा। जिसमें प्राइवेट कार वालों को 350 रुपये का पास जारी किया जाएगा। उक्त टोल प्लाजा बूथ लैस बनाया गया है। जिससे गुजरने वाले वाहनों को फास्टैग लगवाना अनिवार्य होगा। अगर जिन वाहनों के फास्टैग को लेकर कोई समस्या आ रही है, उनके लिए साइड में दो बूथ बने हैं, जहां पर कर्मचारी बैठकर समस्या दूर करेगें। बता दें कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ, हरदोई वाया शाहजहांपुर-पलिया तक जाता है। जिसमें पुवायां व शाहजहांपुर के बीच टोल का निर्माण किया गया है। साथ ही इसमें ध्यान देने वाली बात यह है कि जो लोग बंडा से चलकर सबली कटेली पर टोल भरते हैं, उनको इस पर भी टोल टैक्स भरना होगा। क्योंकि पुवायां बंडा राष्ट्रीय राजमार्ग अलग है, जोकि मैंगलगंज से पूरनपुर जाता है, जबकि यह टोल प्लाजा शाहजहांपुर रोड पर जो बना है। वह सीधे खुटार, पलिया को जोड़ता है।

"टोल प्लाजा मैनेजर प्रवीण कुमार योगी ने बताया कि टोल प्लाजा शुरू हो गया है। वाहनों से पड़ने वाले टोल टैक्स की दरें अलग अलग रखी गई है। साथ ही 20 किलोमीटर तक की प्राइवेट कार के लिए 350 रुपये का महीने का पास जारी किया जाएगा।"

**क्या रहेगी टोल दरें सिंगल/रिटर्न**

| | | |
|---|---|---|
| प्राइवेट कार | - | 65/95 |
| लाइफ कामर्शियल व्हीकल | - | 105/155 |
| ट्रक व बस | - | 215/325 |
| बस व ट्रक थ्री एक्सल | - | 237/355 |
| हैवी कामर्शियल वाहन | - | 340/510 |
| ओवरफेज व्हीकल | - | 415/620 |

## नवागत थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने संभाला चार्ज



**कांट, शाहजहांपुर।** नवागत प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने सोमवार को कोतवाली कांट का कार्यभार ग्रहण किया किया। चार्ज संभालने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों व स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि वह इससे पहले निगोही थाना सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करीब एक वर्ष तक पीआरओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फरियादियों को न्याय दिलाने के लिए कोतवाली में पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी तथा महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि विजय प्रताप सिंह मूल रूप से कासगंज जनपद के निवासी हैं और हाल ही में बरेली जनपद से शाहजहांपुर आए हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिस विभाग में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

## छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम**



**पुवायां, शाहजहाँपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शनिवार को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज पुवायां में छात्र-छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु वृहद स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां समाज की नींव हैं। उन्हें शिक्षित कर हम एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। छात्र छात्राओं को नियमित स्कूल आने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन आदि योजनाओं के विषय में जानकारी दी। बाल विवाह, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के दुष्परिणाम समझाए गए और इन्हें रोकने की अपील की गई। केसवर्कर दिवाकर मिश्रा ने हेल्पलाइन 1098, वुमेन हेल्पलाइन 1090, 181 व पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस हेल्पलाइन 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मिशन मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, केसवर्कर दिवाकर मिश्रा, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने पंचायत के बाद सौंपा ज्ञापन

**किसान हित में उठाए गए मुद्दों को हल करने की जिम्मेदारी प्रशासन की: मनजीत**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित कुमार को सौंपा। सोमवार को नवीन मंडी समिति में हुई पंचायत में मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह ने किसानों ने यूरिया खाद की किल्लत दूर करने, पर्ची व्यवस्था को सरल बनाने और किसानों को खाद के लिए परेशान न होने देने की मांग उठाई। उन्होंने छुट्टा आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान पर रोक लगाने की भी मांग की गई। किसान नेताओं ने जैतीपुर हाइडिल पर बिजली क्षमता बढ़ाने तथा ट्रिपिंग की समस्या दूर करने की मांग करते हुए कहा कि धान रोपाई के समय किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मंडियों में किसानों के साथ हो रही कथित कटौती और अवैध वसूली पर भी नाराजगी जताई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल, संदीप सिंह, रवि प्रजापति, बलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापारी ने चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ाई लाखों की देनदारी!

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**गिरवी जेवर छुड़ाने पहुंचे पीड़ित ने थाने में दी तहरीर**

नगर के चर्चित एक सर्राफा व्यापारी पर कथित रूप से गिरवी रखे जेवरों के बदले मनमाने तरीके से चक्रवृद्धि ब्याज वसूलने का गंभीर आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद नगर में हड़कंप मच गया है और सर्राफा कारोबार में चल रही कथित सूदखोरी को लेकर लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। पीड़ित ने खुदागंज थाने में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर भोपत निवासी बृजेश गंगवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आर्थिक तंगी के चलते उसने जुलाई 2017 में नगर स्थित एक सराफा की दुकान पर करीब 10 ग्राम सोने की झुमकी 22 हजार रुपये के बदले गिरवी रखी थी। इसके बाद वर्ष 2018 में उसने एक सोने की अंगूठी 3500 रुपये तथा चांदी की पायल 2000 रुपये में भी उसी दुकान पर गिरवी रख दी। पीड़ित का आरोप है कि गिरवी रखते समय व्यापारी ने केवल साधारण ब्याज लेने की बात कही थी, लेकिन जब वह वर्षों बाद 10 मई 2026 को अपने जेवर छुड़ाने पहुंचा तो उसे भारी-भरकम रकम बताई गई। आरोप है कि व्यापारी ने मूल रकम पर लगातार चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर देनदारी को कई गुना बढ़ा दिया, जिससे गरीब परिवार के लिए जेवर छुड़ाना मुश्किल हो गया। बृजेश गंगवार ने आरोप लगाया कि जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनमाने तरीके से ब्याज वसूला जाता है। उसने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं सर्राफा व्यापारी राम गोपाल गुप्ता ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि गिरवी रखा सामान कई वर्षों से उनके पास सुरक्षित रखा गया है। उनका कहना है कि लंबे समय तक सामान रखे रहने के कारण ब्याज बनना स्वाभाविक है और वह नियमानुसार सामान वापस करने को तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार नगर में गिरवी जेवरों पर अत्यधिक ब्याज वसूली को लेकर पहले भी कई विवाद सामने आ चुके हैं, लेकिन अधिकतर मामलों को दबा दिया गया या आपसी समझौते के जरिए निपटा लिया गया। अब लगातार बढ़ रहे ऐसे मामलों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और सर्राफा कारोबार की निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल खुदागंज पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया है। कि दोनों पक्षों के बयान और दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खड़ंजे पर छज्जा निकालने को लेकर विवाद, लाइसेंसी बंदूक लहराने का वीडियो वायरल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मकरंदपुर उर्फ धीमरपुरा में खड़ंजे पर मकान का छज्जा निकालने को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और मामला मारपीट तथा कथित फायरिंग तक पहुंच गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुआलाल अपने मकान का छज्जा खड़ंजे के ऊपर निकाल रहे थे। इसी बात का गांव के ही संजीव और रामअवतार ने विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजे पर छज्जा निकालने से रास्ता संकरा हो जाएगा, जिससे बड़े वाहनों सहित आम लोगों के आवागमन में दिक्कतें बढ़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह करीब नौ बजे दोनों पक्षों के बीच इसी मुद्दे को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो कुछ ही देर में गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि विवाद के दौरान सुआलाल ने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाल ली और विरोध कर रहे लोगों को धमकाते हुए फायरिंग कर दी। हालांकि फायरिंग की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति हाथ में लाइसेंसी बंदूक लहराता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही खुदागंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुआलाल, रामरहीस और परविंदर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351(3), 125 तथा 27 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट को अधिकारी और नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**कुर्रियां कला, शाहजहांपुर।** सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट ऋषिपाल सिंह चैहान का रविवार को उनके पैतृक गांव कुर्रिया कलां में उनके लॉन में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शनिवार की सुबह उनका दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया था। शाम को उनका पार्थिव शरीर गांव कुर्रिपाकलां पहुचा, उन्होंने सेना में लेफ्टिनेंट पद पर अपनी सेवाएं देने के बाद अपने गाँव कुर्रियाकलां मे पहला मैरिज लॉन बनवाया। शाहजहांपुर से फौजी बटालियन गांव से सुखपाल सिंह चैहान, बबलू सिंह चैहान, ग्राम प्रधान सुधांशु मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, विधायक अरविंद सिंह के छोटे भाई विमल सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अध्यक्ष मेला आलोक कुमार सिंह बॉबी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सिंह चैहान, महिपाल सिंह राठौड़ आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने लव जिहादियों को सिखाया सबक

**शाहजहांपुर।** सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) शाहजहांपुर के जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार को सूचना मिली कि शहीद उद्यान पार्क शाहजहांपुर में गैर समुदाय के दो युवक एक हिंदू किशोरी को टहला रहे हो और संदिग्ध अवस्था में पार्क में बैठे है। जिस पर संजय कुमार ने तुरंत मामले की सूचना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र और प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट को दी। खबर लगते ही हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और किशोरी के साथ बैठे दोनों मुस्लिम युवकों को पकड़ लिया। इसके साथ ही तीनों से पूछताछ की और मामले की सूचना पुलिस व किशोरी के परिवार के लोगों को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनो को अपने साथ ले गई और किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट ने गैर समुदाय के दोनो युवकों से कान पकड़कर उठक बैठक लगवाई और किशोरी के पैर छुआकर और राखी बंधवाकर हिंदू लड़कियों से बहन का रिश्ता रहने और कभी भी उन पर गलत नजर न रखने की कसम खिलाई।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरिया रसूलपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन

- छह शिक्षकों को दिया गया उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान
- सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




ब्लाक सिधौली के अंतर्गत न्याय पंचायत पनवाड़ी की शिक्षा चौपाल का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरिया रसूलपुर में किया गया। मुख्य अतिथि खिरिया रसूलपुर के ग्राम प्रधान राजकिशोर रहे। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवेंदु मिश्रा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। शिक्षक जुबैर आलम ने शिक्षा चौपाल के आयोजन का उद्देश्य एवं महत्व बताया। एआरपी अतुल शुक्ला ने नई शिक्षा नीति को विस्तार से समझाया। उन्होंने 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों की अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया। एआरपी उपेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस तरह की शिक्षा और संस्कार हमारे सरकारी विद्यालय दे रहे हैं उस तरह की शिक्षा और संस्करण दूसरे विद्यालय नहीं दे सकते। यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ यूनिफॉर्म व पुस्तकें निशुल्क दी जाती हैं। एआरपी रेपेंद्र जीत सिंह सिंधौली ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष यदुवीर यादव व अन्य अध्यापकों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर न्याय पंचायत के उत्कृष्ट शिक्षक रेशमा यादव प्रियंका राज राजकुमार वीरेंद्र कुमार प्रमोद कुमार अरुण कुमार को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 2025-26 में अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर न्याय पंचायत के विद्यालयों के एक-एक बच्चे को सम्मानित किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जिसकी सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन जुबैर आलम अंसारी ने किया। अंत में नोडल शिक्षक राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इरफान अहमद, मुस्तकीम अली, अजहरुद्दीन, रविंद्र अटल, शिवसागर, मनोज कुमार, वसीम अली, नूर मोहम्मद, प्रेमलता, रेशु सिंह, आरती जयंत आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक कथा में गूंजे भक्ति के स्वर, झांकियों ने मोहा मन

**कुर्रियां कलां, शाहजहांपुर।** ग्राम पल्हार स्थिति माँ दुर्गा मंदिर में चल रही धार्मिक कथा के दौरान आज का प्रसंग राजा परीक्षित को मिले श्राप पर आधारित रहा। कथा व्यास श्री निवास मिश्रा ने अत्यंत भावपूर्ण तरीके से इस प्रसंग का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान बताया गया कि किस प्रकार राजा परीक्षित से हुई एक भूल के कारण उन्हें श्राप मिला और यही घटना आगे चलकर श्रीमद्भागवत कथा का आधार बनी। वहीं, शाम के समय होने वाले प्रसंग में भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह का भव्य वर्णन किया जाएगा। इस खास आयोजन में झांकियों के माध्यम से शिव-पार्वती विवाह को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति होगी। मंदिर परिसर में चल रही इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और भक्ति रस में डूबकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



## आवारा कुत्तों ने हिरण पर हमला कर घायल किया

**सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आवारा कुत्तों के हमले से घायल हुआ हिरण की ग्रामीण ने जान बचा कर प्राथमिक उपचार किया । सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

सोमवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव फतेहपुर गैसरा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हिरण को कुछ कुत्तों के द्वारा घेर कर घायल करने की खबर क्षेत्र में फैली। कुत्तों के द्वारा हिरण को घायल किए जाने की घटना देखकर ग्रामीण सुनील यादव ने कुत्तों को ललकारा और उन्हें दूर तक खदेड़ दिया दिया।घायल हिरण को अपनी सुरक्षा में लेते हुए ग्रामीण ने अपने पास मौजूद दवा लगाकर हिरण का प्राथमिक उपचार किया । इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। वही गांव में हिरण घायल होने की सूचना इसी दौरान वन विभाग को दी गई। वन्य जीव पर कुत्तों के द्वारा जानलेवा हमले किए जाने की जानकारी मिलते ही विभाग के डिप्टी रेंजर अजय सिंह ने आनन-फानन में वन विभाग की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया।

## घुंघचाई थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**घुंघचाई, पीलीभीत**

थाना घुंघचाई क्षेत्र में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब केशोपुर गांव के पास एक धान के खेत में एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान गांव के ही 35 वर्षीय रामनिवास के रूप में हुई है। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार, केशोपुर निवासी रामनिवास (पुत्र काशीराम) रविवार रात अपनी बाइक से किसी काम के लिए घर से निकले थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। सोमवार सुबह मैगलगंज हाईवे से केशोपुर जाने वाले मार्ग के मोड़ के पास राहगीरों ने एक शव और दुर्घटनाग्रस्त बाइक देखी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त रामनिवास के रूप में की। युवक का शव सड़क किनारे स्थित साठा धान के खेत में पड़ा था, जबकि उनकी बाइक पास ही हाईवे किनारे एक गहरी खाई में गिरी हुई पाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष जय शंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है और गांव में मातम का माहौल है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह महज एक सड़क हादसा है या इसके पीछे कोई और साजिश। थाना अध्यक्ष जय शंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच सड़क हादसे की ओर इशारा कर रही है, लेकिन मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस हर संभावित कोण से मामले की जांच कर रही है।

### जनता को न्याय और अपराधी सलाखों के पीछे होंगे: प्रिंस शर्मा



**तिलहर - शाहजहांपुर।** नवागत कोतवाल प्रिंस शर्मा ने कोतवाली का चार्ज संभालते हुए सर्व प्रथम स्टाफ से परिचय किया। बोले शासन की मंशानुसार आने वाले हर फरियादी की समस्या को गम्भीरता से निस्तारण किया जाए। अपराधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा । कोतवाल श्री शर्मा ने हल्का इंचार्जों को सचेत किया कि सभी क्षेत्र में अपराधिक कृत्यों में शामिल लोगों पर कड़ी नजर रखे। जनता से समन्वय बनाकर इनका विश्वास हासिल करें। इस मौके पर एसआई नितिन कुमार, प्रदीप राजौरिया, प्रमोद कुमार , देवेंद्र कुमार , गौरव कुमार , गौरव शर्मा , अनूप कुमार, विनय कुमार समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## बूंदीभूड़ मामले में डीएम-एसपी की हिदायत, निर्दोषों को दिलाया भरोसा

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



नेपाल सीमा से सटे माधोटांडा क्षेत्र के बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खोले जाने को लेकर महिलाओं और प्रशासन के बीच हुए विवाद को समाप्त करने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की टीम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शराब की दुकानें अन्यत्र शिफ्ट कर दी जाएंगी और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। रविवार को पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक बाबूराम पासवान ने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।मामला क्या है?

पिछले दिनों बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए स्थानीय महिलाएं सड़क पर उतर आई थीं। इस दौरान प्रशासन के साथ विवाद बढ़ गया। आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 28 महिलाओं, 15 पुरुषों और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोपों में दंगा करना, हथियारों का प्रयोग, तोड़फोड़, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, हत्या का प्रयास और सामूहिक बवाल शामिल हैं।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं बसों से पीलीभीत जाने के लिए निकलीं, लेकिन प्रशासन ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया।

**प्रशासन का आश्वासन:** डीएम और एसपी ने बैठक के दौरान कहा कि पुलिस-प्रशासन की टीम मामले की गहराई से जांच करेगी। निर्दोषों को परेशान नहीं किया जाएगा। साथ ही शराब की दुकानों को गांव से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मुलाकात के बाद राहत व्यक्त की और शांति बनाए रखने का भरोसा दिया।

**नीलामी सूचना**

जिलाधिकारी के आदेशानुसार थाना सदर बाजार शाहजहांपुर परिसर में खड़े 1 हरे नीम के पेड़ की नीलामी होनी हैं, इच्छुक व्यक्ति 12-05-2026 को सुबह 10 बजे नीलामी में बोली लगा सकते है।

**प्रभारी निरीक्षक
सदर बाजार, शाहजहांपुर।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार शुक्ला, पुत्रवधू रितु शुक्ला को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मदन कुमार शुक्ला पुत्र स्व. रामऔतार शुक्ला नि. रौसर कोठी शाहजहांपुर।**

## आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का नया केंद्र

ऑपरेशन सिंदूर को एक साल पूरा हो चुका है। जिस ऑपरेशन ने आतंक के नेटवर्क को करारा जवाब दिया, उसने एक बात बिल्कुल साफ कर दी-आज उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा निर्माण क्रांति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। देश आज हमारी सेना के शौर्य का जश्न मना रहा है लेकिन उन फैक्ट्रियों, मिसाइल यूनिट्स और डिफेंस कॉरिडोर को भी पहचान मिलनी चाहिए, जो उत्तर प्रदेश की धरती पर तेजी से खड़े हो रहे हैं। ये सिर्फ उद्योगों का विकास नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी सफलता की कहानी है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस सपने को जमीन पर उतारने का काम किया है। पीएम मोदी ने डिफेंस कॉरिडोर का विजन दिया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार सहयोग दिया और योगी आदित्यनाथ ने उसे तेजी से लागू किया। आज उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 बड़े केंद्र-आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट-देश की रक्षा ताकत को नई ऊंचाई दे रहे हैं। यहां 35,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश पर तेजी से काम चल रहा है। जनवरी 2026 तक 12,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाएं शुरू हो चुकी थीं। राज्य सरकार ने बड़ी जमीन उपलब्ध कराई है और रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए विशेष सुविधाएं भी दी हैं। अब उत्तर प्रदेश सिर्फ फैक्ट्रियां नहीं बना रहा, बल्कि युद्ध में काम आने वाले आधुनिक हथियार तैयार कर रहा है। लखनऊ अब ब्रह्मोस मिसाइल और भारी रक्षा उपकरणों का बड़ा केंद्र बन चुका है। यहां बनी ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी ताकत दिखाई। अलीगढ़ छोटे हथियार, ड्रोन, इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और रक्षा उपकरणों का बड़ा हब बन रहा है। कानपुर गोला-बारूद, मिसाइल, बुलेटप्रूफ जैकेट और रक्षा सामग्री के निर्माण में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं आगरा और चित्रकूट को एयरोस्पेस और प्रिसीजन इंजीनियरिंग के लिए विकसित किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश में आर्टलरी शैल, ड्रोन, बुलेटप्रूफ जैकेट और एडवांस कम्युनिकेशन सिस्टम बनाए जा रहे हैं। ऑप्रेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुए कई ड्रोन और अन्य सिस्टम इसी कॉरिडोर से आए थे, जिन्होंने सेना को रियल टाइम जानकारी और ऑप्रेशन में मदद दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस डिफेंस कॉरिडोर को सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रखना चाहते। उनका लक्ष्य इसे 'नॉलेज कॉरिडोर' बनाना है, जहां रिसर्च और टैक्नोलॉजी भी साथ-साथ आगे बढ़े। उत्तर प्रदेश के पास देश की 56 प्रतिशत कुशल कार्यशक्ति और लगभग 96 लाख एम.एस.एम.ईज का विशाल नैटवर्क है, जो इसे रक्षा निर्माण के लिए सबसे मजबूत राज्य बनाता है। राज्य में 21,000 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी शुरू हुए हैं, जो ए.आई., रोबोटिक्स, ड्रोन, सैमीकंडक्टर और डाटा सैंटर जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इनमें से कई अब रक्षा क्षेत्र से भी जुड़ रहे हैं। इस पूरी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रही है डबल इंजन सरकार का तालमेल। प्रधानमंत्री मोदी ने विजन दिया, राजनाथ सिंह ने केंद्र से मजबूत सहयोग दिया और योगी आदित्यनाथ ने जमीन पर उसे हकीकत बना दिया। ऑप्रेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देश को यह समझना चाहिए कि लखनऊ की ब्रह्मोस मिसाइलें, अलीगढ़ के ड्रोन, कानपुर का गोला-बारूद और उत्तर प्रदेश में बने अन्य रक्षा उपकरण आयात नहीं किए गए थे। ये भारत में बने थे और बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश में बने थे। यही आत्मनिर्भर भारत की असली तस्वीर है। आज उत्तर प्रदेश सिर्फ देश की रक्षा यात्रा में हिस्सा नहीं ले रहा, बल्कि उसका नेतृत्व कर रहा है। आने वाले समय में यह राज्य सिर्फ भारत की जरूरतें पूरी नहीं करेगा, बल्कि दुनिया के मित्र देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करने वाला बड़ा केंद्र भी बनेगा। चुनौतियां अभी भी हैं, लेकिन दिशा साफ है और रफ्तार मजबूत। ऑप्रेशन सिंदूर के एक साल बाद आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत की सबसे मजबूत रक्षा शक्ति बनकर खड़ा है। भारत के रक्षा निर्माण का भविष्य अब उत्तर प्रदेश की धरती से उभर रहा है।

# बी.सी. सखी कार्यक्रम से बदलता उत्तर प्रदेश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य

बी०एल० यादव

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं, जिनमें बीसी सखी कार्यक्रम एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरगामी पहल के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच को भी अभूतपूर्व रूप से सुदृढ़ कर रहा है। एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी के सिद्धांत पर आधारित यह योजना आज लाखों ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

**बी.सी. सखी कार्यक्रम: अवधारणा और उद्देश्य:-** बी.सी. सखी (Business Correspondent Sakhi) कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय सेवाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके ही गांव में बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया जाता है। ये सखियाँ ग्रामीण समुदाय को उनके घर के निकट ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराती हैं, जिससे लोगों को बैंक शाखाओं तक जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो जाती है।इस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह महिलाओं को केवल रोजगार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें डिजिटल और वित्तीय साक्षरता से भी सशक्त बनाता है। इससे महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि समाज में अपनी एक अलग पहचान भी स्थापित करती हैं।

**वित्तीय समावेशन की दिशा में क्रांतिकारी कदम:-** बीसी सखी कार्यक्रम ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को नई गति प्रदान की है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 40,000 बीसी सखियाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो गांवों में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। इनके माध्यम से अब तक 44,000 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय लेन-देन किए जा चुके हैं, जो इस योजना की सफलता का स्पष्ट प्रमाण है।ये सखियाँ नकद जमा और निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से लेन-देन, बैलेंस जांच, बीमा, पेंशन, और ऋण पुनर्भुगतान जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा, वे विभिन्न सरकारी योजनाओं में नामांकन भी सुनिश्चित करती हैं, जिससे ग्रामीणों को सरकारी लाभ समय पर मिल सके।

इस पहल ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में बड़ा बदलाव लाया है, जहां बैंकिंग सुविधाएं पहले बहुत सीमित थीं। अब ग्रामीणों को छोटी-छोटी बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है।



*बीसी सखी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में विभिन्न जनपदों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रयागराज इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर है, जबकि बरेली और शाहजहांपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। यह प्रतिस्पर्धा न केवल कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन को प्रेरित करती है, बल्कि अन्य जनपदों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती है। बीसी सखी कार्यक्रम केवल एक रोजगार योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर रही है।इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका मिल रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही आवश्यक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी मदद मिल रही है। उत्तर प्रदेश में बीसी सखियां सही दिशा और प्रभावी रणनीति के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े बदलाव ला रही हैं। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का लक्ष्य है कि सभी ग्राम पंचायतों में सक्रिय बीसी सखी की नियुक्ति हो जाए, जिससे आत्मनिर्भर ग्रामीण महिला-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार किया जा सके।*

**महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम:-** बीसी सखी कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इस योजना के तहत कार्य कर रही महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि सामाजिक रूप से भी उनका सम्मान बढ़ा है।

उदाहरण के तौर पर, सुल्तानपुर की प्रियंका मौर्य और लखनऊ की अनीता पाल जैसी बीसी सखियाँ प्रतिमाह औसतन 45,000 रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित कर रही हैं। यह आय उनके परिवार के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही, ये महिलाएं अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक बीसी सखियों ने 121 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित किया है, जो यह दर्शाता है कि यह योजना महिलाओं के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक आजीविका का माध्यम बन चुकी है।

**बैंकिंग सेवाओं का विस्तार और तकनीकी सशक्तिकरण:-** बीसी सखी कार्यक्रम के तहत कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक साझेदार के रूप में जुड़े हुए हैं। इन बैंकों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंक इस पहल में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इसके साथ ही, बीसी सखियों को डिजिटल उपकरणों जैसे माइक्रो एटीएम, लैपटॉप और स्मार्टफोन से लैस करने पर विचार चल रहा है। बैकों के सी एस आर फंड के माध्यम से इन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे वे अपने कार्य को और अधिक कुशलता से कर सकें। डिजिटल माध्यमों के उपयोग से न केवल सेवाओं की गति बढ़ी है, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। इससे ग्रामीणों में बैंकिंग प्रणाली के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

**सेवाओं का विस्तार और नई संभावनाएं:-** बीसी सखी कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके कार्यक्षेत्र का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अब बीसी सखियों को जन सुविधा केंद्रों के संचालन, बीमा सेवाओं, आरडी खाता खुलवाने, ऋण वितरण, ऋण वसूली, और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं से जोड़ने जैसे कार्यों में योगदान लेने का मसौदा बन रहा है।

इसके अतिरिक्त, भविष्य में बीसी सखियों को आधार अपडेट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी शामिल करने पर विभाग मे विचार मंथन चल रहा है। इससे उनकी भूमिका और अधिक व्यापक हो जाएगी और उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। बड़ी ग्राम पंचायतों में एक से अधिक बीसी सखियों की नियुक्ति पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को और बेहतर बनाया जा सके।

**जनपदों की उपलब्धियां और प्रतिस्पर्धा:-** बीसी सखी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में विभिन्न जनपदों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रयागराज इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर है, जबकि बरेली और शाहजहांपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। यह प्रतिस्पर्धा न केवल कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन को प्रेरित करती है, बल्कि अन्य जनपदों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती है।

**समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल:-** बीसी सखी कार्यक्रम केवल एक रोजगार योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर रही है।इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका मिल रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही आवश्यक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी मदद मिल रही है।

उत्तर प्रदेश में बीसी सखियां सही दिशा और प्रभावी रणनीति के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े बदलाव ला रही हैं। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का लक्ष्य है कि सभी ग्राम पंचायतों में सक्रिय बीसी सखी की नियुक्ति हो जाए, जिससे आत्मनिर्भर ग्रामीण महिला-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार किया जा सके।

*से0नि0 सहायक निदेशक*

विचार

# आस्था, अध्यात्म व ईको टूरिज्म के साथ पर्यटन के मानचित्र पर उभरता आजमगढ़

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में स्थित जनपद आजमगढ़ वर्तमान में अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहरों के संरक्षण और आधुनिक पर्यटन विकास के युग की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप यह क्षेत्र अब वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। प्रदेश सरकार जनपद के पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को पुनर्जीवित कर रही है, साथ ही उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस कर एक सुव्यवस्थित पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की दिशा में पुख्ता प्रयास भी शुरू हो चुके हैं। यह पहल न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने का एक माध्यम है, बल्कि यह ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी भी साबित होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य योजना के माध्यम से आजमगढ़ के पर्यटन ढांचे को मजबूती देने के लिए कुल 11 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनके लिए 13 करोड़ 19 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि आवंटित की गई है। इसमें से लगभग 5 करोड़ 95 लाख रुपये की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है, जिससे विकास कार्यों ने धरातल पर गति पकड़ ली है।

प्रदेश सरकार का मुख्य ध्यान इस बात पर है कि आस्था के केंद्रों को पर्यटन के आधुनिक मानकों के अनुरूप ढाला जाए ताकि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अंतर्गत जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित प्राचीन और पौराणिक स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है। सगड़ी क्षेत्र के साल्हेपुर स्थित कैवल्य धाम शिव मंदिर के विकास के लिए स्वीकृत राशि का एक बड़ा हिस्सा जारी किया जा चुका है, जिससे यहाँ आने वाले भक्तों के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। इसी प्रकार, मुबारकपुर के ग्राम सभा डिलिया में प्राचीन हनुमान मंदिर और लालगंज के ग्राम ढेकवा स्थित ब्रह्मबाबा स्थल का विकास कार्य जिला प्रशासन की देखरेख में प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मात्र सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इनके माध्यम से उस स्थानीय संस्कृति और लोक विश्वास को संरक्षित करना है, जो सदियों से इस माटी की पहचान रहा है। नगर पंचायत अजमतगढ़ का प्राचीन हनुमान मंदिर हो या फूलपुर-पवई क्षेत्र का पौराणिक दुर्वासा ऋषि आश्रम, प्रत्येक स्थल के लिए योजनाबद्ध तरीके से निवेश किया जा रहा है ताकि यहाँ की ऐतिहासिक महत्ता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके।

आजमगढ़ के इस समग्र विकास अभियान में ईको-टूरिज्म को एक नई और अभिनव दिशा दी गई है। सदर क्षेत्र के अंतर्गत सिलनी स्थित चन्द्रमा ऋषि आश्रम के समग्र विकास के लिए 5 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना आजमगढ़ को एक शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। ईको-टूरिज्म के इस मॉडल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक पर्यटन के बीच एक अनूठा संतुलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन का मानना है कि प्रकृति के सानिध्य में स्थित इन ऋषि आश्रमों का विकास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी करेगा। इसी क्रम में सदर क्षेत्र के एकलव्य स्थल एवं भगवान शंकर जी के स्थान और निजामाबाद के प्रसिद्ध दत्तात्रेय आश्रम के लिए भी धनराशि आवंटित कर निर्माण कार्यों को तेज कर दिया गया है। इन स्थलों के विकास से आजमगढ़ के ऐतिहासिक गौरव में वृद्धि होगी और यह प्रदेश के चुनिंदा पर्यटन स्थलों की श्रेणी में खड़ा हो सकेगा।

जनपद के फूलपुर-पवई क्षेत्र के गढ़वा हनुमान मंदिर जैसी बड़ी परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहाँ 135.63 लाख रुपये की लागत से बुनियादी ढांचे को सुधारा जा रहा है। इसके साथ ही दीदारगंज के बंधवा महादेव पातालपुरी मंदिर और गोपालपुर के तेजबर बाबा मंदिर का विकास भी इसी विस्तृत कार्ययोजना का हिस्सा है। इन सभी कार्यों के संपादन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपी गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता बनी रहे। जिला प्रशासन इन परियोजनाओं की समयबद्धता और गुणवत्ता की निरंतर समीक्षा कर रहा है ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर इन स्थलों को जनता को समर्पित किया जा सके। सरकार का मानना है कि आस्था के साथ विकास की इस अवधारणा से न केवल सांस्कृतिक गौरव वापस लौटेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

पर्यटन के इस विस्तार का सीधा और सकारात्मक प्रभाव स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ना सुनिश्चित है। जैसे-जैसे इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आजमगढ़ की पारंपरिक कलाओं और यहाँ के स्थानीय उत्पादों को पर्यटन केंद्रों के माध्यम से एक बड़ा बाजार उपलब्ध होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार की यह नीति पर्यटन को केवल मनोरंजन का साधन न मानकर उसे आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाने की है। आधारभूत ढांचे जैसे सड़क, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होने से पर्यटकों को अपने प्रवास के दौरान सुविधाओं का अहसास होगा। क्षेत्र में निजी निवेश की संभावनाएं भी प्रबल होंगी। आजमगढ़ का यह बदलता स्वरूप आने वाले समय में नवीन आकर्षणों के साथ नए पर्यटकीय क्षेत्र का केन्द्र बनेगा।

धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का यह एकीकृत ढांचा आजमगढ़ को उसकी नई पहचान दिलाने के लिए तैयार है। सरकार की योजनाओं का कुशल क्रियान्वयन और जिला प्रशासन की सक्रियता ने उन प्राचीन धरोहरों को मुख्यधारा में ला खड़ा किया है, जो लंबे समय से उपेक्षित थीं। अब आजमगढ़ केवल अपनी प्राचीन गाथाओं के लिए नहीं, बल्कि अपने आधुनिक पर्यटन, बुनियादी ढांचे और सुव्यवस्थित तीर्थ स्थलों के लिए भी जाना जाएगा। आने वाले वर्षों में जब ये सभी ग्यारह परियोजनाएं और ईको-टूरिज्म का विशेष प्रोजेक्ट पूर्णता की ओर बढ़ेगा, तब आजमगढ़ का पर्यटन मानचित्र पूरी तरह से बदल चुका होगा। आस्था, अध्यात्म और प्रकृति के अद्भुत संगम के रूप में यह जनपद अब एक नए और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर है, जहाँ विकास की रोशनी प्राचीनतम मंदिर की दीवारों और आधुनिक पर्यटक सुविधाओं, दोनों पर समान रूप से चमक रही है। यह समूची प्रक्रिया आजमगढ़ को उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के संकल्प की सिद्धि है।

साहित्य



## सजी हुई किताबें...!

**संजय एम तराणेकर**

ये अलमारी में सजी हुई किताबें,
चुपचाप बहुत कुछ कह जाती हैं।
धूल-धक्कड़ की हल्की परतों में
ज्ञान की खुशबू फैलाते जाती है।

यहाँ हर पन्ना जैसे बोल रहा हो,
बीते कल की कोई एक कहानी।
उच्चतम संस्कारों की गहराई से
भरती रहती यहाँ घर की रवानी।

यहाँ शब्दों में सिमटती है समझ,
विचारों का गहराता उजियारा है।
इनसे ही तो घर-आँगन का मन,
संवेदनशील एवं भावुक प्यारा है।

इन अलमारी में सजी हुई किताबें
सिर्फ कागज़ का लिपटा ढेर नहीं।
ये घर के बौद्धिक स्तर को दर्शाता,
सबसे सच्चा आईना हैं घर में कहीं।





## राशिफल

**मेष:-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। आलस्य त्यागें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

# कलम का साधक साहित्यकार नानक चन्द्र

## (शिक्षक से साहित्यकार तक की यात्रा)

फर्रुखाबाद की उर्वर साहित्यिक भूमि ने अनेक रचनाकारों को जन्म दिया है। उन्हीं में एक नाम है श्रद्धेय नानक चन्द्र, यह पेशे से शिक्षक हैं, पर कर्म से साहित्य के अनन्य साधक। वर्तमान में प्रधानाध्यापक, कन्या प्राथमिक विद्यालय, बुढ़नामऊ में कार्यरत हैं जिन्होने चॉक और डस्टर के साथ-साथ कलम को भी अपना हथियार बनाया है। इनका मानना है कि अगर कक्षा में बच्चा पढ़ गया, तो समाज सुधर गया। बुढ़नामऊ के कन्या प्राथमिक विद्यालय को उन्होंने केवल पाठशाला नहीं, संस्कारशाला बना दिया है। बेटियों की शिक्षा, साफ-सफाई, नैतिक मूल्य और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए वे जिले में जाने जाते हैं। उनके प्रयासों से विद्यालय में नामांकन बढ़ा है और ड्रॉपआउट दर घटी है। वे बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ कबीर के दोहे और अंबेडकर के विचार भी सुनाते हैं।

गंगा-यमुनी तहजीब, संतों की वाणी और लोक-जीवन नेश्रद्धेय नानक चन्द्र ने नगला पीतम, फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद, उ.प्र में जन्म लिया पिता स्व. श्री बुद्धसेन से.नि. प्रधानाचार्य तथा माता स्व. श्रीमती भानमती के संस्कारों में पले-बढ़े। बचपन से ही डा0 अम्बेडकर की बातों ने प्रभावित किया। पत्नी श्रीमती आसना सिंह एम.ए. हिन्दी, बी.एड. एवं सह-रचनाकार हैं। पुत्र प्रियम सिंह एवं शोमिल सिंह हैं। सामाजिक-शैक्षिक दायित्व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ.प्र. के प्रान्तीय उपाध्यक्ष, आरक्षित सेवा एसोसिएशन उ.प्र. के प्रान्तीय प्रचारमंत्री तथा अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ उ.प्र. के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। ब्लाक संसाधन केन्द्र फर्रुखाबाद के पूर्व समन्वयक एवं एन.पी.ई.जी.ई.एल. जिला जेण्डर समिति के सदस्य भी रहे। पत्रकारिता के क्षेत्र में स्वतंत्र भारत व दैनिक देश धर्म के जिला संवाददाता, जिला पत्रकार परिषद फर्रुखाबाद के महामंत्री, अन्याय और अत्याचार साप्ताहिक के सम्पादक, बोधिसत्व बाबा साहब टूडे मासिक पत्रिका के ब्यूरो चीफ तथा प्रबोधिका एवं बाल वैतरणी पत्रिका के सह-सम्पादक रहे।

श्रद्धेय नानक चन्द्र ने शिक्षक रहते हुए महसूस किया कि समाज को बदलने के लिए कक्षा के साथ-साथ कलम भी जरूरी है। यहीं से उनकी साहित्यिक यात्रा शुरू हुई। वे मानते हैं कि शिक्षक की कलम में स्याही नहीं, समाज का भविष्य भरा होता है। श्रद्धेय नानक चन्द्र बहुआयामी लेखक हैं। उन्होंने लेख, निबंध, जीवनी, संस्मरण और समाचार लेखन में अपनी छाप छोड़ी है। उनकी भाषा सहज, सरल और आम आदमी से जुड़ी हुई है। वे कठिन शब्दों के जाल में नहीं फंसते, बल्कि सीधे दिल तक बात पहुंचाते हैं।



फर्रूखाबाद के स्थानीय मुद्दों, महापुरुषों और सामाजिक चेतना पर उनकी कलम खूब चली। श्रद्धेय नानक चन्द्र का साहित्य फर्रूखाबाद की माटी की सौंधी खुशबू लिए हुए है। इनका साहित्य फर्रूखाबाद की माटी की सौंधी खुशबू लिए हुए है। उन्होंने जिले के गुमनाम नायकों को शब्द दिए हैं और सामाजिक चेतना को पुस्तक का आकार दिया है। इनकी अब तक निम्नलिखित पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है, जो शिक्षा, इतिहास और सामाजिक क्रांति तीनों मोर्चों पर उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती हैं -सामाजिक क्रांति के पुरोधा इसमें ज्योतिबा फुले से लेकर डॉ. अंबेडकर और स्वामी अछूतानंद तक उन नायकों का जीवन-संघर्ष है जिन्होंने शोषित समाज को दिशा दी। पुस्तक ज्वाला में सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और शोषण के विरुद्ध आग उगलती कविताओं-लेखों का संग्रह है। देवियां पुस्तक में भारतीय इतिहास की 'कालजयी नारियों' से लेकर आज की संघर्षशील महिलाओं तक की गौरव-गाथा। बौद्ध संस्कार में समता, करुणा और प्रज्ञा पर आधारित बौद्ध दर्शन को सरल भाषा में आमजन तक पहुंचाने का प्रयास। महान विभूतियों के विचार में बुद्ध, कबीर, रैदास, नानक, फुले, अंबेडकर के क्रांतिकारी विचारों का संकलन जो युवाओं को दिशा देता है। बेसिक शिक्षा तब और अब पुस्तक में आजादी के पहले की तालीम और नई शिक्षा नीति तक की यात्रा का तुलनात्मक अध्ययन। यह पुस्तक शिक्षकों के लिए मार्गदर्शिका है। अभी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक क्रांति-दलितों की भूमिका इस पुस्तक में 1857 से लेकर संविधान निर्माण तक दलित समाज के योगदान का ऐतिहासिक दस्तावेज प्रकाशित हुआ है। पुस्तक नियमावली बेसिक शिक्षा जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रकार के अवकाश नियमों, शासनादेशों और प्रक्रियाओं को सरल भाषा में प्रस्तुत करने वाली व्यावहारिक पुस्तक है तथा इतिहास और महापुरुषों पर लेखन किया है। 'समाज का जवाहर' विधि प्रहरी एक ऐतिहासिक धरोहर जैसे आलेख से उन्होंने अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार के व्यक्तित्व को समाज के सामने रखा। अछूतोद्धारक स्वामी अछूतानंद पर उनका विस्तृत लेख दलित चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज बना। वे मानते हैं कि जिस समाज को अपना इतिहास नहीं पता, वह भविष्य नहीं बना सकता। एक शिक्षक के रूप में वे 'शिक्षित बनो' के मंत्र पर काम करते हैं। एक साहित्यकार के रूप में वे 'संगठित रहो' का संदेश देते हैं। और एक नागरिक के रूप में वे 'संघर्ष करो' की प्रेरणा बनते हैं। उनकी पुस्तकें कक्षा, पुस्तकालय और आंदोलन तीनों जगह पढ़ी जाती हैं। समाज का जवाहर'-विधि प्रहरी एक ऐतिहासिक धरोहर जैसे आलेख से उन्होंने अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार के व्यक्तित्व को समाज के सामने रखा। अछूतोद्धारक स्वामी अछूतानंद पर उनका विस्तृत लेख दलित चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज बना। वे मानते हैं कि जिस समाज को अपना इतिहास नहीं पता, वह भविष्य नहीं बना सकता।

बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जयंती पर समाचार लेख हो या सामाजिक कुरीतियों पर टिप्पणी इनकी कलम समसामयिक रहती है। वेसिद्धांतों पर आधारित खबर लिखते हैं और उल्टा पिरामिड शैली से सबसे जरूरी बात पहले रखते हैं। उनका लेखन अखबार, पोर्टल और सोशल मीडिया तीनों पर समान रूप से प्रभावी है। एक शिक्षक के रूप में वे 'शिक्षित बनो' के मंत्र पर काम करते हैं। एक साहित्यकार के रूप में वे 'संगठित रहो' का संदेश देते हैं। और एक नागरिक के रूप में वे 'संघर्ष करो' की प्रेरणा बनते हैं। डॉ. अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और स्वामी अछूतानंद के विचारों से प्रभावित श्रद्धेय नानक चन्द्र दलित-वंचित समाज में शिक्षा और स्वाभिमान की अलख जगाते हैं। उनको अभी बड़े सम्मानों की चाह नहीं है। उनका सबसे बड़ा सम्मान है- जब कोई बच्चा उनके स्कूल से पढ़कर आगे बढ़ता है, या जब कोई युवा उनका लेख पढ़कर समाज के लिए कुछ करने की ठान लेता है। वे चुपचाप, बिना शोर के फर्रूखाबाद की साहित्यिक और शैक्षिक जमीन को उपजाऊ बना रहे हैं। उनकी कलम में शिकायत नहीं, समाधान है। निराशा नहीं, उम्मीद है। उनकी प्रकाशित 8 पुस्तकें बता रही हैं कि उनकी कलम में शिकायत नहीं, समाधान है। निराशा नहीं, उम्मीद है। फर्रूखाबाद को गर्व है कि उसके पास श्रद्धेय नानक चन्द्र जैसा शिक्षक-साहित्यकार है, जो ब्लैकबोर्ड और सफेद कागज दोनों पर बराबर ईमानदारी से लिख रहा है। उनकी यात्रा बता रही है कि समाज को बदलने के लिए पहले खुद को 'चन्द्र' बनना पड़ता है , जो अंधेरे में भी शीतल प्रकाश देता रहे।

वैसे तो आपको प्रमुख सम्मान- महामहिम राज्यपाल उ.प्र. श्री रामनाईक द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर सेवा सम्मान 2017, दलित साहित्य अकादमी उ.प्र. द्वारा स्वामी अछूतानंद सम्मान व डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान 2007, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मान, जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट पत्रकारिता हेतु सम्मान, शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु मण्डलीय अधिकारी द्वारा सम्मान सहित अनेकों मचों से प्राप्त हो चुके हैं। श्रद्धेय नानक चन्द्र फर्रूखाबाद के उन दीपकों में से हैं जो बिना तेल की बात किए, अंधेरा मिटाने में लगे हैं। शिक्षक के रूप में वे कल के नागरिक गढ़ रहे हैं। साहित्यकार के रूप में वे सच को सामने लाकर आज का समाज सुधार रहे हैं।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भारतीय आदिवासी गिहार महासभा की बैठक में शिक्षा स्वास्थ्य पर जोर



**फतेहपुर।** भारतीय आदिवासी गिहार महासभा की बैठक कानपुर मण्डल में कानपुर नगर के एक गेस्ट हाउस दीप सिनेमा रोड साकेत नगर, में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश गिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन हंसराज गिहार ने किया। बैठक में शिक्षा स्वास्थ्य पर जोर व संगठन को मजबूत करना समाज की कुरीतियों को दूर करना व राजनैतिक व सामाजिक जागरूकता का विशेष अभियान तथा समाज के विकास पर चर्चा की गयी। बैठक में समाज के जो पैतृक पेशे थे उद्योगपतियों के कब्जे पर चिनता व्यक्त की गयी तथा समाज को जनजाति घोषित करने में सकरकारे सिर्फ आश्वासन ही देती हैं इसलिए यह समाज अपने को ठगा सा महसूस करता है। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस बार हमारे समाज को राजनैतिक भागीदारी देना उसी राजनैतिक दल को सपोर्ट किया जायेगा। तथा आवाहन किया गया कि समाज का मुख्य धारा में जोड़ने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिये। बैठक में प्रमुख लोगों ने भाग लिया। रामशंकर शिल्पकार लखनऊ, सोनू भारती लखनऊ, लाल सिंह गिहार कानपुर, हंसराज गिहार कानपुर, अनिल गिहार लखनऊ, राम सिंह गिहार फतेहपुर, रामबाबू गिहार फ्तेहपुर, राजेश गिहार, सोने लाल गिहार लखनऊ, धर्मेन्द्र गिहार हमीरपुर, नरेन्द्र गिहार कानपुर, नगीना गिहार कानपुर, केसरीचन्द्र गिहार कानपुर, राजकुमार गिहार बस्ती, जयचन्द्र गिहार फ्तेहपुर, सुनील गिहार, ओम प्रकाश गिहार हमीरपुर, गुड्डू गिहार, अजय बाबा गिहार, कानपुर, रामचन्द्र गिहार, जिलेदार सिंह गिहार भिण्ड, मप्र, डॉ. वीरेन्द्र कुमार गिहार कानपुर, अनिल कुमार गिहार, नवीन कुमार गिहार, सुमित कुमार गिहर कानपुर, श्याम कुमार गिहार कानपुर आदि लोग उपस्थित रहे।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर मॉडल इण्टर कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**पनवाड़ी/महोबा।** विकास खण्ड क्षेत्र के पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा ने बताया कि जेडी चित्रकूट धाम मण्डल राजू राणा के आदेशानुसार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव के निर्देशन में यह पर्व आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रभारी प्रीती कन्नौजिया और सह प्रभारी पूनम यादव के मार्गदर्शन में शिवपुराण पर आधारित चित्रकला,रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से सोमनाथ महादेव के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट की। इस दौरान सतीश मिश्र ने अपने संबोधन में बताया कि सोमनाथ प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में गुजरात के सौराष्ट्र (प्रभास पाटन) में स्थापित है जहां भगवान शिव ने चन्द्रमा के तप से प्रसन्न होकर उन्हें शाप मुक्त किया था। 13 नवम्बर 1947 को देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का प्रण लिया था और 11 मई 1951 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने पुनर्निर्मित मंदिर का लोकार्पण किया था अर्थात आधुनिक स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा की 75 वीं वर्षगांठ पर यह पर्व सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में आज हम मना रहे हैं। इस दौरान छात्र छात्राओं ने शिवपुराण पर आधारित रंगोली, चित्रकला और निबंध के माध्यम से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के बारे में बताया। जिसमें निबन्ध लेखन में उमाकांत प्रथम व सपना दूसरे स्थान पर रही। रंगोली में अर्चन प्रथम रक्षा दूसरे और चित्रकला में आकांक्षा प्रथम व तपस्या दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रवक्ता ऊषा देवी, शिखा राणा, रानी हृदेश, डॉ सुनैना, ज्योति राजपूत, आकेश, खेमचंद्र, सुरेश, जयनारायण, शिवम पाल समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### वीरांगना झलकारी बाई सेवा संस्थान के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा



**उरई (जालौन)।** वीरांगना झलकारी बाई सेवा संस्थान के वरिष्ठ युवा नेता संतोष कोरी (जीनू वर्मा) के नेतृत्व में प्रमोद वर्मा एडवोकेट, अनिल कुमार सिंदूर, विजय शास्त्री, दीपनारायण सिंह, रवि वर्मा दिरावटी, मोतीलाल पूर्व सभासद, नीरा देवी, ओमनारायण, आशीष कुमार एडवोकेट आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि देश की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के आंदोलन में झांसी की रानी के भेष में अंग्रेजों से युद्ध के दौरान अपने पति वीर पूरन पहलवान तोपची के साथ वीरगति को प्राप्त होने वाले देश की महान वीरांगना झलकारी बाई ने इतिहास में अगिट स्थान बनाया।कोरी समाज के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई है कि वीरांगना झलकारी बाई के नाम से केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना एवं उरई रोडवेज बस स्टैंड चौराहे का नाम वीरांगना झलकारी बाई के नाम कराया जाये जिससे आने वाली पीढ़ी उनके साहस, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार महान विभूतियों, विरांगनाओं को सम्मान देने का काम कर रही है इस लिए कोरी समाज की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस पुनीत कार्यों को करवा कर भारत के गौरवशाली इतिहास में अपना भी योगदान प्रदान करने में सहयोग करें।

### ब्राह्मण हितों के संरक्षण में चौबीस घंटे रहूंगा तत्परः अरुण



**उरई (जालौन)।** सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बुंदेलखंड प्रांत के जनपद जालौन जिलाध्यक्ष अरुण दुवे नीलू महाराज का प्रथम नगर आगमन पर समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह चौबीस घंटे ब्राहमण समाज के हितों को लेकर संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेंगे। जहां पर भी ब्राहमण परिवारों का उत्पीड़न, अत्याचार होगा उनको न्याय दिलाने में समूचा ब्राहमण परिवार एकजुट रहेगा। स्वागत समारोह के दौरान नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अरुण दुवे नीलू महाराज ने कहा कि आज ब्राहमण समाज बंटा हुआ है जिसे एकजुट करने के लिये वह जनपद का भ्रमण करेंगे साथ ही समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा कर समूचे ब्राहमण समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राहमणों ने न तो कभी किसी का उत्पीड़न किया और न ही किसी पर अत्याचार किया। फ्रि भी समय-समय पर राजनैतिक दलों के लोग ब्राहमणों पर इसका ठींकरा फोड़ते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राहमणों ने समूचे समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम सदियों से किया है और आज भी कर रहा है। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से महेंद्र दीक्षित विनौरा, पूर्व प्रधान राकेश तिवारी रिनियां, प्रदीप उर्फगोटे महाराज विनौरा, हरगोविंद शर्मा, अखिलेश चतुर्वेदी बड़ागांव सहित बड़ी संख्या में ब्राहमण समाज के लोग मौजूद रहे।

# चोरी की तीन घटनाओं का इंटेलिजेंस व कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

▸ एसपी ने खुलासे के लिए लगाई थी टीमें, चोरी का सामना खरीदते थे सोनार

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पीसीएफ कर्मचारी समेत शहर क्षेत्र मे हुई चोरी की तीन घटनाओं का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस में 22 बिछिया, 3 जोड़ी पायल, 3 सिक्के, 3 मोबाइल 2 अंगूठी, 1 कमरबंद पेटी, 1 अंगूठी, 1 जोड़ी कान की बाली, 1 चेन, 1 लॉकेट, और 6,000 रुपये नगद बरामद किए है। बता दे कि बीते दिनों सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरम कालोनी में दिन दहाड़े पीसीएफ कर्मचारी के घर का गेट फैलाकर चोरों ने नगदी समेत लाखों के रुजेवरात पार कर दिया था। मामले में कोतवाली पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पीसीएफ कर्मचारी समेत तीन चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे मोटरसाइकिलों से विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर सूने और बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। अंधेरा होने पर घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी का सामान आपस में बांटकर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। 11 मई को भी ये लोग चोरी की घटना के लिए निकले थे, तभी पुलिस ने रीशू पासवान, आशीष सिंह, दीपक कुमार उर्फकमल, जगदीश सोनी उर्फ आजाद और भास्कर सोनी उर्फ गोलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार मिश्रा, उ.नि. रायसाहब यादव, उ.नि. भारत सिंह, उ.नि. अनीश शुक्ल उ.नि. आजाद कुमार यादव, कां. मंगल सिंह, प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, हे.कां. मनोज कुमार, कां. विवेक कुमार, कां. पवन चौधरी, कां. हरीश कुमार, कां. रामसिंह पटेल शामिल रहे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मिष्ठान वितरित कर मनाई खुशी



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री व श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर अमित शर्मा के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन खागा विधायक कृष्णा पासवान व बनारस के हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाए जाने की खुशी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोलते हुए डॉ अमित शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से खागा की विधायक कृष्णा पासवान व हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया है विश्वकर्मा समाज के साथ-साथ फ्तेहपुर जनपद में कृष्णा पासवान के राज्य मंत्री बनने पर तमाम लोग खुश हैं। इसी के चलते यह मिष्ठान वितरण समारोह आयोजित किया गया है। निश्चित है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी कार्य कर रही है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फ्रि से उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्रि से बनेंगे। इस अवसर पर सुमित शर्मा, राजेंद्र, राकेश प्रधान, सर्वेश, डॉक्टर जितेंद्र मोहन, सुमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया और जनपदीय पुलिस को समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ किए जाने के निर्देश दिए।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर निकली कलश यात्रा

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा सोमनाथ मंदिर की 75 वीं वर्ष गांठ के अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दृष्टिगत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई। यह कलश यात्रा श्री सिद्धपीठ तांबेश्वर मन्दिर से निकाली गई। प्रधानमंत्री के सोमनाथ अमृत महोत्सव एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 के सोमनाथ संकल्प महोत्सव का सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर में सजीव प्रसारण देखा गया एवं उनके उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर विधायक जहानाबाद ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चन ओंकार जाप महाआरती रुद्राभिषेक दीपोत्सव आदि में प्रतिभाग कर विधिवत पूजन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही तथा धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। पूजन अर्चन के पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सदर राजकुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रवींद्र कुमार, डीपीएम संजय सिंह, सभासद संजय लाला, विनय तिवारी, विवेक नागर, रामसिंह पटेल, ऋतिक पाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्रापए ने डीएम को ज्ञापन देकर उठायी जिला प्रेस स्थायी समिति गठन की मांग

▸ जिलाअध्यक्ष ने पत्रकारों और प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय के लिए स्थायी समिति का गठन को बताया जरूरी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई महोबा द्वारा जिलाअधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन देकर जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन की मांग की गई और इस समिति के गठन को जरूरी बताया है।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया के नेतृत्व एवं मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान की उपस्थिति में जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन एवं उसकी नियमित बैठकों के आयोजन की मांग को लेकर जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकरण संख्या 1153/86 उत्तर प्रदेश के ग्रामीण पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख एवं मान्यता प्राप्त संगठन है। संगठन की इकाइयाँ प्रदेश के सभी जनपदों एवं तहसील स्तर पर गठित हैं। जनपद महोबा में भी जिला इकाई सहित तीन तहसील इकाइयाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग 125 सदस्य जुड़े हुए हैं। उन्होंने ने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा पत्रांक संख्या 480/सू. एवं ज.सं.वि. प्रेस-42/2024 टी.सी. दिनांक 30 जून 2025 के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन एवं उसकी नियमित मासिक बैठकें आयोजित किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। उक्त आदेश का उद्देश्य पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करना तथा पत्रकारों से संबंधित समस्याओं एवं उत्पीड़न के मामलों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जनपद महोबा में विगत वर्षों में जिला प्रेस स्थायी समिति की बैठकें आयोजित होती रही हैं, जिनमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सहभागिता प्रदान की जाती थी। किंतु पिछले लगभग तीन-चार वर्षों से समिति की नियमित बैठकें आयोजित नहीं हो पा रही हैं, जिससे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं प्रशासनिक समन्वय में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शासनादेश के अनुपालन अनुसार जनपद महोबा में जिला प्रेस स्थायी समिति का विधिवत गठन कर उसकी नियमित बैठकें आयोजित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की मांग की है, ताकि पत्रकारों एवं प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इस अवसर पर मोहम्मद अजीज, राकेश पटेरिया, अरविंद अनुरागी, फैजान अली, इफ्तखार अली, महेंद्र सोनी, सुरेश निराला, अनिल बाबू, चाँदबाबू मंसूरी, तौसीफ खान, हनुमान शुक्ला, आनंद तिवारी, शान मोहम्मद, मकबूल खान, सलमान, हरि दर्शन, हरि सिंह वर्मा, बिहारी लाल, बीडी बंसल, सुधांशु, राजू पटेरिया, बृजेंद्र भारद्वाज, शिवनंदन अग्निहोत्री, शहंशाह अहमद, प्रदीप तिवारी, अभिषेक गुप्ता, संतोष गोस्वामी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### सेक्टर पीपरी गहरवार में बसपा मीटिंग में की चुनावी चर्चा

**उरई (जालौन)।** कालपी विधानसभा के सेक्टर पीपरी गहरवार में बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता विधानसभा महासचिव मुलायम सिंह कठेरिया ने की,, बैठक में तीन बूथों की कार्यकारणी मौजूद रही। नरपाल नौरेजपुर ने कहा हर घर तक बहन जी द्वारा किए गए कार्यों को अवगत कराना है और 2027 में बहन जी को मुख्यमंत्री बनाने का काम करना है। विधानसभा महासचिव मुलायम कठेरिया ने निर्देश दिए जो कार्यकर्ता निष्क्रिय है उसे हटाकर सक्रिय कार्यकर्ता को जोड़े है बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्ष एवं सिरसा और क्षेत्र के जॉन प्रभारी नरपाल नौरेजपुर, बूथ अध्यक्ष रविशंकर गौतम पीपरी गहरवार, बूथ अध्यक्ष आनंद गौतम मऊ कनार, संजू पाल, दीपू पाल, वीर सिंह गौतम, पप्पू, रमाकांत राठौर, आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रत्येक गौशाला में पानी का इंतजाम रखेंः डीएम

▸ चमारी, सरसौखी गौशालाओं में भूसा-चोकर, पशु आहार उपलब्ध मिला

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में संचालित निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए ग्राम चमारी गौशाला एवं ग्राम सरसौखी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के रखरखाव, चारा-पानी, स्वच्छता तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं निरंतर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, खली एवं अन्य पशु आहार उपलब्ध पाया। गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल, छायादार व्यवस्था तथा साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए गौशालाओं में पानी की उपलब्धता हर समय बनी रहे तथा पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में मौजूद गोवंशों की स्थिति का अवलोकन करते हुए पशु चिकित्सा व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि गोवंश स्वस्थ एवं सुरक्षित रहें। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0: जनपद के थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**महोबा।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में जनपद में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी। पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।


## कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, जालौन

संख्या-330/जि0आ0अधि0/ दैनिक व्यवस्थापन/ 2026-27/जालौन/ दिनांक 11, मई 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद जालौन की अद्यतन अव्यवस्थित **देशी शराब दुकानें (12)** नया रामनगर (ईदगाह), मालगोदाम उरई, अकोढी, मुहम्मदाबाद, जालौन नं02 (मोहल्ला बापूसाहब) जालौन नं0ड (तोपखाना औरैया रोड), छिरिया सलेमपुर (चाकी मार्ग), खर्रा, हांसा मोड बबीना विनौरा वेद बंगरा नं0 2 (पुराना रेंडर रोड), कुरसेंडा **कम्पोजिट दुकान (1)** चन्दनगर उरई एवं **भांग दुकानें (06)** पटेल नगर उरई, जालौन नं0 2, कुठौंद, सिरसा कलार, माधौगढ़, गोहन दुकानों का राजस्व हित में दैनिक आधार पर संचालन चौदह दिनों कि अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, इसमें से जो भी पहले हो, के लिए किया जाना है। उक्त दुकानों का दैनिक व्यवस्थापन दिनांक 13.05.2026 से किया जाना है। दुकानों के लिए निर्धारित वार्षिक एम0जी0क्यू0/लाइसेंस फीस के एक दिवस के एम0जी0क्यू0 तथा बेसिक लाइसेंस फीस के आधार पर दिनांक 13.05.2026 से उपरोक्तानुसार निर्धारित दिवसों हेतु ऑफर/सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपनी निविदा कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0एवं रा0) जालौन स्थान उरई कलेक्ट्रेट परिसर में जमा कर सकते है। निविदा खोले जाने का समय दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे है। दुकानों के निर्धारित एम0जी0क्यू0/लाइसेंस फीस की विस्तृत जानकारी जनपद जालौन की बेवसाइट **https://jalaun.nic.in**, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जनपद जालौन के सूचना पटट् अथवा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक जनपद जालौन से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त दुकान का ऑफर में दिया गया एम0जी0क्यू0/एम0जी0आर0 का सम्पूर्ण उठान एक ही बार में किया जाना अनिवार्य है। चयनित आवेदक लाइसेंस फीस तत्काल ई-चालान के माध्यम से जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा। उक्त विज्ञप्ति में कोई भी लिपिकीय त्रुटि संशोधनीय होगी।

**(भूपेन्द्र सिंह)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**जनपद जालौन।**

**(राजेश कुमार पाण्डेय)**
**जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी**
**जनपद जालौन।**


## डीएम ने सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम का किया औचक निरीक्षण

▸ तालाब में जलस्तर को नहर से पानी भरने के दिए निर्देश

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम रगोली में स्थापित अत्याधुनिक सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम का औचक निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में आधुनिक सिंचाई तकनीक के उपयोग, जल उपलब्धता तथा किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। जिलाधिकारी ने पाया कि सिंचाई हेतु उपयोग किए जा रहे तालाब में पानी का स्तर अपेक्षाकृत कम है, जिस पर उन्होंने फ्टकार लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चूंकि नहरों का संचालन प्रारंभ हो चुका है, इसलिए तत्काल प्रभाव से नहर के माध्यम से तालाब को भरना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक सिंचाई प्रणाली कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। सेंट्रल पीवोट इरिगेशन सिस्टम से कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव होती है, जिससे किसानों की लागत घटती है और फ्सलों की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की आधुनिक तकनीकों को जनपद में अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए तथा किसानों को इनके प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है।

### झूठे मुकदमे से आहत युवक ने यमुना नदी में कूदकर दी जान

**उरई (जालौन)।** ग्राम बड़गांव के निवासी लोकेंद्र पुत्र मुकुंदी ने दर्ज झूठे मुकदमे से आहत होकर शनिवार के दिन आत्महत्या के लिए वीडियो वायरल किया था। इसके बाद से ही वह लापता हो गया था। जैसे ही उक्त जानकारी एसपी विनय कुमार सिंह को को पता चली तो उन्होंने युवक की खोजबीन के लिये कई टीम गठित की गई थी उक्त टीम ने अलग-अलग युवक को बरामद करने के लिए बराबर लगी हुई थी। एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना पुलिस बल के साथ लापता युवक को खोजने के लिए पूरी तरह कमर कस ली थी। इसी दौरान लापता युवक का शव यमुना में मिलने से पुलिस की मेहनत पूरी तरह से व्यर्थ साबित हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# डीएम ने की चकबंदी कार्यों व लंबित वादों की समीक्षा

**नियम-109 के आदेशों की समयबद्ध अमलदरामद एवं चकबंदी कार्यों में पारदर्शिता लाने के दिये निर्देश**

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों एवं लंबित वादों की अद्यतन समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में आयोजित की गई। बैठक में चकबंदी से संबंधित प्रकरणों की प्रगति, लंबित मुकदमों के निस्तारण तथा विभिन्न ग्रामों में संचालित चकबंदी प्रक्रिया की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक पीठासीन अधिकारीवार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 3 से 5 वर्ष तथा 5 से 10 वर्ष तक लंबित मुकदमों की नियमित एवं साप्ताहिक सुनवाई सुनिश्चित की जाए तथा गुण-दोष के आधार पर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में पुराने वाद अनावश्यक रूप से लंबित न रहें तथा न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी से जुड़े मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कास्तकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशासन के प्रति जनविश्वास को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियम-109 के अंतर्गत पारित आदेशों के परवानों की अमलदरामद खतौनियों में समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया से आच्छादित ग्रामों की धारावार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया का विरोध हो रहा है, उन ग्रामों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए, ताकि आवश्यक स्तर पर प्रभावी निर्णय लिया जा सके। बैठक में एडीएम (एफ/आर) निरंकार सिंह, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (एसओसी) संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीस ग्राम मारफीन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के काले कारोबार से जुड़े लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को 30 ग्राम मार्फीन व बिना नम्बर प्लेट की अपाचे बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ उप निरीक्षक रणजीत सिंह यादव चौकी प्रभारी पोखरा आदित्य पाल बीती रात पुलिस बल के साथ पोखरा बाजार में ड्यूटी को अंजाम दे रहे थे कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि नहर पटरी पर दयालगंज रेगुलेटर की ओर से एक व्यक्ति अपाचे मोटरसाइकिल से मार्फीन लेकर आ रहा है। जिस पर पुलिस टीम ने पोखरा चीनी मिल के निकट नहर पुलिया पर घेरा लगाकर अपाचे सवार 23 वर्षीय युवक को पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम पंकज दीक्षित पुत्र गया प्रसाद दीक्षित निवासी सराय चौबे वन पुकार कोतवाली हैदरगढ़ बताया। जामा तलाशी के दौरान युवक के पहने हुए लोअर की दाई जेब से 30 ग्राम मार्फीन तथा बिना नम्बर प्लेट की आर टी आर अपाचे बाइक बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से ?220 भी बरामद किया है आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मार्फीन को रायबरेली बचने के लिए ले जा रहा था।

## बाइकों की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत दोहई गांव के पास दो बाइकों की जोरदार टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरो की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया।जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दोंदेपुरवा निवासी मुस्तकीम (30) पुत्र मुहैय्यादीन अपनी ससुराल बसौली से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था तभी दोहई गांव के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि मुस्तकीम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# आचार्य द्विवेदी की प्रतिमा के समक्ष बही काव्य रस की धार

**162वीं जयंती के उपलक्ष में नदी के किनारे राजघाट पर निर्माण अधीन प्रतिमा स्थल पर हुई काव्य गोष्ठी**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



हिन्दी साहित्य में द्विवेदी युग के प्रवर्तक तथा हिन्दी खड़ी बोली के सृजन में अविस्मरणीय योगदान देने वाले आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की जयंती पर सई के पावन तट पर राजघाट पुल के समीप आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रतिमा के समक्ष संध्या बेला में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी का आयोजन आचार्य द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के तत्वावधान में किया गया। काव्य गोष्ठी के पूर्व आचार्य द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के संयोजक श्री गौरव अवस्थी जी की ओर से आचार्य द्विवेदी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा समस्त कवियों और श्रोताओं द्वारा भी आचार्य द्विवेदी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गयी। आचार्य जी का जीवन परिचय भी गौरव अवस्थी ने प्रस्तुत किया। काव्य गोष्ठी में आए सभी कवियों, श्रोताओं और प्रबुद्धजनों का स्वागत बुके देकर किया गया। तत्पश्चात काव्य गोष्ठी का शुभारंभ जनपद के लोकप्रिय गीतकार दुर्गाशंकर वर्मा दुर्गेश की अवधी भाषा में वाणी वन्दना से हुआ। काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ गीतकार आचार्य सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, शिवबहादुर सिंह दिलवर, मुकुल किशोर तिवारी, डा किरन शुक्ला, डा राम लखन शर्मा, शिवनाथ सिंह शिव, मयंक मिश्र, प्रदीप मौर्य आदि कवियों ने सुमधुर कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।काव्य गोष्ठी रात्रि 9बजे तक चलती रही। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय तथा संचालन शंकर प्रसाद मिश्र ने किया।

# मौजूदा प्रधान व पूर्व प्रधान पुत्र मे जमकर चले लाठी डंडे, 11 पर दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मौजूदा प्रधान व पूर्व प्रधान के समर्थकों के बीच जमकर हुई मारपीट दोनों पक्षों से कई हुए घायल 11 पर दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं में मुकदमा चन्दापुर थाना क्षेत्र के समरहदा ग्राम पंचायत मे दुर्गेश पंडित के यहां फंक्शन चल रहा था समझ में गांव के वर्तमान प्रधान राजन मौर्य तथा पूर्व प्रधान के पुत्र रणधीर सिंह उर्फ पप्पू के समर्थक भी शामिल होने पहुंचे थे कार्यक्रम के दौरान दोनों पर सामने सामने आ गए पहले हॉकी नोक झोंक हुई लेकिन कुछ देर में माहौल तनावपूर्ण हो गया और विवाद हिंसक झड़प में बदल गई दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया अचानक कोई मारपीट में समारोह स्थल पर अपना तफरी मच गई महिलाएं और बच्चे



भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे घटना में वर्तमान प्रधान एवं दूसरे पक्ष से एक गंभीर रूप से घायल है तो वहीं कई अन्य घायलों के बारे में भी सूचना मिल रही है वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा विवाद किसी तरह शांत कराया। चन्दापुर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की तरफ से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एडीएम की अध्यक्षता में स्व-गणना अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आज जनपद रायबरेली के बचत भवन में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रायबरेली कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन, अध्यक्ष जिला कलेक्ट्रेट कर्मचारी संगठन, अध्यक्ष एवं महामंत्री सेंट्रल बार एसोसिएशन दीवानी परिषद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके



पश्चात जिला जनगणना अधिकारी द्वारा मा0 जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह, मा0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह एवं अन्य मा0 न्यायाधीश को जनपद न्यायालय में स्व-गणना के बारे में जानकारी देते हुए सभी मा0 की स्व-गणना कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक चलने वाले स्व-गणना अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जनगणना ऑनलाइन कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनेगी।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में जनपद



पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### जिला कार्यालय पर भाजपा की संगठन बैठक आहूत

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संगठन की आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई जबकि बैठक में मुख्य रूप से सेवता विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञान तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक ज्ञान तिवारी ने संगठन के लोगों से आगामी समय मे पार्टी के दिशा निर्देशों के अनुसार जमीन पर कार्य करने का आवाहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि 2027 का चुनाव का आगाज हो चुका है हमें सीतापुर की सभी 9 विधानसभाओं में कमल खिलाना है इसके लिए संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी तैयारी कर लेनी है उन्होंने बूथ स्तर पर लगे पदाधिकारियों से बूथ को वेल मैनेजमेंट व पार्टी के दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए। जिले की सभी विधानसभाओं में पार्टी प्रवासियों से जिला अध्यक्ष ने पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यों का फीडबैक लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।। आगामी प्रशिक्षण के लिए भी जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से चल रही तैयारियों का फीडबैक लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य रूप से विश्राम सागर, सागर राठौर, महेश शर्मा, सुधाकर शुक्ल नैमिष रत्न तिवारी विपुल प्रताप सिंह, पटेल रेखा वर्मा सचिन मिश्रा आकाश अग्रवाल, जया सिंह, रीतेश सिंह गौर, महेंद्र वर्मा, सावित्री देवी , निधि सिंह नीरज अवस्थी, ललित शुक्ला कामेश शुक्ला सुधीर वर्मा लक्ष्मी नारायण मौर्य रजनीश श्रीवास्तव प्रखर जायसवाल सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अपेक्षितगण उपस्थित रहे।।

### डीपीआरओ का नहीं हुआ स्थानान्तरण, तो स्थानान्तरण नीति में होगी धन उगाही: सुनील राजवंशी

**सीतापुर।** योगी सरकार भ्रष्टाचार्यों पर कई कार्यवाही कर रही है और अपने अधिकारियों कड़ी निर्देश दे रहे हैं वही सीतापुर में तैनात रहे जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भ्रष्टाचार में पूरी तरीके से लिप्त है और शासनादेश के धज्जियां उड़ते हुए नजर आते हैं जिस पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि 22 अप्रैल 2026 को जनपद सीतापुर में कार्यरत जिला पंचायत राज अधिकारी निरीशचन्द्र साहू की मनमानी कार्यशैली व शासनादेश को ताख पर रखकर निजी लाभ के चलते सात सूत्रीय एक शिकायत पत्र प्रमुख सचिव को दिया गया था उक्त पत्र को संज्ञान में लेते हुए उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर को जिला पंचायत राज अधिकारी निरीशचन्द्र साहूं की तथ्यात्मक जांच के निर्देश जारी किये गये थे। जारी पत्र की जांच जिला विकास अधिकारी सीतापुर के द्वारा की जा रही हैं।

# हत्या के अभियोग में वांछित 25 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत दिनांक सोमवार को पीपरपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु के दौरान थाना पीपरपुर में वांछित 25,000 रुपये के इनामिया थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा सचिन पाण्डेय उर्फ नागेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व. राजनारायण पाण्डेय निवासी ग्राम गौरामाफी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक देशी पिस्टल, खोखा कारतूस व 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर अभियोग में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# पायलट प्रोजेक्ट '9 वर्टिकल' के तहत थाना जामो में गोष्ठी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा द्वारा पायलट प्रोजेक्ट '9 वर्टिकल' के अंतर्गत चयनित थाना जामो में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा तथा थाना जामो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में अभिलेखों व रजिस्टरों के सुव्यवस्थित संधारण तथा डिजिटल व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार सभी आवश्यक रजिस्टर मैनुअली एवं डिजिटल दोनों माध्यमों से अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। जिन रजिस्टरों का वर्तमान में उपयोग



नहीं हो रहा है, उन्हें अन्य प्रासंगिक रजिस्टरों में समाहित किया जाए। साथ ही जिन अभिलेखों में डिजिटल प्रविष्टि का प्रावधान है, उनमें निर्धारित प्रक्रिया के तहत नियमित, त्रुटिरहित और जिम्मेदारीपूर्वक प्रविष्टियां सुनिश्चित की जाएं। अधिकारियों को प्रस्तावित विभिन्न वर्टिकल्स के अंतर्गत संचालित रजिस्टरों व अभिलेखों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश भी दिए गए। तदोपरांत थाना जामो में प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के साथ संवाद कर उन्हें अनुशासित जीवनशैली अपनाने, पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सरकारी अस्पताल की रोड खस्ताहाल

**जैदपुर बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत जैदपुर के सरकारी अस्पताल की रोड बत से बत्तर हो गई।नगर पंचायत जैदपुर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जानें वाली रोड इस समय चर्चा का विषय बन गयी है।आज यह रोड बत से बतर हो गयी है।अक्सर जैदपुर व आसपास के गांवो से रोज सैकड़ों लोग जैदपुर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आते हैं जिस कारण लोगो का आने जाने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ा है

सबसे ज्यादा मुश्किल जच्चा-बच्चा वाली महिलाओं के लिए है।जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोटल पर वार्ड रईस कटरा के सभासद ताहिर अंसारी ने की है।वहीं अधिशाषी अधिकारी राम जनक तिवारी को पिछ्ले कोई बार अवगत भी किया है लेकिन कोई सुन्ने को तैयार नहीं है।

# बौद्ध धम्म सम्मेलन में जुटी उपासकों की भारी भीड़

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** ब्लाक भादर पूरे लाल मिश्र खरगपुर बरियारशाह में डा. बाबूलाल के सौजन्य से एक दिवसीय बौद्ध धम्म सम्मेलन धम्म देशना एवं भोजनदान कार्यक्रम में हजारों बौद्ध अनुयाई जुटे। धम्म सम्मेलन में बौद्ध भिक्षु संघ ने उपस्थित उपासक -उपासिकाओं को धम्म का रसपान कराया। सम्मेलन में बौद्ध भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध के बुद्ध-धम्म-संघ का ऐसा बखान किया कि उपासक- उपासिका भाव-विभोर हो गए। धम्म सम्मेलन में अनुपम सुल्तानपुरी के कंठ का अनुपम आकर्षण रहा। कार्यक्रम को अम्बेडकर कल्याण समिति जनपद अमेठी की भूमिका भीड़ जुटाने में सराहनीय रही। समिति जिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को खास



बनाने का बीड़ा उठाया था। बौद्ध भिक्षुओं में भिक्खू धम्म दीप भूपियामऊ, भिक्खू धम्म दीप नुवावां, भिक्खू प्रज्ञा मित्र सोइया बौद्ध विहार सहित धर्मेंद्र बौद्ध अध्यक्ष अम्बेडकर कल्याण समिति, राम अभिलाष बौद्ध विधानसभा प्रभारी बसपा, सुरेन्द्र अम्बेडकर विधानसभा बामसेफ संयोजक अमेठी, बौद्धाचार्य शिवनाथ, हरिनाथ प्रधान संगठन मंत्री, रामफल फ़ौजी विधानसभा सचिव बसपा, फूल चन्द बौद्ध, इन्द्र पाल बौद्ध, राम बली बौद्ध, लक्ष्मण प्रसाद गौतम विधानसभा अध्यक्ष बसपा, डॉ अनुराग भारती, राम समुझ बौद्ध बौद्धाचार्य, राम कुमार, जगलाल पंचायत कर्मचारी, गुरूचरन फारेस्टर, गजाधर प्रसाद अध्यक्ष भादर, कलावती बौद्ध, सहित बहुत बडी संख्या में धम्म अनुयाई मौजूद रहे।

# बसपा सत्ता में वापसी के लिए तैयार : सुरेश कमल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बहुजन समाज पार्टी की जनपद कार्यकारिणी की बैठक धर्मराज कोरी के निवास निकट विकास भवन गौरीगंज में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार कमल ने कहा बहुजन समाज पार्टी 2027 में सत्ता में वापसी के लिए तैयार है। जिला पदाधिकारी से लेकर बूथ के पदाधिकारी तक पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कार्यों को अंजाम दें। बहुजन समाज पार्टी इस बार सर्वसमाज के गठजोड़ से सत्ता में वापसी कर रही है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष बब्लू पाण्डेय, जिला महासचिव श्रवण कुमार यादव, जिला सचिव राजपाल, जिला बामसेफ संजीव भारती, पूर्व जिला प्रभारी अरूण कुमार, विधान सभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद गौतम, धर्म राज, विजय कुमार गौतम, शमशेर बौद्ध, मोतीलाल, के के आर्या, विधानसभा बामसेफ संयोजक अमेठी सुरेन्द्र अम्बेडकर, गौरीगंज राजू बौद्ध, पूर्व विधानसभा बामसेफ संयोजक आर एस चक्रवर्ती, विधानसभा महासचिव सिद्धार्थ कन्नौजिया, सेक्टर पदाधिकारी ललित बौद्ध, फूलचंद बौद्ध, अल्ताभ आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन ग्रामीण व शहरी योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण एवं शहरी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत परशदेपुर पेयजल योजना, रायबरेली सीवरेज योजना, गोराबाजार पेयजल योजना सहित अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जिसमें कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डीसीएम ने खड़ी बस में मारी टक्कर, चालक की मौत

**मसौली बाराबंकी।** रविवार की देर रात लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा रसोली के निकट एक निजी बस चालक की सड़क हादसे मे मृत्यु हो गयी।पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसोली गांव के निकट हाइवे पर स्थित विक्की ढाबे के निकट वैशाली एक्सप्रेस की बस संख्या एनएल 07 बी 0898 मे आयी यांत्रिक खराबी के चलते बस को सड़क के किनारे खड़ी कर बस के नीचे लेटकर खराबी को ठीक कर रहा था तभी अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार मे आ डीसीएम नम्बर आरजे 11 जीडी 5121 ने बस को टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के चलते बस के नीचे मौजूद चालक के सिर पर बस का पहिया चढ़ गया।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया महाराणा प्रताप का शौर्य दिवस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र शाहगढ़ के रामशाहपुर गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का शौर्य दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने भाग लेकर महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के त्याग, साहस और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित और सामाजिक



विकास के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर देशभक्ति और वीरता से जुड़े विचार भी व्यक्त किए गए।

इस मौके पर शिवम सिंह बाजीराव, अंकुर सिंह, बंटी सिंह चौहान, विनम सिंह, नीरज सिंह उलरा, विजय सिंह, धनंजय सिंह, सर्वेश सिंह दीवान, शेर बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अंशु तिवारी, रामअचल तिवारी, गया प्रसाद सिंह, पंकज सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु सिंह, अतुल सिंह, भानु प्रताप सिंह, अनुराग सिंह काका, नीरज सिंह चन्दौकी, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# किडजी स्कूल में माताओं के सम्मान में मनाया मातृदिवस

**बच्चों और माताओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम**



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री आरएस लाल देवकी किडजी ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने माताओं को समर्पित दिवस मातृदिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर दीपांजलि वर्मा ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों और माताओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने सरस्वती वंदना पारम्परिक वेशभूषा में प्रस्तुत की। आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों जूनियर ओपन ब्रेड में दिव्या राय, म्यूजिकल कप में प्रियंका कमल, मूंछ बनाओ में आरती, गेंद उठाओ में पायल, नॉन स्टॉप डांस में प्रेमा व शीतल ने प्रथम आकर बाजी मार ली। रैंप वॉक में नन्हे मुन्ने बच्चों की मम्मियों निशा दुबे, पूनम शर्मा, सोनी राठौर, राजकुमारी, नेहा त्रिपाठी, नेहा, कोमल, प्रतिभा, साधना व हमज़ीदा ने जलवा बिखेरा। मुख्य अतिथि दीपांजलि वर्मा ने विजेताओं को अंगवस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा नगरीय क्षेत्र में यह स्कूल उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहा है। मैं विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। उन्होंने साइबर क्राइम के प्रति माताओं को जागरुक करते हुए कहा सरकार ने इसके लिए टोल फ्री 1930 और महिलाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1090 जारी किया है। अपनी किसी भी समस्या के लिए इन टोल फ्री नंबर पर तत्काल संपर्क करें। इस अवसर पर विद्यालय समिति के विमल प्रकाश, शुभम कमल, प्रधानाचार्या बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्या प्रतिमा शुक्ला ने स्मृति चिन्ह व प्रतीक चिह्न देकर मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर दीपांजलि वर्मा सहित साथ आई महिला कांस्टेबलों को सम्मानित किया। योग्यता, शानाया, वैभवी, दिविशा, अमृष्टि, अमृता आदि छात्राओं ने एंकर की भूमिका का निर्वाह किया। कार्य्रक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**सबसे अलग होती है मां की ममता और भाषा**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने कहा हम चाहे जितना पढ़-लिख जाएं, आगे बढ़ जाएं, लेकिन मां की ममता और भाषा सबसे अलग होती है। साइबर क्राइम पर माताओं को जागरूक करते हुए उन्होंने आगे कहा आजकल ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं।

# आवास विकास परिषद कराएगा पांच पार्कों का सौंदर्यीकरण

**लगभग 45 लाख रुपये होंगे खर्च**



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर क्षेत्र के लोगों को जल्द ही बेहतर पार्क और हरियाली से युक्त वातावरण मिलने जा रहा है। आवास विकास परिषद द्वारा नगर के पांच पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिस पर करीब 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत पार्कों में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे लोगों को टहलने, बैठने और बच्चों को खेलने के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा। नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि आवास विकास परिषद कानपुर के एक्सईएन मिश्रीलाल की देखरेख में यह कार्य कराया जाएगा। नगर क्षेत्र के पांच पार्कों को पालिका द्वारा चिन्हित किया जाएगा, जिनका चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण होगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका पार्क नंबर-1, जो कोणार्क प्रेस के सामने स्थित है, के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू भी करा दिया गया है। योजना के अंतर्गत सभी चयनित पार्कों में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा, ताकि पार्क सुरक्षित और व्यवस्थित रह सकें। इसके अलावा पार्कों के अंदर चारों ओर टहलने के लिए फुटपाथ बनाए जाएंगे। लोगों के बैठने के लिए आकर्षक बेंचें भी लगाई जाएंगी, जिससे सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आवास विकास परिषद द्वारा मुख्य निर्माण कार्य कराया जाएगा, जबकि अन्य आवश्यक कार्य नगर पालिका अपने स्तर से कराएगी। इस योजना से नगर की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण भी मिलेगा। स्थानीय लोगों ने पार्कों के सौंदर्यीकरण की योजना पर खुशी जताई है।

## संजीवनी हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर जाँच कैंप का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** संजीवनी हॉस्पिटल, नगर पालिका रोड में कैंसर विशेषज्ञों द्वारा एक निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 22 मरीज आये जिसमे 6मरीज कैंसर पीड़ित थे। कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सभी मरीजों की गहन जाँच की और उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ-साथ सामान्य जाँच की सुविधा प्रदान की। कैंप का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शुरुआती निदान को प्रोत्साहित करना था। मरीजों के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन ने उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा। इस अवसर पर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी, डॉ. आशुतोष मिश्रा (एमडी), डॉ. गौरव शाह, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. अजय यादव, प्रभात अवस्थी और शिवकुमार मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मंत्री बनाये जाने पर आतिशबाजी के साथ मिठाई बांटकर मनाया गया जश्न, दी गईं बधाई



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री पद पर नियुक्त होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर के विशुनगढ़ रोड तिराहा स्थित सियाराम वर्मा मिष्ठान भंडार पर जोरदार आतिशबाजी के साथ मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया।

विधायक कैलाश राजपूत का घर आवास विकास कॉलोनी में है, जबकि पैतृक गांव मेरापुर गढ़िया में उनके छोटे भाई संतोष कुमार की पत्नी रश्मि राजपूत ग्राम प्रधान हैं। जेठ के मंत्री बनने की खुशी में रश्मि राजपूत सबसे पहले नगर पहुंचीं और यहां सियाराम वर्मा मिष्ठान भंडार पर मिठाई बांटी। इसके बाद वे अपने गांव मेरापुर गढ़िया पहुंचीं, जहां ग्रामीणों के बीच आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की गई।

इस अवसर पर रामपुर बैजू गांव के पूर्व प्रधान के पति संजय राजपूत ने कहा आजादी के बाद कानपुर मंडल में पहली बार लोधी राजपूत को मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री का दर्जा देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समुदाय का दिल जीत लिया है। वर्ष 2027 के चुनाव में हम भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरे जोर लगाएंगे।

सत्यपाल वर्मा ने कहा कि कैलाश राजपूत के मंत्री बनने से कन्नौज जनपद के विकास को नई गति मिलेगी। वे जमीन से जुड़े नेता हैं और क्षेत्र की समस्याओं को गहराई से जानते हैं।



बधाई देते जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं ओमकार शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री पद पर नियुक्त होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं ओमकार शाक्य ने लखनऊ स्थित उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी।

इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा कैलाश राजपूत का राज्य मंत्री बनना कन्नौज जिले विशेषकर तिर्वा क्षेत्र के लिए बेहद खुशी की बात है। उनकी मेहनत, समर्पण और जनसेवा की भावना को मुख्यमंत्री जी ने सही सम्मान दिया है। हम पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हैं कि वे मंत्री पद पर रहते हुए क्षेत्र के विकास, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए ठोस कार्य करेंगे। ओमकार शाक्य ने कहा यह नियुक्ति न केवल कैलाश जी के व्यक्तिगत जीवन की उपलब्धि है।

# कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील में धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिलुआपुर निवासी अवधेश कुमार ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पर अनुसूचित जाति समाज की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए परिवार सहित तहसील में धरने पर बैठ गया। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में अवधेश कुमार ने बताया कि उनके पिता रामबाबू के नाम ग्राम समाज की भूमि से संबंधित विवाद लंबे समय से चल रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि, चकरोड और नाली की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मामले में तहसील प्रशासन और पुलिस द्वारा पहले भी कार्रवाई की गई थी, लेकिन दोबारा कब्जा कर लिया गया। अवधेश कुमार का आरोप है कि सपा प्रदेश अध्यक्ष ने सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अनुसूचित जाति समाज का अपमान किया।

उन्होंने कहा कि इस बयान से पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को धमकियां भी दी जा रही हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



## खबरें एक नजर में

### भारतीय शिक्षा सदन में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने छात्राओं को किया पुरस्कृत**



**गुरसहायगंज कन्नौज।** शिव पुराण पर आयोजित चित्रकला रंगोली भाषण एवं काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सोमवार को प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर ने बताया कि भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज में जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज एवं फर्रुखाबाद का अतिरिक्त प्रभार देख रहे पप्पू सरोज द्वारा जारी किए गए निर्देश पर 11मई सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का भव्य उत्सव है जो सोमनाथ मन्दिर को हजारों बर्षो की अविचलित यात्रा को स्मरण कराता के अन्तर्गत भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज में शिवपुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली ,भाषण एवं काव्य प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें छात्राओं अवन्तिका शुक्ला, मानवी शाक्य, रानी शर्मा,राधिका, प्रियंका, चांदनी, प्राची, सीता, नत्या दुबे, दिव्या, मोहिनी, सुहानी आदि ने प्रतिभाग किया सभी प्रतियोगिताओं को कराने में प्रवेश कुमार, राजीव कुमार, दिव्य दीपक दीक्षित, अन्जना बाजपेयी ने सराहनीय योगदान दिया। योगेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य ने बताया कि सोमनाथ मंदिर पर अनेकों बार आक्रमण कर विध्वंस के बावजूद यह मन्दिर बार -बार पुननिर्मित हुआ जो भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और पुनरुत्थान की भावना का प्रतीक है। इस मौके पर सुनील सिंह भदोरिया सप्त ऋषि त्रिपाठी अनिल कुमार अनिल कुशवाहा श्यामू कुमार अंजना भारती मिथिलेश यादव संजीव यादव ध्रुव जी यादव सहित शिक्षक एवं विद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी में चमकी युवा प्रतिभा

**कन्नौज।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सोमवार को मेरा युवा भारत कन्नौज की ओर से गुरसहायगंज स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उन्हें विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी, संस्थान निदेशक अरुण त्रिपाठी और प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अवैध वसूली और अव्यवस्था पर मरीजों का फूटा गुस्सा

**सीएचसी के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाकर जमकर काटा हंगामा**

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को इलाज कराने पहुंचे मरीजों और तीमारदारों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा, जब अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं और कथित अवैध वसूली से परेशान लोगों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में मरीजों से खुलेआम पैसे वसूले जा रहे हैं और सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है।

एक तरफ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं हजारों रुपए की तनख्वाह पाने वाले कुछ स्वास्थ्य कर्मचारी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाते हुए अस्पताल को लूट का केंद्र बनाते जा रहे हैं, जिससे गरीबों की जेब पर गहरा असर पड़ा रहा है। ऐसे कई मामले अस्पताल से सामने आ चुके हैं, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती रही है। एक नया मामला नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सामने आया है यहां कसावा निवासी कन्हैया लाल और पुन्नी नगला की ममता देवी ने बताया कि कमरा नंबर-1 में तैनात कर्मचारी इंजेक्शन लगाने के नाम पर 120 रुपये की मांग करते हैं। पैसे न देने पर मरीजों को डांटकर भगा दिया जाता है।

हालांकि संबंधित कर्मचारी हरिनाथ ने आरोपों को निराधार बताया है। इसके अलावा अस्पताल में सर्वर ठप होने और आभा कार्ड की अनिवार्यता के चलते कई मरीज घंटों लाइन में खड़े रहे।

रनवीरपुर निवासी रानी और रामप्यारी समेत कई गर्भवती महिलाओं को बिना जांच और दवा के वापस लौटना पड़ा। पर्चा न बनने से मरीजों को सरकारी एंबुलेंस भी नहीं मिल सकी। भीषण गर्मी में पानी और छाया की व्यवस्था न होने से कई मरीजों की हालत बिगड़ गई। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रभात फेरी से हर मोहल्ले में गूंज रहे भजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में मंशेश्वर नाथ मंदिर से प्रतिदिन सुबह 5 बजे से निकल रही प्रभात फेरी हर मोहल्ले में भ्रमण करती है। इस दौरान भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन रहा है। विगत कई माह से इस प्रभात फेरी में विनय तिवारी, रमेश शुक्ला, वीपी सिंह, प्रशांत भदौरिया, मधु शुक्ला, सुनीता त्रिपाठी, जसोदा, मधु तिवारी, मालती देवी, वीणा यादव, गीता तिवारी, ममतेश पाल, सुधा दुबे, कृष्ण दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। ढोल-मंजीरे और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ निकलने वाली यह प्रभात फेरी पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देती है। महिलाएं भजन-कीर्तन करती चलती हैं। नगरवासी जगह-जगह फेरी का स्वागत पुष्प वर्षा और आरती से करते हैं। आवास विकास कॉलोनी में प्रभात फेरी में शामिल लोगों का स्वदेश पाल, ममतेश पाल, गीता तिवारी, पारस यादव, प्रिंसी यादव, अनुज दुबे, अथर्व पाल आदि ने माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र पहनीकर स्वागत किया।



आयोजकों ने बताया कि यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। इससे आपसी भाईचारा और धार्मिक भावना मजबूत होती है। सुबह 5 बजे से शुरू होकर फेरी विभिन्न मोहल्लों से गुजरती हुई मंदिर वापस पहुंचती है।

# माध्यमिक विद्यालयों में मनाया जाएगा ‘सोमनाथ स्वाभिमान पर्व’

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में ‘सोमनाथ स्वाभिमान पर्व’ मनाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। 11 मई को विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और स्वाभिमान से जोड़ना बताया गया है। सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति और आत्मगौरव का प्रतीक है। इतिहास में अनेक आक्रमणों के बावजूद मंदिर का पुनर्निर्माण भारतीय समाज की दृढ़ता और पुनरुत्थान की भावना को दर्शाता है। इसी भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विद्यालयों में विशेष गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों से कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रतिभागियों का विवरण निर्धारित समय तक ऑनलाइन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को भी कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

# सफाई कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर उठाई आवाज



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एस.सी./एस.टी. आयोग उत्तर प्रदेश शासन के सदस्य रमेश चंद्र कुन्डीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर पालिका परिषद नगर में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा सिंह वाल्मीकि के नेतृत्व में कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगें रखीं। कर्मचारियों ने मांग की कि शासनादेश के अनुसार आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को बिना वेतन कटौती के साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। साथ ही कर्मचारियों के बकाया ईपीएफ की धनराशि उनके खातों में जमा कराई जाए। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में बढ़ती आबादी और क्षेत्रफल को देखते हुए नए स्तर से 10 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि सफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके। कर्मचारियों ने शासन द्वारा बढ़ाए गए वेतन को लागू करते हुए न्यूनतम 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिए जाने की भी मांग की। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महासंघ के राकेश बाल्मिक संजय बाल्मिक शिव बाल्मिक अरविंद संजीव रंजीत गोविंद संजय नरेश सर्वेश आकाश बाल्मिक सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीनियर व जूनियर ग्रुप की साइबर अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** साइबर पुलिस की सहायता से उड़ान संस्कारशाला द्वारा जनवरी माह में आयोजित ऑनलाइन साइबर अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गो के विद्यार्थियों ने अपनी जानकारी एवं कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था। परिणाम सूची जारी करते हुए उन्होंने बताया कि अवध एजुकेशन सेंटर से आयुषी दुबे, प्रियांशी गुप्ता एवं नैन्सी यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। सिटी चिल्ड्रन्स अकादमी से शिवांश गुप्ता, शिवान्या चतुर्वेदी, शिवांक शुक्ला, समीक्षा, कार्तिकेय एवं अपूर्वी राजावत ने सफलता हासिल की। हीरालाल कॉलेज से आनंद यादव, शिवम एवं सुदिति सिंह ने, आरबीएस विद्यालय से मयंक पाल, अरुष सक्सेना, शोभित, सोनी यादव, कशिश शर्मा एवं हेमवीर, पीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज से अदीबा, प्रिया बाथम एवं शिरी परवीन एवं गैलेक्सी पब्लिक स्कूल से अंश मिश्रा एवं शिवांक शुक्ला तथा आरसी पब्लिक स्कूल से साक्षी, अभिनव शर्मा, वीर, वैष्णवी एवं काजल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

सभी विजेताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा बनवारी नगर स्थित सभागार में प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा।

## महिला को दी जान से मारने की धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका कार्यालय के सामने फूल-माला बेचने वाली एक महिला ने दबंग दंपति पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सराफान निवासी रूपा सैनी पत्नी संजीव सैनी ने बताया कि मोहल्ला दीक्षितान निवासी एक महिला उससे पुरानी रंजिश मानती है। इसी बात को लेकर वह और उसका पति आए दिन उसके घर के बाहर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं तथा धमकियां देते रहते हैं। पीड़िता के अनुसार सोमवार को आरोपित महिला का पति उसके दरवाजे पर पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

# मेरा युवा भारत द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**युवाओं ने प्रस्तुत किए आकर्षक वैज्ञानिक मॉडल**

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर दिनांक 11 मई 2026 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, कन्नौज द्वारा सिटी मोंटेससोरी स्कूल , गुरसहायगंज में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी श्री सागर महेश्वरी, संस्थान निदेशक अरुण त्रिपाठी एवं विद्यालय प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने युवाओं को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं युवा प्रतिभागियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से वाटर रीसाइक्लिंग सिस्टम, स्मार्ट पार्किंग मॉडल, वाटर फिल्ट्रेशन तकनीक, सोलर पैनल ऊर्जा संरक्षण मॉडल, पर्यावरण संरक्षण आधारित वैज्ञानिक अवधारणाएँ एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से संबंधित अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान को समाज एवं राष्ट्रहित से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान निदेशक अरुण त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग है और आने वाला भविष्य उन्हीं युवाओं का होगा जो नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे।

## महिला आरक्षण विरोधियों के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर गरजीं महिलाएं

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** महिला आरक्षण के समर्थन में और ‘नारी शक्ति वंदन अधिनियम’ का विरोध करने वाले सांसदों के खिलाफ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं का जन आक्रोश फूट पड़ा। ‘महिला जन आक्रोश अभियान’ के तहत आयोजित विपक्षी सांसद घेराव कार्यक्रम में जिले भर से पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्राची गुप्ता ने किया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी दीप शिखा पाल ने संभाली। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिला अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का विरोध करने वालों को आने वाले समय में जनता जवाब देगी।

प्राची गुप्ता ने कहा कि यह आंदोलन महिला सशक्तिकरण के विरोधियों के खिलाफ चेतावनी है। वहीं दीप शिखा पाल ने कहा कि कन्नौज की महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं और विरोध करने वालों को पहचान चुकी हैं।

प्रदर्शन में रेखा दोहरे, विनीता चतुर्वेदी, सुनीता कटियार, कल्पना देवी, कमला देवी, गीता कुशवाह, विमला कुमारी, सरोज सिंह, साधना सविता, मीना कश्यप, शीलू सिंह, मुन्नी देवी, शीतल बाथम, रीतू, राजेश्वरी, लक्ष्मी, आशा, सुधा, राधा और पुष्पा समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# चाचूपुर जटपुरा हिंसा: ठेका प्रबंधक व उपनिरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर जटपुरा में 9 मई को हुए हिंसक बवाल के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है, जबकि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें दबिश दे रही हैं।


गांव में तैनात पुलिस बल

जानकारी के अनुसार पहला मुकदमा जनपद लखीमपुर खीरी के थाना धौरहरा क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी ठेका प्रबंधक कुलदीप की तहरीर पर दर्ज किया गया है। कुलदीप ने पुलिस को बताया कि चाचूपुर जटपुरा गांव में उन्नाव निवासी मुजीब उल्ला के नाम से संचालित देशी शराब की दुकान की देखरेख वह करता है। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10:40 बजे गांव के कामेश, सुधीर, शिवरतन, ब्रजेश उर्फभोला समेत अन्य लोग आए। आरोप है कि उपद्रवियों ने दुकान के गोलक में रखे करीब 10 हजार रुपये और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर लूट ली। साथ ही सेल्समैन को जान से मारने की नीयत से हमला किया गया और दुकान में आग लगाने का भी प्रयास किया गया। वहीं दूसरा मुकदमा थाना राजेपुर के उपनिरीक्षक महेश कुमार की ओर से दर्ज कराया गया है। इस मुकदमे में कामेश, सुधीर, शिवरतन, कश्मीर, ब्रजेश उर्फ भोला, राजा, रजनीश, देशराज, विकास, ननकू, सत्यपाल, शिवम, गुड्डी देवी और सरोजनी समेत 14 नामजद तथा 25 से 30 अज्ञात महिला-पुरुषों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे में बलवा, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा, राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सेवन क्रिमिनल लॉ एक्ट सहित कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।

## पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर जटपुरा में 9 मई को हुए हिंसक बवाल के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। बांकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार गांव में दबिशें दे रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों में ब्रजेश पुत्र रूपराम उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर, मंजेश पुत्र बेलाराम उम्र करीब 23 निवासी ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर, राजबहादुर पुत्र रामस्वरुप उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम उपरोक्त, गोपाल शाक्य पुत्र सुखवासी उम्र करीब 20 वर्ष, लालू शाक्य पुत्र नन्दलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण ग्राम चौखण्डा थाना शमसाबाद, सुभाष पुत्र रतिराम पाण्डेय उम्र करीब 57 वर्ष निवासी ग्राम नगला केवल थाना राजेपुर, अतुल शर्मा पुत्र शम्भूदयाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम गौटिया पश्चिमी थाना राजेपुर, पवन राजपूत पुत्र रामप्रकाश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम नगला जैतपुर थाना जहानगंज व महिला हेल्प डेक्स पर निगरानी में बैठी अभियुक्ता देवी पत्नी मंशाराम उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर के नाम शामिल है। पुलिस ने उक्त आरोपियों पर धारा 170, 126,135 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव किसरोली निवासी जसवीर सिंह उम्र 42 वर्ष अपने साथी दिलीप उम्र 30 वर्ष निवासी अलियापुर किशरोली थाना शमसाबाद बाइक पर सवार होकर कायमगंज आए थे। वापस घर लौटते समय रास्ते में ठंडी कुइयां के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उक्त दोनों उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर मौका पाकर चालक कार लेकर भाग गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उक्त दोनों की हालत गम्भीर होने डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर कई वाहनों के काटे चालान


चेकिंग अभियान चलाते थानाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने कस्बे में पैदल गस्त कर चौराहे पर संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों वाहनों के चालान काटे।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण से थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ कस्बे में सुरक्षा की दृष्टि से पैदल मार्च किया। थाना प्रभारी निरीक्षक में समस्त पुलिस बल के साथ कस्बे के चौराहे पर दो पहिया, चौपाइयां वाहनों के सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें प्रेशर हार्न, साइलेंसर बुलेट सहित कई वाहनों के चालान किये। सघन तलाशी अभियान के दौरान कस्बे से संदिग्ध वाहन चालक रास्ता छोड़ते नजर आये। वहीं इस पुलिसिया कार्रवाई से आम जनमानस ने राहत की सांस ली। जिसमें चौराहे से कस्बे तक पटरी पर रखें सामान दुकानदारों से पुलिस ने हटाने की अपील की और सभी को सही तरीके से रास्ता देने की दुकानदारों से अपील की।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा राम सिंह, हेड कांस्टेबिल दीवान जितेंद्र सिंह, हर्षित चौहान, कमल सिंह गंगवार, किरण कुमार मौजूद रहे।

# डीएम ने अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल नेकपुर खुर्द का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल नेकपुर खुर्द का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 101 गोवंश संरक्षित पाए गए। मौके पर लगभग 50 कुंतल भूसा, 18.5 कुंतल दाना तथा 12 कुंतल हरा चारा उपलब्ध पाया गया।

डीएम ने गौशाला के समस्त अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया तथा गोपालकों के भुगतान एवं गौशाला फंड की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सचिव ने अवगत कराया कि गोपालकों का भुगतान मार्च 2026 तक किया जा चुका है तथा गौशाला फंड की रिक्वेस्ट अप्रैल 2026 तक भेजी जा चुकी है।


गौशाला का निरीक्षण करती डीएम

शासन से भुगतान मार्च 2026 तक प्राप्त हो चुका है। इस पर डीएम ने सचिव को गोपालकों के लंबित भुगतान का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर उपस्थित उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 धनेप कुमार गुप्ता से गोवंशों की चिकित्सा, टैगिंग, टीकाकरण तथा बीमार पशुओं के उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला का नियमित निरीक्षण करते हुए पशुओं की समयबद्ध चिकित्सा एवं देखभाल सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर को मुख्य सड़क मार्ग से गौशाला तक लगभग 450 मीटर कच्चे रास्ते की मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को गौ आश्रय स्थलों से जोड़कर पशु आहार निर्माण कार्य में सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा हरा चारा उत्पादक किसानों से सस्ती दरों पर हरा चारा क्रय किए जाने हेतु अनुबंध कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गौशाला नोडल अधिकारी, ग्राम प्रधान, सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

# युवक की हत्या में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दलित युवक की हत्या के मामले में अपर



जिला जज एव सत्र न्यायाधीश विशेष एससी/एसटी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त हिमांशु पुत्र सुखेंद्र निवासी मँझना नवाबगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। विगत पांच वर्ष पूर्व पुलिस अधीक्षक को फतेहगढ़ को विश्वनाथ जाटव पुत्र रामलाल जाटव निवासी मझना ने प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया कि मैं व मेरी पत्नी बसंती देवी बाहर मेहनत मजदूरी करते है। मेरी पुत्री संगीता मझना में अपने चाचा के साथ रहती थी। पुत्री को गांव के ही हिमांशु, मोनू पुत्रगण सुखेंद्र, संजीव पुत्र रवि राठौर 12 जुलाई 2021 को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। भाई ने सूचना दी मेरी पुत्री की शादी तय हो चुकी थी। मेरी पुत्री की गोद भराई की रश्म भी हो चुकी थी। एक सोने की लर, तोड़िया, एक अंगूठी, व नगद 20 हजार रुपए हिमांशु, मोनू, संजीव, हिमांशु की बहन, हिमांशु के बहनोई पुत्री को घर से निकलकर ले गए। मेरी पुत्री 29 अक्टूबर 2021 को अपने गांव वापस आई, तब जानकारी हुई। फिरोजाबाद में हिमांशु के घर बंधक बनाकर रखा है। हिमांशु ने बिना मर्जी के बलात्कार किया। जब पुत्री ने हिमांशु से शादी करने की बात कहीं तो हिमांशु ने जाति सूचक गाली-गलौज किया। इसी बात को लेकर पुत्री ने तेजाब पी लिया था। उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार अभियुक्त हिमांशु के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त हिमांशु को दोषी करार देते हुए धारा 323 में 1 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 326 के आरोप में 10 वर्ष का कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 366 के आरोप में 5 वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 376 के आरोप में 10 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

धारा 504 दके आरोप में 1 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 3(1) द के आरोप में 1 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 3(1) घ के आरोप में 1 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया। धारा 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट के आरोप में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया।

# राजनीतिक चर्चा को लेकर दूसरे हल्के के लेखपाल व काश्तकार के बीच मारपीट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर में राजनीतिक चर्चा को लेकर दूसरे हल्के के लेखपाल व काश्तकार के बीच बहस हो गयी। देखते ही देखते मारपीट शुरु हो गयी। चर्चा के अनुसार अंश निर्धारण सही कराने आए युवक को दूसरे हल्के के लेखपाल ने प्राइवेट कमरे में पीटना शुरू कर दिया। लेखपाल ने युवक को कार्यवाहक तहसीलदार के कक्ष में लेजाकर कमरा बन्द करके पीट देने का मामला पूरे दिन नगर में चर्चा का विषय बना रहा। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी युवक और लेखपाल के प्राइवेट कमरे में खतौनी में अंश सुधार के लिए गया था।

जहां उनके सिपहसलार से बात कर रहा था। उसी दौरान लेखपाल और


मारपीट के दौरान का दृश्य

उसके बीच राजनीति को लेकर बहस होने लगी। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। गुस्साए लेखपाल ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक जब घटना की शिकायत करने तहसीलदार के कमरे की तरफ जाने लगा तो लेखपाल उसके धकेलने लगा और तहसीलदार कक्ष में भी उसकी पिटाई कर दी।

# ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

थाना मेरापुर के ग्राम बिजौरी निवासी 36 वर्षीय सिपाहीराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह अपनी ससुराल राजा रामपुर मेई से एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पुठरी गांव स्थित मंदिर गए थे।

बताया जा रहा है कि मंदिर में अन्नप्राशन संस्कार के बाद सिपाहीराम अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे। गांव के पास एक मोड़ पर ट्रैक्टर मुड़ते समय सिपाहीराम अचानक नीचे गिर गए और पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। गंभीर हालत में उन्हें लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भाई प्रेमचंद और जय सिंह ने पुलिस को दी सूचना में भाई की हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि सुबह ससुराल जाने को लेकर सिपाहीराम का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह ससुराल गए थे। मृतक मजदूरी कर अपने दो छोटे बच्चों और पत्नी का भरण-पोषण करता था।

अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर नवाबगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण जन्म लीला सुन भक्त हुए भाव विभोर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र के गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्म लीला को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के नगला वारग में सामूहिक रूप से कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा में शिकोहाबाद की शास्त्री नीलम यादव के मुखारविंद से श्रीकृष्ण जन्म लीला का वरणन किया। शास्त्री नीलम यादव ने कहा कि कंस द्वारा कैद किए गए वासुदेव-देवकी के यहाँ अष्टमी की आधी रात को घनघोर वर्षा के बीच भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में अवतार लिया। कृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के ताले टूट गए। पहरेदार सो गए और यमुना ने वासुदेव को मार्ग दिया। वासुदेव जी ने बालक कृष्ण को गोकुल में यशोदा माता के पास


कथा सुनते भक्तगण

सुरक्षित छोड़ दिया और उनकी बेटी को साथ ले आए। गोकुल में बाल कृष्ण ने माखन चुराना, पूतना का वध, कालिया नाग का अहंकार चूर करना और इंद्रदेव के अहंकार को तोड़ना (गोवर्धन पूजा) जैसी अनगिनत लीलाएं कीं। परीक्षित विनोद कुमार यादव तथा परीक्षित स्नेह लता तथा क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीणों ने भक्तों ने पहुंचकर कथा का आनंद लिया। क्षेत्र के गांव नगला जोधा, जानकीपुर, नगला दुर्गा, नगला बारग, जाफर नगर, जोगपुर, बरतल आदि ग्रामों के भक्तगण कथा प्रांगण में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर माधव सिंह, डॉ0 नरवीर सिंह, उदयवीर सिंह, जयवीर सिंह, पंकज यादव, जितेंद्र सिंह, जगराम सिंह, जयपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजेश कुमार, अतुल कुमार, लोकेश कुमार, भंवर सिंह, राकेश कुमार, श्रीनिवास, हरेंद्र सिंह, बीपी यादव मौजूद रहे।

# नगर पंचायत खोदे गये नाले की अवैध मिट्टी बिक्री को लेकर हुआ विवाद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य बाज़ार मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। इस परियोजना के तहत नाले की खुदाई से निकली मिट्टी को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। रविवार रात को मिट्टी की बिक्री को लेकर हुए विवाद के बाद जेसीबी मशीन को काम रोकना पड़ा। प्रत्येक ट्रॉली मिट्टी की कीमत 400 से लेकर 800 तक वसूली जा रही है। यह बिक्री दूरी के हिसाब से तय की जाती है और मुख्य रूप से रात के अंधेरे में की जा रही है। अवैध बिक्री में कई लोगों के शामिल होने की चर्चा है। रविवार रात को नाले की खुदाई कुछ मकानों की नींव के पास की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और नाले को थोड़ी दूरी से खोदने का आग्रह किया। इसी दौरान मिट्टी की अवैध बिक्री को लेकर दो-तीन पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई की स्थिति बन गई। इस घटना के कारण जेसीबी मशीन को बिना खुदाई किए ही बंद करना पड़ा और नाले का निर्माण कार्य रोकना पड़ा। इस पूरे मामले ने नगर पंचायत के ठेकेदार पर उंगली उठ रही है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



# पॉक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास

**40 हजार रुपये के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त नीतेंदर उर्फसिंटू को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। विगत छः वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि मैं अपने परिवार सहित दिल्ली से गांव वापस शादी समारोह में आया था। 12 मई 2017 को समय करीब साढ़े छः बजे मेरी 11 वर्षीय पुत्री खेत में शौच क्रिया करने गई थी। वहां पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी पुत्री को दबोच लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए और बलात्कार करने का प्रयास किया। मेरी पुत्री किसी प्रकार उनके चंगुल से भाग आई और पूरी घटना घर आकर बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।द्ध बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त नीतेंद्र उर्फसिंटू को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को 1 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# अनोखे लाल मिष्ठान भण्डार व श्रीकृष्ण मुरारी की दुकान पर छापा

**कई घरेलू सिलेंडर बरामद, दर्ज कराया गया मुकदमा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की उपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक नगर पालिका परिषद ने नगर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीकृष्ण मुरारी गुप्ता उपस्थित मिले। दुकान के अन्दर 02 घरेलू सिलेण्डर को चूल्हे से जोड़कर समोसा बनाया जा रहा था। दुकान के बगल के कमरे में 03 घरेलू व 02 व्यवसायिक सिलेण्डर सिलेण्डर पाये गये। जिसमें से दोनों व्यवसायिक सिलेण्डर भरे हुए पाये गये। उक्त 03 घरेलू सिलेण्डरो में से 01 भरे व 02 खाली पाया गया। मांगे जाने पर मौके पर 04 घरेलू कनेक्शन से सम्बन्धित पासबुक व 01 व्यवसायिक कनेक्शन का पासबुक दिखाया गया। जो जितेन्द्र गैस सर्विस फर्रुखाबाद से सम्बद्ध है। व्यवसायिक सिलेण्डरो के रहते हुए भी दुकान के अन्दर घरेलू सिलेण्डरो के माध्यम से समोसा बनाया जाना स्पष्ट करता है कि दुकानदार द्वारा जानबूझ कर घरेलू सिलेण्डर का दुरूपयोग किया जा रहा है। एक साथ सभी पास बुको को अपने पास रखा जाना यह भी इंगित करता है कि घरेलू कनेक्शन के पासबुको के माध्यम से बुकिंग करते हुए घरेलू सिलेण्डरो का व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा है। तत्कम में मौके पर पाये गये घरेलू सिलेण्डरो को जब्त करते हुए मे0 जितेन्द्र गैस सर्विस फर्रुखाबाद की सुपुर्दगी में दिये गये उपरोक्त जांच एवं मौके पर अंकित किये गये। बयानो से स्पष्ट है कि समोसा दुकान विक्रेता/मालिक श्रीकृष्ण मुरारी गुप्ता द्वारा अवैध रूप से आई0ओ0सी0एल0 के घरेलू सिलेण्डरो का भण्डारण करते हुए व्यवसायिक कार्य में खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है।

डीएम के अनुमति आदेश 08 मई के क्रम में श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता समोसा शाप मोहल्ला गोहाई स्ट्रीट निकटअग्रवाल सभा भवन के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कोतवाली फर्रुखाबाद में नेहा गुप्ता पूर्ति निरीक्षक द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। वहीं द्वितीय कार्यवाही निरीक्षण के दौरान रवीन्द्र गुप्ता उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान दुकान में 05 घरेलू सिलेण्डर पाये गये, जिनमें मिठाई बनाये जाने का कार्य किया जा रहा था। व्यवसायिक सिलेण्डरो के रहते हुए भी दुकान के अन्दर घरेलू सिलेण्डरो के माध्यम से मिठाई बनाया जाना स्पष्ट करता है कि दुकानदार द्वारा जानबूझ कर घरेलू सिलेण्डर का दुरूपयोग किया जा रहा है। मौके पर पाये गये घरेलू सिलेण्डरो को जब्त करते हुए मे0 जितेन्द्र गैस सर्विस फर्रुखाबाद की सुपुर्दगी में दिये गये। उपरोक्त जांच से स्पष्ट है कि मे0 अनोखे लाल मिष्ठान भण्डार के मिठाई विक्रेता रवीन्द्र द्वारा आई0ओ0 सी0एल0/एच0पी0सी0एल0 के घरेलू सिलेण्डरो का भण्डारण करते हुए अवैध रूप से व्यवसायिक कार्य में खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। उक्त कार्य द्रवित पेट्रोलियम गैस विनियमन एवं वितरण आदेश-2000 की धाराओं का उल्लंघन है एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम.1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। रवीन्द्र पिता का नाम व पता अज्ञात मे0 अनोखे लाल मिष्ठान भण्डार बढ़पुर के विरूद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस विनियमन एवं वितरण आदेश-2000 की धाराओं का उल्लंघन किये जाने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कोतवाली कादरीगेट में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नेहा गुप्ता पूर्ति निरीक्षक द्वारा दर्ज करायी गयी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में चार माह की गर्भवती महिला की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र मदारवाड़ी निवासी 28 वर्षीय शिवानी पत्नी विकास की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतका की सास बीना, चचिया ससुर राकेश आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण से बच्चों को बचायें: अनिल चन्द्रा

**मिशन वात्सल्य योजना की विकास खण्ड कमालगंज में बैठक संपन्न**




बैठक में जानकारी देते जिला प्रोबेशन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खण्ड विकास अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र की अध्यक्षता में विकास खण्ड कमालगंज में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई।

खण्ड विकास अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य है कि हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि से बच्चों का संरक्षण करें। हमें प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाकर उसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में घटित हो रहे अपराधों से बचाना है। उन्होंने ने बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की बदली प्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर अपराधियों के बहकावे में न आने को लेकर सतर्क किया। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उनकी दैनिक जीवन की गतिविधियों पर नजर अवश्य रखें कि बच्चा प्रतिदिन किस गतिविधि में लिप्त है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने वर्तमान परिपेक्ष्य में बच्चों में बढ़ रहे मानसिक तनाव को लेकर चर्चा की और कहा कि आज बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाने, सोशल मीडिया एवं अन्य कारणों से मानसिक तनाव से ग्रस्त हो रहे हैं और कई बार गलत कदम उठा लेते हैं। जरूरत है कि बच्चों पर कोई भी चीज थोपी न जाए और अच्छे अंक लाने को बाध्य न किया जाए। उन्होंने बच्चों के अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल यौन शोषण से बच्चों को बचाने की जानकारी देते हुए उनके कल्याण हेतु उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की और कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इस योजना का लाभ दिलवाना हमारी प्राथमिकता है। खंड चिकित्सा अधिकारी सुधाकर माथुर ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव कराएं जिससे कि जच्चा और बच्चा का जीवन सुरक्षित हो सके एवं प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल में निःशुल्क बनाया जाता है। अतः समय से जन्म प्रमाण पत्र बनवाएं और प्रत्येक बच्चे का नियमित टीकाकरण कराएं। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक हकीम सिंह ने 1090, 112, मानव तस्करी, बाल विवाह बाल श्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की और कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को इस प्रकार शिक्षित करें कि वह अनजान व्यक्तियों से सावधान रहें।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सीडीपीओ संगीता शुक्ला, खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि जमीर सिद्दीकी, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कालिंदी एक्सप्रेस का रुट डायवर्सन न करने की व्यापारियों ने उठायी मांग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री और युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल सांसद मुकेश राजपूत से मिला और उनको कालिंदी एक्सप्रेस के रूट डायवर्सन के संबंध में वार्तालाप हुई। व्यापारियों ने सांसद मुकेश राजपूत को दिये गये ज्ञापन को पढ़कर सुनाया और एक नई ट्रेन फर्रुखाबाद से दिल्ली चलाने की मांग भी की गई। सांसद ने कालिंदी एक्सप्रेस को फर्रुखाबाद से ही चलाए जाने का आश्वासन व्यापारियों को दिया और साथ ही अपने लेटर पैड पर व्यापार मंडल द्वारा की गई मांग को लिखवाकर रेल मंत्री को भेजा। जिस पर व्यापारियों ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आदेश अग्निहोत्री, संदेश अग्रवाल, प्रबल माहेश्वरी, ऋषि बंसल, डॉ0 कुलदीप सिंह, अर्पण अग्रवाल, नितिन गुप्ता, रिंकू गुप्ता, सागर कश्यप, प्रतीक गुप्ता, राजकुमार सिंह, अमित वर्मा, मोहित बागड़ी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में किसान नेताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष अली क़ायम ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ चीनी मिल स्थित कार्यालय पर किसान पंचायत की। सीओ कार्यालय के बाहर आयोजित पंचायत में स्मार्ट मीटर हटाये जाने की मांग की। स्मार्ट मीटर को खून चूसने वाला मीटर बताया। साथ ही किसानों ने 12-13 व 14 जून को होने वाली महापंचायत एवं राष्ट्रीय चिंतन शिविर हर साल की तरह हरिद्वार लाल कोठी उत्तराखण्ड में होता है उस पर चर्चा की। किसान पदाधिकारियों ने बिजली पावर हाउस के सामने नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर हटाये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खान, खालिद क़ादरी, इज़हारुद्दीन, राहुल कुमार शाक्य, वीरेंद्र कुमार शाक्य, किशनपाल राजपूत, अशोक बाबा, ज़ाहिर खान, सोहन खान, कौनेन सिद्दीकी, सरवन राजपूत, अरविन्द कुमार, छोटे भाई, रफीक बैण्ड, अंगद कुमार, रामदास राजपूत, रामनरेश शाक्य, रामलड़ैते शाक्य, रिज़वान खान, हाशिम अली खान, वारिस खान, असफर खान, अली अहमद, सालार खान, अजीत आज़ाद गौतम, लड्डन खान, संजीव कुमार यादव, राजबहादुर, उदयवीर आदि मौजूद रहे।

## किरन पब्लिक स्कूल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मातृ दिवस पर माताओं का भी हुआ सम्मान**




कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पट्टिया लाइन, कम्पिल मार्ग स्थित किरन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 वीरेंद्र गंगवार, मैनेजर कल्पना गंगवार एवं प्रधानाचार्या राधिका नायर ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत और कविताओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। विशेष आकर्षण के रूप में मुख्य कार्यालय सहायिका फराह खान एवं शिक्षक शाहरुख अली खान द्वारा मातृ दिवस पर विशेष शायरियाँ सुनाई गई, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। गत वर्ष अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की माताओं को उनके अतुलनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही माताओं के लिए आयोजित रैंप वॉक, गायन और खेल प्रतियोगिताओं की विजेताओं को मैनेजर कल्पना गंगवार ने पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और विद्यालय की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने महिलाओं के नाम संदेश दिया। प्रधानाचार्या राधिका नायर ने मातृ शक्ति को सदैव मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दी। उप-प्रधानाचार्या अंजू बाथम ने कहा कि एक सशक्त महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रखती है, इसलिए अपनी क्षमता पर कभी संदेह न करें। संचालन शिक्षक विक्रांत सिंह, शिक्षिका शिवानी राठौर एवं आरजू गंगवार, हीरा अंसारी एवं आकांक्षा सैनी ने किया। मंच संचालन शिक्षिका प्रगति सक्सेना एवं छात्रा अंजिता ने किया। इस दौरान को-ऑर्डिनेटर जयन राजन, शिक्षिका पूनम, पूजा पाल, मंजू, आशिका, अल्पना, शिक्षक नीरज अग्निहोत्री, निखिल शाक्य, अजमत अली, अतुल प्रताप सिंह, हरिद्वार द्विवेदी, रविकुमार, उमाकांत वर्मा मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ सीपी विद्या निकेतन में मनाया गया मातृ दिवस



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपी विद्या निकेतन में मातृदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष रीता गंगवार रही। उन्होंने कहा कि माँ जीवन की प्रथम गुरु होती है, जिसके संस्कार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उप-प्रधानाचार्य दीपक जैना ने स्वागत कर सभी का अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि सरस्वती वर्मा ने कहा कि माँ का प्रेम, त्याग और स्नेह मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया। निर्देशिका डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि मातृदिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। छात्रों की माताओं का भी सम्मान किया। इसमें सुबूर खान, अभिषेक यादव, मनु अग्निहोत्री, आयुषी अग्रवाल, मुस्कान गंगवार की माता जी का विद्यालय ने सरुसान किया। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने अभिभावकों को धन्यवाद करते हुए विद्यालय में लागू किये गए रोबोटिक्स एवं स्पेनिश भाषा से अवगत करवाया एवं अनुशासन के महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पधी समय में बच्चों की किताबी शिक्षा के साथ-साथ उनके मानसिक, शारीरिक और नैतिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक, गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किए। उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों के गीत और नृत्य की भरपूर सराहना की। इस अवसर पर ससस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने समस्याओं का निस्तारण करने की बीएसए से की मांग



ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई व बेसिक शिक्षाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में शिक्षक भवन में बैठक आयोजित हुई। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने किया। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के समस्त देयको के भुगतान कर उनकी मासिक पेंशन शुरु करायी जाये। जीपीएफ में सभी शिक्षकों की अध्यतन पोस्टिंग करायी जाये। एवं विसंगतियों को भी दूर कराया जाये। शिक्षकों को लेखा पर्ची उपलब्ध करायी जाये। सरप्लस शिक्षकों की सूची तथा एकल एवं बंद स्कूलों की सूची प्रकाशित करायी जाये। समायोजन से पूर्व शिक्षकों की काउंसलिंग करायी जाये। दिव्यांग एवं महिला शिक्षिकाओं के साथ सेवानिवृत्ती के करीब शिक्षकों का विशेष ध्यान रखा जाये। स्थायी प्रधानाध्यापकों को समायोजन से दूर रखा जाये। पात्र शिक्षकों के चयन वेतन मान की पत्रावली स्वीकृत करायी जाये। सभी इंचार्ज प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाये। शासन की मंशा के अनुरुप सम्बद्धीकरण तत्काल समाप्त कराया जाये। सभी विकास खण्डों में अमान्य विद्यालय संचालित हो रहे है उन्हें तत्काल बंद कराया जाये। जिससे परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ सके। 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

## अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण 7 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण व रैली का आयोजन 7 जून रविवार प्रातः 10 बजे सातनपुर मण्डी में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल होंगे। अध्यक्ष भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल करेंगे।

विशिष्ठ अतिथि विधायक टूण्डला प्रेमपाल धनगर व भाजपा जिला प्रभारी शिवमहेश दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी के अलावा जनपद के चारों विधायक होंगे। कार्यक्रम संयोजक दयाराम पाल व आयोजक कुलदीप पाल जिला पंचायत सदस्य की देखरेख में सम्पन्न होगा।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित स्कूलों व अन्य स्थानों पर छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। थाना मेरापुर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं तथा स्कूलों में जाकर छोटी बच्चियों को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

### टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु के लिए सात ने किया नामांकन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा घोषित चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी राजेश कुमार अग्निहोत्री, उप चुनाव अधिकारी राकेश कुमार सक्सेना ने आयकर कार्यालय बढ़पुर पहुंचकर कार्यालय के भवन में चुनाव के प्रथम दिन कार्यवाही पूर्ण की। नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद हेतु रामकुमार अग्रवाल, प्रवीण कुमार माथुर, उपाध्यक्ष पद हेतु प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कमलेन्द्र सिंह कुशवाहा, सचिव पद हेतु दलपत सिंह राठौर, संजीव कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनीता कटियार, महामंत्री पद हेतु रामजी बाजपेयी, उपाध्यक्ष पद हेतु व सचिव पद हेतु नामांकन प्राप्त किये गये। कोषाध्यक्ष का एक नामांकन प्राप्त हुआ। महामंत्री पद हेतु नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। कुल आठ नामांकन लिये गये, जिसमें सात नामांकन पत्र प्राप्त हो गये है।

## पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए गोष्ठी का हुआ आयोजन



गोष्ठी के दौरान मौजूद कलमकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के पटेल पार्क पुलिस चौकी के निकट स्थित राजीव अग्रवाल के आवास पर राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के तत्वावधान में पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न, अधिकारियों के दुर्व्यवहार तथा पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर तीखी चर्चा हुई। विभिन्न जनपदों से पहुंचे पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि अब पत्रकारों के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एवं जिला प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने की। गोष्ठी में उपस्थित कलमकारों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कई बार पत्रकारों को सच दिखाने और जनता की आवाज उठाने पर प्रशासनिक दबाव और अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है, जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है। कुछ लोग चिनौती देने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पत्रकार का अपमान हुआ तो पूरा पत्रकार समाज उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होगा। तो विरोधियों को लोकतांत्रिक तरीके से मुहंतोड़ जबाव दिया जा सकता है।

उन्होंने पत्रकारों से अपनी ताकत पहचानने और एकजुट रहने का आवाह्न किया। हरदोई के पत्र डॉ0 गौरव द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ हैं और पत्रकारों पर दबाव बनाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है।

इस मौके पर मनीष श्रीवास्तव, डॉ0 संजीव कुमार मिश्रा, जगदीश वर्मा, अरुणेश बाजपेई, ज्ञानचंद राजपूत, अनवर पठान, इरशाद अली, अनिल शर्मा, ओमवीर सिंह, हिमांशु कश्यप, अमित गुप्ता, विशाल भारतीय, राहुल कटारिया आदि मौजूद रहे।

## महाराजा हरिश्चन्द्र हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में परीक्षण कराते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाराजा हरिश्चन्द्र हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर सवायजपुर जनपद हरदोई द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन हुआ।

सोमवार को आयोजित शिविर में आयोजक डा0 राहुल तिवारी ने बताया कि मरीजों के लिए शिविर में विशेष सुविधा की गई है।

जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं दवा वितरण होगी। साथ ही खून की जांचे, सुगर जांच, ब्लड ग्रुप, थायराइड, सीवीसी आदि की जांचों के अलावा, परीक्षण, पेशाव में जलन, नार्मल डिलिवरी, डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, खांसी, जुकाम, बवासीर व आंख संबंधित रोगों की जांचे व परीक्षण किया गया है। साथ ही दवाइयां वितरित की गई है।

## लिंक एक्सप्रेस-वे को लेकर भाकियू देगी 15 मई को अनिश्चितकालीन धरना




वार्ता में जानकारी देते जिलाध्यक्ष व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार नेकपुर स्थित भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने घोषणा की कि लिंक एक्सप्रेस-वे में विसंगतियों को लेकर 15 मई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। अजय कटियार ने बताया कि लिंक एक्सप्रेस-वे में दिए गए तीन बड़े कटों पर किसानों की अधिक जमीन ली जा रही है। उन्होंने मांग की कि इन कटों का मार्ग आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की तरह बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने के बाद यूपीडा ने कटों को संशोधित किया था। दूसरे प्रशासन में इन्हें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर किया गया था, लेकिन तीसरे प्रशासन में यूपीडा ने फिर से पुराने कटों को बहाल कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी से मिलकर समस्या से अवगत कराया गया था। छोटे किसानों की चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भूमिहीन होने पर उनके बच्चों के भविष्य का क्या होगा। आरोप लगाया कि यूपीडा और सरकार ने ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया है, जिससे भूमिहीन होने वाले किसानों के बच्चों को नौकरी मिल सके। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी कटों के पास अधिक जमीन लेकर भूखंड बनाए गए थे और यहां भी ऐसा ही होने की आशंका है।


**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 755/न0पं0 कम्पिल/मु0म0न0सृ0यो0/ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 11/05/ 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (CM-NSY) के अन्तर्गत अनुसचिव महोदय, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक **23/03/2026** के द्वारा निर्माण/क्रयकरण कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में, समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से ऑनलॉइन ही eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर दिनांक **12/05/2026** को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः **02/06/2026** को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक **03/06/2026** को पूर्वान्ह 11:00 बजे ऑनलाइन ही कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद में खोली जायेंगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in/ eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

## खबरें एक नजर में

### 25 मई को मनाई जाएगी सम्राट अशोक जयंती



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान की मासिक बैठक में संगठन हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी 25 मई को सम्राट अशोक जयंती समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक संगठन के अध्यक्ष जनार्दन मौर्य की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित हुई। इस दौरान संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सम्राट अशोक भवन के अधूरे कार्य को समाज के लोगों के सहयोग से शीघ्र पूरा कराने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 मई को सम्राट अशोक भवन में ही सम्राट अशोक जयंती धूमधाम से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया। इस मौके पर संस्थान के संरक्षक रामकुमार मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, आदर्श कुमार मौर्य, शिशुपाल सिंह, जगवीर सिंह कुशवाहा, श्यामाचरन मौर्य, नरेंद्र कुमार सिंह, सुनील मौर्य, शिवप्रसाद मौर्य सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### दिल्ली की महिला पहलवान बाबी ने बनारस की प्रीति को दी शिकस्त, दंगल में देर रात तक गूंजे दांव-पेंच



फरधान खीरी। कस्बा स्थित खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे नामी पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाया। महिला और पुरुष वर्ग की कुल दस कुश्तियां आयोजित हुईं, जिनमें कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। सबसे अधिक चर्चा दिल्ली की महिला पहलवान बाबी उर्फ सोनिया और बनारस की प्रीति के बीच हुई फाइनल मुकाबले की रही, जिसमें सोनिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। दंगल प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। अखाड़े में उतरते ही पहलवानों ने अपने दांव–पेंच और ताकत का प्रदर्शन कर दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। महिला पहलवानों के मुकाबलों ने भी लोगों का खास ध्यान आकर्षित किया। दूसरे दिन की पहली कुश्ती राजस्थान के जल्लाद सिंह और बिहार के शेरा पहलवान के बीच हुई, जिसमें जल्लाद सिंह ने शानदार पकड़ बनाते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में जम्मू के रिजवान पहलवान ने पंजाब के बिल्ला पहलवान को हराकर अपनी ताकत का परिचय दिया। तीसरी कुश्ती में उन्नाव के मनीष ने हरियाणा के सोनू को शिकस्त दी। चौथी कुश्ती में अयोध्या के बाबा नागेंद्र दास ने मध्य प्रदेश के सोनू को हराकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। पांचवें मुकाबले में हरदोई के सन्ना ने बिहार के शेरा को पराजित किया। छठी कुश्ती में उन्नाव के सूरज ने दिल्ली के मोनू को हराया। सातवें मुकाबले में मेरठ के शिवा और गोरखपुर के एहसान अली के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें शिवा ने जीत हासिल की। महिला वर्ग की नौवीं कुश्ती लखीमपुर की अनन्या और गाजीपुर की बंटी के बीच हुई और मुकाबला बराबरी पर छूटा। इसके बाद अंतिम और सबसे चर्चित मुकाबले में दिल्ली की सोनिया उर्फ बाबी और बनारस की प्रीति आमने–सामने आईं। दोनों के बीच लंबे समय तक संघर्ष चलता रहा, लेकिन आखिर में बाबी ने शानदार दांव लगाकर प्रीति को पटखनी दे दी और मुकाबला जीत लिया। आयोजन समिति ने विजेता पहलवानों को सम्मानित करने की घोषणा की। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट, एडवाइजरी जारी

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आदित्य प्रजापति ने बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडीएम ने लोगों से सतर्क रहने, अधिक पानी पीने तथा दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की अपील की है। उन्होने बताया है कि शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मधुमेह एवं हृदय रोग से पीड़ित लोग अधिक सावधानी बरतें। उन्होने बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, तेज धड़कन और पसीना बंद होना लू के प्रमुख लक्षण है। बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें। हल्कें रंग के पसीना शोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछे, चश्में, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें।यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओआरएस घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

### बल्लो धाम गेट के सामने दर्दनाक हादसा, डीसीएम से गिरकर मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम



महराजगंज। जनपद के घुघली थाना क्षेत्र अंतर्गत बल्लो धाम गेट के सामने सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में डीसीएम पर सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई, वहीं मृतक के परिवार में चीख–पुकार से माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीसीएम संख्या UP53CT7602 भूसा लादने के लिए मजदूरों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान वाहन के ऊपर केबिन में बैठा मजदूर राजेश यादव पुत्र मोहित यादव अचानक असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। इससे पहले कि वह संभल पाता, डीसीएम का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बल्लो धाम गेट के ठीक सामने हुआ, जहां देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही घुघली थाने के एसआई संजय कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस महराजगंज भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को कब्जे में लेकर घुघली थाने में खड़ा करा दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से प्रार्थना पत्र मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की माता सहित पूरा परिवार घटनास्थल पर पहुंच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। गांव और आसपास के लोगों ने भी इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### ब्लॉक सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय ब्लॉक सभागार में पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण घटको की जानकारी हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रशिक्षक शुभ्रा पांडेय, रंजना मौर्य, डॉ. पियूष मणि मौर्य ने ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, सक्रिय समूह की एक सदस्य को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया है। एक दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन प्रथम बैच में 119 को लोग व दूसरे बैच में 118 को प्रशिक्षण में भाग लेना है प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया कि ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत हर घर नल योजना द्वारा संचालित हो रहे पेयजल को ग्राम पंचायत में हैंड ओवर होने के पूर्व क्षतिग्रस्त पाइप लाइन व टंकी का निरीक्षण करने के बाद ही ग्राम पंचायत में चार्ज में लेने के लिये प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव लक्ष्मीशंकर यादव, विनय यादव, प्रधान राजेश यादव, तारा शंकर पाल, रमेश मौर्य, सुरेंद्र जायसवाल, अजय गिरि आदि लोग उपस्थित रहे।

### चुनार गंगा सेतु से किशोर ने गंगा नदी में लगाया छलांग, लापता



चुनार (मिर्जापुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बालूरघाट गंगा सेतु सेएक युवक गंगा में छलांग लगा दिया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर कस्बा पुलिस मौजूद। गोताखोरों द्वारा खोजबीन जारी। चुनार कस्बा के दरोगा रमेश सिंह ने बताया कि अपने घर से कृष्ण कुमार सिंह (18) पुत्र ओम प्रकाश (सिंह बब्लू) निवासी ग्राम मिसीरपुरा थाना कोतवाली चुनार मिर्जापुर का है। घर से कृष्णा बाइक लेकर चुनार बालूघाट पर आया और घाट के पास में ही रमेश पान की दुकान पर अपना मोबाइल दे दिया और कहा कि मेरे घर वाले आएंगे तो आप मोबाइल दे दीजिएगा। वह बाइक से गंगा पुल पर गया बाइक वहीं छोड़कर गंगा नदी में छलांग लगा दिया। युवक मगरहा में नरोत्तम सिंह पद्मम सिंह पी जी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। अपने घर का एक बहन मे इकलौता पुत्र था। पिता बॉम्बे मे रहकर काम करते हैं। चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि युवक बाइक से आकर गंगा में कूदा है।गोताखोर धर्मेंद्र साहनी बबलू साहनी रामबाबू लगे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक युवक का तलाश जारी है। वही घर वालों का रो –रो कर बुरा हाल है।

# डीएम ने की आईजीआरएस प्रकरणों की गहन समीक्षा

**आईजीआरएस पर डीएम सख्त, बोले- शिकायतकर्ता संतुष्ट तभी मानें निस्तारण**



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अब प्रशासन का रुख और सख्त हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना किसी भी मामले का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न पहुंचे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क कर उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए किसी भी प्रकरण का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अफसर प्रतिदिन अपने-अपने आईजीआरएस पोर्टल लॉगिन पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं पर्यवेक्षण करें और उनका गुणवत्तापरक, समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि किसी अधिकारी का संदर्भ डिफॉल्टर पाया गया तो संबंधित के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि कई मामलों में औपचारिक निस्तारण कर दिया जाता है, जबकि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता। ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होनी चाहिए। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि जहां भी शिकायतें लंबित हैं या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, वहां तत्काल कारणों का पता लगाकर प्रभावी समाधान कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

### सूथना देवी मंदिर तिकुनिया में बरसायत पर्व मेला आज से शुरू

निघासन खीरी। निघासन ब्लॉक के तिकुनिया कस्बे स्थित ऐतिहासिक सूथना देवी मंदिर में वर्षों से लगने वाला पारंपरिक बरसायत पर्व मेला 12 मई से शुरू होगा। मेले को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मंदिर परिसर और मुख्य गेटों पर करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेला समिति की ओर से दुकानदारों के लिए बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए सर्कस और झूलों का आगमन भी शुरू हो चुका है। मंदिर के महंत बृजेश गिरि ने बताया कि मंदिर और दुकानदारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहली बार मेले में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र का यह महत्वपूर्ण मेला हमेशा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होता रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में नेपाली नागरिकों के आगमन को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चौकस की गई है। महंत ने बताया कि पहले कुछ दुकानदार सौर ऊर्जा का उपयोग करते थे, लेकिन इस बार पूरे मेले में जनरेटर के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाएगी। दुकानदारों के लिए विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानों के लिए स्थान आवंटन की प्रक्रिया 12 मई से शुरू होगी। दुकानदार समय से पहुंचकर अपनी दुकानों के लिए स्थान आवंटित करा लें। यह मेला 22 मई तक चलेगा।

### पालिकाध्यक्ष ने गौ सदन में 31 कुंतल भूसा किया दान



गोला गोकर्णनाथ खीरी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान के आह्वान पर मोहम्मदी के बरबर स्थित राजकीय गौ सदन में गोला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं एसपीसीए सदस्य विजय शुक्ला रिंकू ने गौवंश के लिए 31 कुंतल भूसा दान कर गौसेवा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

गौ सदन में संरक्षित गायों के लिए भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान ने कहा कि गौवंश की सेवा और संरक्षण सामाजिक जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधियों और समाज के सहयोग से गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं संभव हो रही हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति और आस्था से जुड़ी हुई है। निराश्रित गौवंश की देखभाल के लिए सभी लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी गौ सदन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनिल जलोटा, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, धीरज बाजपेयी एवं लवकुश शास्त्री सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**

# लखीमपुर खीरी में शिवालयों में गूंजा ओंकार, रुद्राभिषेक व भजन-कीर्तन, जनभागीदारी से सजा आयोजन

**विद्यालयों में रंगोली, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता से बच्चों ने भी दिखाई सहभागिता, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर स्क्रीन पर देखा पीएम का संबोधन, लोगों ने देखा लाइव प्रसारण**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ आयोजित किया गया।



जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लेकर सभी ब्लॉकों एवं शिवालयों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न कराई गईं। सुबह से ही शिवालयों में घंटा-घड़ियाल और ओंकार जाप की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्वच्छता अभियान के साथ शुरू हुए कार्यक्रमों में रुद्राभिषेक, महाआरती और दीपोत्सव ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हर ओर ओम नमः शिवाय की गूंज और दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। जिला स्तर पर फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। इस दौरान सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन एवं भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग भी श्रद्धालुओं ने सुनी और देखी। विकास खंड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की निगरानी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिवालयों को दीपों और पुष्पों से सजाया गया। विद्यालयों में भी इस अवसर पर रंगोली, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने 12 हजार की नकली करेंसी के साथ कार सवार को दबोचा

**नेपाल ले जाई जा रही थी नकली भारतीय करेंसी, एसएसबी ने घेराबंदी कर पकड़ी कार**

निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। तिकुनियां कोतवाली क्षेत्र में एसएसबी जवानों ने चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से 12 हजार रुपये की नकली भारतीय करेंसी बरामद कर कार सवार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद नकली नोटों और आरोपियों को आगे की कार्रवाई हेतु तिकुनिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।



जानकारी के अनुसार रविवार को खखरौला एसएसबी कैंप के कंपनी कमांडर निखिल राज को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि नेपाल की ओर जा रही एक संदिग्ध होंडा मोबिलियो कार में नकली भारतीय करेंसी ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही एसएसबी जवानों ने चेकपोस्ट पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया।

कार में लगभग आधा दर्जन लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे सिंगाही से नेपाल के टीकापुर जा रहे हैं तथा वाहन किराये पर लिया गया है। तलाशी के दौरान कार में सवार अनुज कुमार के पर्स से 500-500 रुपये के 24 नकली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत 12 हजार रुपये बताई गई। इसके अलावा एक मोबाइल फोन, चांदी जैसी अंगूठी और चांदी जैसा कड़ा भी बरामद किया गया।

पूछताछ में अनुज कुमार ने बताया कि जनवरी 2026 में उसे मोहम्मद रफीक उर्फ बड़कन निवासी वार्ड नंबर 9 कस्बा सिंगाही तथा कमलेश कुमार उर्फ दादा निवासी अयोध्यापुरवा थाना निघासन द्वारा वाहन किराये के रूप में ये नोट दिए गए थे। वह इन नोटों को लेकर नेपाल के कैलाली जिले के टीकापुर चीसापानी जा रहा था। वहीं वाहन चालक आसिफ खान निवासी मोहल्ला काजी हाउस, कस्बा सिंगाही ने बताया कि वह अनुज कुमार को करीब एक वर्ष से जानता है और समय-समय पर उसकी गाड़ी बुकिंग पर चलाता था। चालक ने नकली नोटों की जानकारी होने से इनकार किया है।

एसएसबी ने बरामद नकली करेंसी सहित आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और नकली नोटों के पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। तिकुनिया कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि चार अभियुक्तों – अनुज कुमार निवासी वार्ड नंबर 12, आसिफ खान निवासी वार्ड नंबर 11, मोहम्मद रफीक उर्फ बड़कन निवासी वार्ड नंबर 9 कस्बा सिंगाही तथा कमलेश कुमार उर्फ दादा निवासी अयोध्यापुरवा थाना निघासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मौत के साये में जी रहा जद्दूपिपरा: बांस-बल्ली के सहारे दौड़ रही बिजली, हर पल हादसे का खतरा

महराजगंज। विकास खंड परतावल के ग्राम जद्दूपिपरा में बिजली व्यवस्था की बदहाली ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। गांव में बिजली कनेक्शन तो दे दिए गए हैं, लेकिन आज तक बिजली के पोल नहीं लगाए गए। मजबूरी में ग्रामीण लकड़ी, बांस और बल्लियों के सहारे बिजली के तार टांगकर जीवन यापन कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि गांव के लोग हर दिन मौत के साये में जीने को मजबूर हैं। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी (एसडीओ) से शिकायत कर जल्द बिजली पोल लगवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात के मौसम



में खुले और झूलते तारों में करंट उतरने का खतरा लगातार बना रहता है, जिससे छोटे बच्चों और ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी और तेज हवा चलते ही तार टूट जाते हैं, जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। कई बार तार गिरने से लोग दहशत में रात गुजारने को मजबूर हो जाते हैं। गांव की अनीता देवी ने बताया कि बिजली विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले गांव के एक बच्चे को करंट लगने की घटना भी हो चुकी है, जिसके बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं, जबकि गांव की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। मामले में एसडीओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि गांव का सर्वे कराया जा चुका है और प्रक्रिया पूरी होते ही बिजली पोल लगाने का कार्य शुरू कराया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम चाहिए। इस दौरान ग्रामीण तुलसी, जरावती, ज्ञानती, अनीता सहित बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार अधेड़ सहित युवक गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग इंद्रा वाटिका के सामने कोटार नाथ मार्ग पर सोमवार की सुबह दो बाइको की टक्कर होने से एक बाइक सवार अधेड़ व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला है ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने पैर व सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया है लालगंज थाना क्षेत्र के नरैना कला गांव निवासी 70 वर्षीय केवला प्रसाद अपने साथ पौत्र 22 वर्षीय बैजनाथ के साथ बाइक से गड़बड़ा धाम दर्शन



पूजन के लिए जा रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग इंद्रा वाटिका के कोटार मोड़ पर पहुँचे की दूसरे बाइक से टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को के पैर व सिर में गंभीर चोट आई है।

### एसपी ने बड़बोले इंस्पेक्टर को किया लाइन हाजिर

प्रतापगढ़। पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले महेशगंज प्रभारी निरीक्षक राधे बाबू को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर करते हुए सीओ सदर को जांच सौंपी है।महेशगंज थाना के एसएचओ राधे बाबू पर आरोप है कि उन्होंने फोन पर जातिसूचक अभद्र टिप्पणी किया है। पैदल हो गए इंस्पेक्टर राधे बाबू ने एक प्रकरण में ब्राह्मणों को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी, जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लाईन हाजिर इंस्पेक्टर उत्साह में इलाके के ब्राह्मणों को अनपढ़ कह डाला था, जिसके बाद बड़बोले इंस्पेक्टर का विरोध शुरू हो गया और कार्रवाई की मांग तेज हो गई। एसपी ने रविवार देर शाम तक इंस्पेक्टर को लाईन हाजिर करते हुए अग्रिम विभागीय जांच सीओ सदर को सौंपा है।

### आम के पेड़ से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में सोमवार की शाम आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए निजी स्तर पर लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया है थाना क्षेत्र के सेराज का 13 वर्षीय पुत्र शारुख़ख खान घर से कुछ दूर स्थित आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिर गया जिससे बालक के दाहिने हाँथ में गंभीर चोट लग गई मौके पर पहुँचे बालक के परिजनों ने उपचार के लिए निजी स्तर पर लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बालक के दाहिने हाँथ में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया है बालक के परिजन जिला अस्पताल लेकर चले गए है।

# श्रद्धालुओं ने सुना सोमनाथ मंदिर परिसर प्रभास पाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।

कोटार नाथ मंदिर परिसर में सोमवार को जनप्रतिनिधियों बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, सचिव संदीप कुमार, ग्राम प्रधान विनोद सिंह, श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भक्ति भाव के साथ सुना और देखा। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बन गया और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कोटार नाथ मंदिर, हलिया में किया गया। मंदिर परिसर में स्क्रीन और ऑडियो व्यवस्था के जरिए



सोमनाथ मंदिर के प्रभास पाटन समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया ताकि स्थानीय श्रद्धालु भी दूरस्थ तीर्थ स्थल से जुड़ सकें। लाइव प्रसारण के दौरान महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। सभी ने शांतिपूर्वक बैठकर सोमनाथ मंदिर के अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रम का श्रवण किया। कई श्रद्धालु हाथ जोड़कर भक्ति में लीन नजर आए।सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है और प्रभास पाटन इसका पवित्र क्षेत्र है। कोटार नाथ मंदिर में लाइव प्रसारण के माध्यम से श्रद्धालुओं को सोमनाथ के दर्शन और पूजा का अनुभव प्राप्त हुआ। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण कराया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग आस्था से जुड़ सकें। भक्तों ने प्रसारण के बाद मंदिर में जयकारे लगाए और प्रसाद वितरण में भी हिस्सा लिया।न्याय पंचायत महुगढ़ के सफाईकर्मी मौजूद रहे।

### एसडीएम और सीओ ने किया पैदल मार्च, लोगों को दिया सुरक्षा और शांति का संदेश



हलिया (मिर्ज़ापुर)। क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह और सीओ लालगंज अमर बहादुर ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान पुलिस बल भी साथ रहा और अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च हलिया कस्बे और आसपास के प्रमुख बाजारों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में निकाला गया। इसका उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना था। पैदल मार्च में उप जिलाधिकारी एसडीएम और क्षेत्राधिकारी सीओ के साथ थाना पुलिस के जवान शामिल रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों और राहगीरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।अधिकारियों ने कहा कि किसी भी तरह की अफ़वाह या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पैदल मार्च से स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा दुकानदारों और आम नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर रोक लगेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गश्त और निगरानी का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे।इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल, एसआई केके सिंह, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे मौजूद रहे।